दैनिक लोकमित्र सच्चाई की जंग

वर्ष : 29 | अंक :308
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 8 सितम्बर-2023
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़ ,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच हर क्षेत्र में बढ़ रहा भारत-आसियान सहयोग- प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में अपने शुरुआती वक्तव्य में कहा कि आज की वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी हर क्षेत्र में भारत-आसियान सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है। यह हमारे संबंधों की ताकत और रेसिलियंस का प्रमाण है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारत आसियान शिखर सम्मेलन (जकार्ता) में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अपने शुरुआती वक्तव्य में कहा कि भारत और आसियान का सहयोग चौथे दशक में प्रवेश कर गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि प्रधानमंत्री ने आसियान सहयोगी देशों के नेताओं से विस्तृत विचार-विमर्श किया। इसका उद्देश्य भारत आसियान संबंधों को मजबूती प्रदान करना और सहयोग को भविष्य में किस तरह से आगे बढ़ाया जाए इस पर विचार करना रहा। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर दोहराया कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के केंद्र में है।प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी एशिया की सदी है। ऐसे में आवश्यक है कि कोविड के बाद की दुनिया का निर्माण नियमों पर आधारित हो और मानव कल्याण के लिए सबका प्रयास हो। मुक्त एवं खुले हिंद प्रशांत की प्रगति में और वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करने में हम सबके साझा हित हैं। उन्हें विश्वास है कि हमारी बातचीत से भारत और आसियान क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए नए संकल्प लिए जाएंगे।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान को इतिहास और भूगोल आपस में जोड़ते हैं। साथ ही मूल्य और क्षेत्रीय एकता, शांति, समृद्धि और बहुपक्षीय विश्व में साझा विश्वास भी हमें आपस में जोड़ता है।

# कोलकाता में पकड़े गए आईएसआई एजेंट ने किया खुलासा


## राष्ट्रपति भवन पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की नजर

**कोलकाता, (हि.स.)।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भक्त बंसी झा नाम के जिस आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया था, उससे पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। अब उसने बताया है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की नजर दिल्ली के राष्ट्रपति भवन पर है। इसके साथ ही इंडिया गेट और वॉर मेमोरियल जैसी महत्वपूर्ण जगहों को टारगेट करने की साजिस रची जा रही थी। दिल्ली में मौजूद ये सारे संस्थान सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं और 24 घंटे अति सुरक्षा घेरे में रहते हैं। इसके बावजूद भक्त बंसी के मोबाइल से इनकी तस्वीरें



मिली हैं, जो केंद्रीय एजेंसियों को अचंभित करने वाली हैं।भक्त बंसी के दूसरे सहयोगियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। उसने पूछताछ में बताया है कि दिल्ली में मौजूद सामरिक महत्व की कई इमारतों पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी हमला करवाने की फिराक में है। इसके लिए आतंकी संगठनों को काम पर लगाया जा रहा था। भक्त बंसी को इस बात की जिम्मेदारी दी गई थी कि इन जगहों की पुख्ता तस्वीरें उपलब्ध करवाए।

# आदित्य एल वन ने खींची पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी, इसरो ने साझा की तस्वीरें





**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आदित्य एल 1 द्वारा ली गई कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसरो ने गुरुवार को जानकारी दी है कि सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु के लिए निर्धारित आदित्य-एल1 ने सेल्फी ली है और पृथ्वी और चंद्रमा की खूबसूरत तस्वीरें भी क्लिक की हैं। स्पेस एजेंसी ने तस्वीरें और एक सेल्फी भी एक्स पर साझा की है, जिसे आदित्य-एल1 ने क्लिक किया था।इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, ÷आदित्य-एल1 मिशन÷ दर्शकों, आदित्य-एल1 ने सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु के लिए सेल्फी ली, पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें खींची। उल्लेखनीय है कि आदित्य एल वन अभी पृथ्वी की कक्षा में घूम रहा है। इसके बाद वह सूर्य की ओर अपनी यात्रा शुरू करेगा।

# आईएनडीआईए गठबंधन देश को विनाश के पथ पर ले जाना चाहता है - ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि आईएनडीआईए गठबंधन जिस तरीके से सनातन धर्म पर टीका टिप्पणी कर रहा है, यह अनुचित है। इसकी जितनी भी हम निंदा करें कम है। उनका कहना है कि सनातन धर्म नष्ट हो जाना चाहिए यही है आईएनडीआईए गठबंधन का असली चेहरा है। जिसे मैं मध्य प्रदेश और देश के समक्ष रखना चाहता हूं।ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि आईएनडीआईए गठबंधन 28 दलों का गुट है, जो देश को विनाश के पथ पर ले जाना चाहता है। सनातन धर्म को नष्ट करना चाहता है। भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण को बढ़ावा देना चाहता है। इसका यही असली चेहरा है।

# जापान भी चला चांद की ओर, जाक्सा ने लॉन्च किया मून स्पाइनर

## पिछले माह तीन बार टालने के बाद मिली सफलता



**टोक्यो, (हि.स.)।** भारत के बाद अब जापान भी चांद की ओर चल दिया है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जापान एक्स्प्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने गुरुवार को जापान का बहुप्रतीक्षित मून मिशन 'मून स्नाइपर' लॉन्च किया। पिछले महीने एक सप्ताह के भीतर तीन बार यह मिशन टालने के बाद नाक्सा को चौथी बार लॉन्चिंग में सफलता मिली है।नॉक्सा ने जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-2ए रॉकेट से एक लैंडर भेजा है, जिसके चार से छह महीने में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है। जाक्सा की ओर से जानकारी दी गयी कि लॉन्च के 13 मिनट बाद रॉकेट ने एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया, जो आकाशगंगाओं के बीच स्थित चीजों की गति और संरचना को मापेगा। इससे मिली जानकारी यह अध्ययन करने में मदद करेगी कि आकाशीय पिंडों का निर्माण कैसे हुआ। साथ ही उम्मीद है कि ब्रह्मांड का निर्माण कैसे हुआ, इस रहस्य को सुलझाने में भी मदद मिल सकती है।राइस स्पेस इंस्टीट्यूट के निदेशक डेविड अलेक्जेंडर ने कहा कि यह मिशन गर्म प्लाज्मा या ब्रह्मांड के अधिकांश हिस्से को बनाने वाले अत्यधिक गर्म पदार्थ के गुणों के बारे में जानकारी देने के लिए महत्वपूर्ण है। प्लाज्मा का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, जिसमें घावों को ठीक करना, कंप्यूटर चिप्स बनाना और पर्यावरण को साफ करना शामिल है।

# जी- 20 में भारत के हितों पर भी हो चर्चा - प्रमोद तिवारी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जी-20 सम्मेलन में भारतीय हितों पर भी चर्चा होनी चाहिए।तिवारी ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि जी-20 के लिए वह शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पहल की शुरुआत पूर्व के प्रधानमंत्रियों ने की थी। जिसका सुखद परिणाम हमारे सामने है।उन्होंने कहा कि जी-20 के आयोजन का जिम्मा इस बार भारत के पास है। इसलिए हम इसे आयोजित कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हम बिना अपनी बारी आए यह आयोजन करवा रहे हैं।उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 8 से 10 सितंबर के बीच जी-20 देशों की बैठक होनी है। इस बैठक में दुनिया के 20 ताकतवर देशों के नेता शामिल होंगे। जी-20 को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है और राष्ट्रीय राजधानी को भव्य तरीके से सजाया गया है।

# हिन्दू धर्म नहीं, बल्कि जातिगत भेदभाव जैसी सनातन प्रथाओं के खिलाफ हूं - उदयनिधि



**आंध्र प्रदेश (हि.स.)।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेता उदयनिधि स्टालिन ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह हिंदू धर्म के खिलाफ नहीं, बल्कि जातिगत भेदभाव जैसी सनातन प्रथाओं के खिलाफ हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद के उद्घाटन में आमंत्रित नहीं किया जाना इसका सबसे ज्वलंत और तात्कालिक उदाहरण बताया।उदयनिधि ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया। यह दिल को दुखाने वाला मामला है। उनसे माफी मांगने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे बिल्कुल अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगेंगे। वे अपने वैचारिक सिद्धांतों और बोले गए हर शब्द पर कायम हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अपनी बात बार-बार दोहराएंगे। साथ ही स्पष्ट किया कि उनके कथन में सभी धर्मों को शामिल किया है, न कि केवल हिंदुओं को। उन्होंने जातिगत मतभेदों की निंदा की है न कि धर्मों की बातें कहीं है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे दयानिधि स्टालिन ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि सनातन धर्म का न केवल विरोध किया जाना चाहिए, बल्कि उसका उन्मूलन किया जाना चाहिए।उनके इस बयान की शनिवार से ही आलोचना हो रही है। भाजपा के तमाम नेताओं ने माफी की मांग भी की है।

## सनातन धर्म पर बेटे उदयनिधि के विवादित बयान पर एमके स्टालिन ने दी सफाई

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए विवादित बयान पर राजनीतिक बयानबाजी जोरों पर है। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गुरुवार को एक्स पर पत्र साझा करते हुए बेटे के बयान पर सफाई दी है।उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थक ताकतें दमनकारी सिद्धांतों के खिलाफ उनके रुख को बर्दाश्त करने में असमर्थ हैं। उन्होंने एक झूठी कहानी फैलाई है, जिसमें आरोप लगाया गया है, ÷उदयनिधि ने सनातन विचारों वाले लोगों के नरसंहार का आह्वान किया था जबकि ऐसा नहीं है।एमके स्टालिन ने कहा, ÷उदयनिधि ने सनातन सिद्धांतों पर अपने विचार व्यक्त किए, जो अनुसूचित जाति, जनजातियों और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करते हैं, उनका किसी भी धर्म या धार्मिक मान्यताओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। उदयनिधि के बयान का राजनीतिक लाभ उठाने के लिए अपने व्याख्यान दे दिए गए, जो गलत है।इससे पहले तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया है, वो किसी भी धर्म के दुश्मन नहीं हैं।

# भारत के लिए गौरव का विषय है जी-20 की अध्यक्षता-तोमर

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत के लिए जी-20 का आयोजन गौरव की बात है। इस आयोजन से देश में खुशी की लहर है। हम सभी भारतवासी जी-20 के नेताओं का स्वागत करते हैं।तोमर ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि जी-20 की अध्यक्षता हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है। हमारे देश की साख दुनिया में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वह जी-20 समारोह में आने वाले सभी नेताओं का स्वागत करते हैं।उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 8 से 10 सितंबर के बीच जी-20 देशों की बैठक होनी है। इस बैठक में दुनिया के 20 ताकतवर देशों के नेता शामिल होंगे। जी-20 को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है और राष्ट्रीय राजधानी को भव्य तरीके से सजाया गया है।

# जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान मौसम की सटीक जानकारी के लिए तैयार किया गया वेबपेज, बारिश के आसार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने जा रहे जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए विशेष रूप से एक वेबपेज तैयार किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली के नौ स्थानों की मौसम की जानकारी इस पेज पर साझा करेगा। इसके साथ मौसम विभाग ने 9 और 10 सितंबर को हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 7 सितबंर यानी आज अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। आज दिन में बादल छाए रह सकते हैं।आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन ने गुरुवार को बताया कि विभाग 7 से 10 सितंबर तक दिल्ली के लिए विस्तृत मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इसके लिए एक अलग वेबपेज भी बनाया गया है। इस




वेबपेज में दिल्ली के 9 स्थानों के लिए विस्तृत मौसम पूर्वानुमान दर्शाया गया है।
इनमें आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन,चांदनी चौक, अक्षरधाम मंदिर, बहाई मंदिर, कुतुब मीनार, राजघाट, लालकिला, दिल्ली विश्वविद्यालय और लोधी रोड शामिल हैं।उन्होंने बताया कि दिल्ली में इन स्थानों पर जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों के सबसे अधिक आने की उम्मीद है। वेबपेज पर आर्द्रता, तापमान, हवा की गति और हवा की दिशा सहित वर्तमान मौसम की स्थिति के बारे में जानकारी होगी। यह पूर्वानुमान तीन घंटे के लिए वैध होगा।

# उदयनिधि के बाद डीएमके नेता ए राजा ने सनातन की तुलना एचआईवी से की, बताया धर्म को सामाजिक बीमारी

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** तमिलनाडु की सत्तारुढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए बयान पर बवाल अब तक ठंडा भी नहीं हुआ है कि नया बवाल उठ गया है। सनातन धर्म पर अब एक और नेता ने हेट स्पीच दे दी है। उदयनिधि स्टालिन के बाद अब डीएमके के नेता ए राजा ने सनातन धर्म का अपमान किया है।ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना एचआईवी से की है। एक बयान में ए राजा ने कहा कि %सनातन धर्म सामाजिक बीमारी है। यह कुष्ठ रोग और एचआईवी से भी ज्यादा घातक है।% गौरतलब है कि इससे पहले दो सितंबर को डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही थी, जिसके बाद उनके बयान पर काफी बवाल हुआ था। इस बयान की देश भर में आलोचना की गई है। इस बयान के बाद बीजेपी नेता अमिल मालवीय ने भी ट्वीट कर उनके बयानों की निंदा की थी।बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय अब



डीएमके सांसद ए राजा हिंदू धर्म को सामाजिक बुराई बता रहे हैं, ये उस धर्म के बारे में बोल रहे हैं जिस धर्म को इस देश की 80 प्रतिशत आबादी मानती है। यह कुछ और नहीं बल्कि एक धर्म के खिलाफ विशुद्ध हेट स्पीच है। कांग्रेस के ढ्ढ.ह्र.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन का यही असली चरित्र है। उनका मानना है कि हिंदू धर्म और उसको मानने वालों का अपमान करके वह चुनाव जीत सकते हैं।डीएमके नेता द्वारा की गई टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट में वकील चिराग अनेजा ने इस मामले पर शिकायत दर्ज कराई है। दिल्ली पुलिस से शिकायत दर्ज करा दी है। शिकायत में चिराग ने कहा कि ए राजा ने जानबूझकर सनातन धर्म को एचआईवी और कोढ़ से तुलना की है। चिराग अनेजा ने कहा कि ये हेट स्पीच है। वो सीधे तौर पर धार्मिक और मार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे है। इस तरह के बयान लोगों की भावनाओं को भड़का सकते है। ये सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ सकता है। शिकायतकर्ता ने गुहार लगाई है कि इस मामले में जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाए।

# मुख्तार अंसारी को बांदा जेल में हत्या का सता रहा डर

## कोर्ट से सुरक्षा की लगाई गुहार

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** माफिया मुख्तास अंसारी को अपनी हत्या का डर सता रहा है। बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी को लग रहा है कि जेल में बंद रहते हुए ही उसकी हत्या की जा सकती है। ये जानकारी तब सामने आई जब माफिया की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेशी हुई है। माफिया मुख्तार अंसारी की विशेष न्यायाधीश दिनेश चौरसिया की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। ये पेशी तीन मामलों में हुई है।पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने आशंका जताई की जेल में उसकी हत्या की जा सकती है। ऐसे में उसने कोर्ट से गुहार लगाई है कि जेल में सुरक्षा के इंतजाम किए है। इसके साथ ही उसने सोनभद्र से ट्रांसफर होकर बांदा जेल में आए एक सिपाही से खुद को खतरा बताया है।

### जेल प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप



पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने जेल प्रशासन पर ही गंभीर आरोप लगाए है। आरोप लगाया है कि जेल प्रशासन उससे मिलकर उसकी हत्या करवा सकता है। अपनी जान को खतरा देखते हुए उसने कोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाई है। बता दें कि मुख्तार अंसारी अब भी माफिया अतीक अहमद की हत्या के सदमे में है।

### सामने आई बड़ी जानकारी

बता दें कि मुख्तार अंसारी ने बैजनाथ महाविद्यालय, सरवां को विधायक निधि से लाखों रुपये दिए थे। जांच में विद्यालय की खतौनी फर्जी पाई गई। इस मामले में मुख्तार अंसारी सहित विद्यालय के प्रबंधक समेत छह लोगों को को आरोपित बनाया गया। उसपर कई अन्य मामले भी दर्ज है।बता दें कि एमपी एमएलए की विशेष अदालत के सिविल जज सीनियर डिविजन श्वेता चौधरी की अदालत में मुख्तार अंसारी की पेशी बुधवार को नहीं हो सकी। इसके पीछे कारण बताया गया कि लिंक नहीं जुड़ने के कारण ये पेशी नहीं हुई है। ये पेशी दक्षिणटोला के शस्त्र लाइसेंस व सरायलखंसी के विधायक निधि मामले में होनी थी। लिंक नहीं मिलने से पेशी नहीं हो सकी।

# छेड़छाड़ की शिकार नाबालिगा के थाने में कपड़े उतरवाए, फोटो खींचे, पीड़िता कोमा में

**कानपुर (आरएनएस)।** कानपुर पुलिस विभाग अपने किए गए कामों की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहता है। वर्दी को कलंकित करना इनके लिए लगता है कोई बड़ी बात नहीं रह गई है। इसी कानपुर पुलिस का एक और शर्मनाक कारनामा सामने आया है। अब साढ़ थाना पुलिस पर आरोप है कि उन्होंने एक नाबालिग पीड़िता की सलवार उतरवा कर फोटो ग्राफी की है। पुलिस ने यह सब आरोपी युवक के सामने किया है। इसके बाद नाबालिग पर आरोपी से शादी का दबाव भी बनाया गया। ये गंभीर आरोप एक नाबालिग के पिता ने पुलिस पर लगाए हैं। दरअसल नाबालिग के पिता ने घाटमपुर इलाके के थाना साढ़ में एक युवक पर उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने और अश्लील हरकते करने के मामले में शिकायत दर्ज कराई थी।पुलिस ने 3 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नाबालिग को पूछताछ के लिए थाने बुलाया, इस दौरान लेडी कॉस्टेबल आरोपी के सामने ही उससे पूछताछ करके उसके कपड़े उतरवा देती हैं। पिता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी बेटी की आपत्तिजनक फोटोज भी पुलिस ने क्लिक की है।

## चकल्लस



**एक दल छोड़ दूजे मे जाओ बहुत बड़ा बल लगता है**
**सदविचार आ जाते हैं पिछला सब दल दल लगता है**
**लगता जाने वाले दल के बर्षो से कायल हैं वो**
**सारे दल कीचड़ दिखते हैं वो तो गंगा जल लगता है ।**

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

# डॉ. एसएम सिंह बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित

## आगरा में आयोजित थी दो दिवसीय होम्योपैथीी कांफ्रेंस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आगरा में आयोजित होम्योपैथी कांफ्रेंस में शहर के जाने माने होम्योपैथी चिकित्सक डॉ.(प्रोफेसर) एस.एम, सिंह को बेस्ट टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान आगरा की मेयर हेमलता दिनकर ने प्रदान किया।
दो दिवसीय नौवीं होम्योपैथी नेशनल कांफ्रेंस 202× में बाल पद्धति (हेयर टेक्नीकि) से होम्योपैथी दवा से ठीक हुए मरीजों की केस स्टडी प्रस्तुत की गई। हैनीमैन एजुकेशनश् डेवलपमेंट सोसाइटी, इंडियन सोसायटी ऑफ होम्योपैथी और लंदन कालेज ऑफ होम्योपैथी ने इसमें प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार




कल्याण रा'यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि जहां एलोपैथी समाप्त होती है वहां होम्योपैथी शुरू होती है। होम्योपैथी में मर्ज का पूरा इलाज किया जाता है। इंडियन सोसाइटी ऑफ होम्योपैथीके राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आदित्य पारीक ने बताया कि पहले सत्र में होम्योपैथी से अवसाद के इलाज पर डॉ. मोनिका श्रीवास्तव सामाजिक चिंता विकार और उपचार के रूप में होम्योपैथी पर डॉ. जयिता चौधरी ने ता भारत में होम्योपैथी शिक्षा पर डॉ. तारकेश्वर जैन ने व्या यान किया। इसी क्रम में चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। प्रयागराज के चिकित्सक डॉ. (प्रोफेसर) एस.एम, सिंह को बेस्ट टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रयागराज के चिकित्सक को यह स मान मिलने से पूरा जनपद गौरवान्वित है। अनेक चिकित्सकों को और शिक्षकों ने उनको बधाई दी है।

# नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली गई




**नैनी(प्रयागराज)।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम द्वारा आयोजित नेत्रदान जागरुकता पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर) मनाया जा रहा है
इसी क्रम में प्रयाग उत्तर के नैनी काटन मिल चौराहा से सब्जी मंडी तक नेत्रदान जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें प्रयाग दत्त जी, राजेश जी, नीरज जी विनोद जी, सत्येंद्र जी डॉ, अचिन्त्या जी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे.।

# बालिका जिला कुश्ती में करछना तहसील का दबदबा

**कौंधियारा (प्रयागराज)।** बुधवार को रमा देवी इंटर कॉलेज मीरापुर प्रयागराज में बालिका जिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का उद्घाटन लोकमनी इंटर कॉलेज कोराव के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।कुश्ती का प्रारम्भ खेल प्रशिक्षक राजेंद्र पाण्डेय ने छात्राओं से हाथ मिलाकर कराया जिसमें श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा करछना की छात्रा रश्मि यादव ने नगर दक्षिणी की छात्रा रुखसार को 8-0 से एवं अंशिका पांडे ने नगर दक्षिणी की छात्रा रजनी को 5-0 से,श्रृंगी ऋषि घटवा की छात्रा स्वेच्छा त्रिपाठी ने नगर दक्षिणी की छात्रा सिमरन को 10-0 से पराजित किया,इसके अतिरिक्त श्रृंगी ऋषि की छात्रा लवली कुमारी,रमा देवी इण्टर कॉलेज मीरापुर की हिमांशी



जायसवाल एवं हिना परवीन का,गांधी इण्टर कॉलेज झूंसी की पायल यादव का भी चयन मंडल स्तरीय कुश्ती के लिए हुआ।वही दूसरी ओर बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन गांधी इण्टर कॉलेज पटेलनगर झूंसी में हुआ,जिसमे श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा करछना के छात्र अवनीश गौतम एवं रुद्राक्ष द्विवेदी का एवं श्रृंगी ऋषि इण्टर कॉलेज के मनेंद्र कुमार पटेल का चयन मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ।उक्त कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक बुलंद प्रताप राय, राजेंद्र प्रसाद पांडे,अनुज प्रजापति,अखिलेश शुक्ल,मुकेश सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा,अलका अरोरा,खेल प्रशिक्षक प्रतिभा यादव सहित जिले के अन्य खेल प्रशिक्षक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से भिड़ी, युवक की मौत

**जारी/घूरपुर (प्रयागराज)।** तहसील क्षेत्र के घूरपुर थाना अंतर्गत बादलगंज के पास बुधवार की देर रात शहर से घर वापस जा रहे युवक की डिवाइडर से टकराकर मौत हो गई। वहीं उसके साथ बाइक पर बैठा उसका साथी बाल-बाल बच गया। कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार निवासी महेंद्र केसरवानी उर्फ मोनू (35) पुत्र स्वर्गीय नंद कुमार केसरवानी अपने साथी जितेंद्र वर्मा उर्फ पप्पू पुत्र भगवती वर्मा के साथ इलेक्ट्रॉनिक का सामान लेने शहर गया था। रात में वापस लौटते समय बादलगंज के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। मौके पर ही महेंद्र केसरवानी की मौत हो गई। वहीं उसके साथ बाइक पर बैठा दूसरा युवक छिटकर दूर गिर गया। जिससे वह मामूली रूप




से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की जारी बाजार में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। युवक दो बच्चों का पिता है। एक बेटा, एक बेटी है। पत्नी नीलम का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रदेश अध्यक्ष का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत

## प्रधानमंत्री की गलत नीतियों की वजह से देश आर्थिक तंगी की ओर- अजय राय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सोरांव के सरसा हाइवे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के प्रयागराज आगमन पर एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद के नेतृत्व में हाफिज व मौलाना के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री की गलत नीतियों के कारण देश आर्थिक तंगी की ओर बढ़ रहा है। भाजपा सरकार के झूठे आश्वासनों से देश का किसान, युवा, व्यापारी अपने आप को छला महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती हुई महंगाई युवा बेरोजगारी के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकार जिम्मेदार है। भाजपा एक तरफ धर्म के आधार पर देश को बांटना चाह रही है जबकि दूसरी और भाईचारा कायम रखने के लिए तथा देश में सौहार्द वातावरण



बनाए रखने के लिए राहुल गांधी ने 4000 किलोमीटर की पदयात्रा की। एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि राहुल गांधी एक निडर नेता हैं जो भारत को एकजुट रखने के लिए अटूट प्रतिबद्धता रखते हैं। डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई के कारणों पर न तो गौर कर रही है न ही कम करने का कोई ठोस प्रयास कर रही है। सरसों के तेल व टमाटर में बेतहाशा वृद्धि से गरीब की थाली से टमाटर गायब है। रश्मिता दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार में रसोई गैस व पेट्रोल के दामों में बेतहाशा वृद्धि से जनता परेशान है उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है महिलाएं सुरक्षित नहीं है अपराधी बेखौफ। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राघवेन्द्र सिंह, सुरेश यादव, मौलाना अब्दुल कादिर, रश्मिता दुबे, हाफिज अब्दुल रहमान, महेंद्र दुबे, हाफिज मोहम्मद अकरम,ज्ञान दास गौतम, मोहम्मद वसीम,कल्लन पाण्डेय, मोहम्मद नसीम,लक्ष्मी देवी, संगीता देवी, मीना देवी, दुर्गा देवी,मंगलम गौतम, निर्मला देवी,संजू देवी, सीता देवी, अनमोल गौतम,राज गौतम,मोहम्मद इब्राहिम, विनोद विश्वकर्मा,तनवीर आलम,शमशुल कमर,दीप चन्द्र,मोहम्मद जहीर,रविंद्र गौतम, महबूब आलम राईन,मोहम्मद इजलान,मोहम्मद मोनू,मोहम्मद कलीम,समाज सेवी सद्दाम हुसैन, मोहम्मद रउफ,बच्चा चौरसिया,पूर्व महासचिव शिशिर गौतम,मोहम्मद फारुक, सुशील कुमार, बृजेन्द्र सिंह,अमन दुबे,विष्णु कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# नैनी में मनाया गया कृष्ण जमोत्सव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज )।** नैनी एवम आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को धूमधाम से खूबसूरत झांकी और भक्ति मय भजन संगीत कार्यक्रमों के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। नैनी स्थित मंदिरों में स्थानीय लोगों ने पूजा पाठ और गीत संगीत के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। मंदिरों में सुबह से शाम तक लोग भक्ति गीत संगीत के साथ नाचते-गाते रहे । क्षेत्र में एडीए कालोनी स्थित श्री संकट मोचन प्राचीन मंदिर दूरवानी नगर श्री संकट मोचन मानस समिति के तत्वाधान में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जबकि कुछ जगहों पर बुधवार को भी जन्माष्टमी मनाई गई। इस मौके पर समिति के कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार गुप्ता,शिवराज सिंह,गोविंद सिंह चौहान, नारायण प्रतिहारी, कुलदीप चौहान, मथुरा प्रसाद, सुरेंद्र



अग्रहरी, सुरेश सोनी, नवीन कुमार श्रीवास्तव, राजेश्वर यादव, डब्लू शर्मा, बजरंगी मिश्र की अहम भूमिका रही। इसके साथ ही पीएसी कालोनी में भव्य मेले का आयोजन सदैव की भांति किया गया। पंचमुखी मंदिर में भी जन्माष्टमी सजाई गई। इसके साथ लोगों ने अपने घरों झांकी सजाई और सुंदर काण्ड पाठ एवम भजन पूजन व रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्म हुआ।

# सत्यम शर्मा के माता को मिला एक लाख की सहायता राशि

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** खीरी के पूरादत्तु निवासी मृतक सत्यम शर्मा के हत्या के बाद पिडित परिवार के घर पहुंच कर पूर्व राज्यसभा सांसद रेवती रमण सिंह ने एक लाख सहायता देने की बात कही थी । आज उसी क्रम में समाजवादी पार्टी के क्षेत्रीय नेताओं द्वारा मृतक की माता को एक लाख कैश देकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए कूंवर साहब के प्रतिनिधि के रूप में लल्लन सिंह ने कहा कि हम समाजवादी लोग जाती धर्म मजहब से ऊपर उठकर पीड़ित परिवार के सुख दुख में शामिल होने का सदैव कार्य करता रहूंगा । पीड़ित परिवार की मदद करना ही हम मानव का धर्म है । वही कोराव विधानसभा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव



मदद करने का विश्वास दिलाते हुए कहा कि नफरत फैलाने वालों को समाजवादियों से सबक लेना चाहिए । कि आज इस दुखद घटना में राजनीति न करते हुए पीड़ित परिवार को आज हम लोगों की मदद की जरूरत है प्रमोद मिश्रा पयासी रामदेव निडर के साथ पूर्व नगर अध्यक्ष सिरसा पप्पू यादव ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर शोक सम्बेदना प्रकट की साथ में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य देशराज सिंह दिलावर सिंह भागीरथी केसरी लेडियारी प्रधान रवि सिंह सिटू तिवारी के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# घर पर चढ़कर मारपीट

## घटना का कारण जमीनी विवाद बता रहे हैं भुक्तभोगी

**दबंगई**

### ☞ पुलिस पर तहरीर बदलवाने का लगाया आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हनुमानगंज,प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कटियारी चकिया गाँव में दबंगों ने पडोसी के घर पर चढ़कर मारपीट की, जिसमें माता, पिता और भाई बहन चोटहिल हो गये। पुलिस पर तहरीर बदलवाकर मुकदमा दर्ज कराने का आरोप भी भुक्तभोगी लगा रहे हैं। सरायइनायत थाना क्षेत्र के कटियारी चकिया गाँव के कमल सिंह उदयभान का पुत्र हैं उसने थाने में तहरीर देकर गाँव के ही अनिल कुमार, राजेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, अभिमन्यु , अंकित सहित तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज तो किया किन्तु आरोप हैं कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने से पूर्व पुलिस ने तहरीर बदलवा दिया। मामले में अभी तक पुलिस ने कोई गिरफ्तारी नहीं की। परिजनों का कहना हैं कि आरोपी भुक्तभोगी की जमीन कब्जा करना चाहते हैं और जमीन का बैनामा करने का दबाव बना रहे हैं।

# शहीदाने कर्बला का चेहल्लुम मनाया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर,प्रयागराज।** मोहर्रम में मैदाने कर्बला में हक व बातिल के बीच हुई जंग में इमाम हुसैन सहित 71 जां निशां ने दीन मोहम्मद की हिफाजत हेतु अपनी जाने गवाही। तत्कालिक बादशाह यजीद हुसैनी घराने को अपनी बैयत कराना चाहता था परंतु इमाम हुसैन अपने अनुयायियों के साथ सदैव इनकार करते हुए अंत में नवी मोहर्रम को यजीदी फौज से इकहत्तर हुसैनी जां निशानों की जंग मैदान ए कर्बला में हुई जिसमें सभी हुसैनी शहीद कर दिए गए। जिनका चालीसवा 10वीं मोहर्रम के बाद 40 दिन पर मनाया जाता है जगह-जगह ताजिया निकाली जाती है और मोहल्ले में गस्त करते हुए कर्बला ले जाते है। और यहां पुरनम आंखों



से हकीकत के फूलों को ताजिया से निकाल कर दफन किया जाता है और सभी शहीदों के हक में दुआएं की जाती है। फूलपुर का ऐतिहासिक ताजिया तमाम निर्धारित मोहल्ले में घूमते हुए कर्बला में सूर्यास्त के समय कमेटी के अध्यक्ष सैयद बलागत हुसैन के अध्यक्षता में दफन की गई। इस मौके पर मोहम्मद शागिर, इरफान जैदी, हैदर अब्बास, सैयद बदरूल हसन जैदी, मो सत्तार, मो अशरफ आदिल, आदि लोग मौजूद रहे।

# सुबह से देर रात तक भक्ति गीत पर थिरकते रहें लोग

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** क्षेत्र में गुरुवार को धूमधाम से झांकी और भक्ति मय संगीत के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया । गांवों में स्थित मंदिरों में स्थानीय लोगों ने पूजा पाठ और गीत संगीत के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया । मंदिरों में सुबह से शाम तक लोग भक्ति गीत संगीत के साथ नाचते-गाते रहे । क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर में जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया ।

शिव मंदिर परिसर में ग्राम प्रधान शंकर दयाल तिवारी के नेतृत्व में लोगो ने उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया । इस दौरान ग्राम प्रधान शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा ने पूजा पाठ के बाद लोगों को प्रसाद वितरण कराया । भक्ति मय संगीत के साथ मन मोहक तथा कृष्ण झांकियां भी निकाली गई । लेड़ियारी में कीर्तन और सास्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम । रतेवरा, करपिया, देईबांध , लालतारा आदि स्थानों पर शिव और हनुमान मंदिर पर दोपहर तीन बजे से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए । कुछ स्थानों पर डीजे, ढोल, नगाड़े के साथ पटाखों के आवाज गूंजा भगवान के जन्मोत्सव होते ही महिलाएं सोहर गीत प्रस्तुत किए ।जबकि कुछ जगहों पर बुधवार को जन्माष्टमी मनाई गई । वहीं लेड़ियारी बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को धूमधाम से झांकी और भक्ति मय संगीत के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही । कार्यक्रम के अध्यक्ष नीरज कुमार केशरवानी, सूरज केशरी, रमेश चन्द्र केशरी, तुंगनाथ केशरी, विशाल केशरी , राहुल केशरी , बद्री प्रसाद केशरी, अंकुर केशरी, धर्मेन्द्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

# कांग्रेसियों ने किया प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया,प्रयागराज।** गुरुवार को सोरांव के सरसा हाइवे पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के प्रयागराज प्रथम आगमन पर एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद के नेतृत्व में हाफिज व मौलाना के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री अपने गलत नीतियों के वजह देश को आर्थिक तंगी की ओर ले गए हैं भाजपा की गलत नीतिगत व्यवस्थाएं देश की जनता के साथ झूठे आश्वासनों से देश का किसान, युवा, व्यापारी अपने आप को छला महसूस कर रहा है उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती हुई महंगाई युवा बेरोजगारी के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकार जिम्मेदार है खाबरी ने कहा कि एक तरफ धर्म के आधार पर भाजपा देश को बांटना चाह रही है तो दूसरी और भाईचारा कायम रखने के लिए तथा देश में सौहार्द वातावरण बनाए रखने के लिए राहुल गांधी ने




4000 किलोमीटर की पदयात्रा की। एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि राहुल गांधी एक निडर नेता है जो भारत को एकजुट रखने के लिए अटूट प्रतिबद्धता रखते हैं डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई के कारणों पर न तो गौर कर रही है न ही कम करने का कोई ठोस प्रयास कर रही है सरसों के तेल व टमाटर में बेतहाशा वृद्धि से गरीब की थाली से टमाटर गायब है रश्मिता दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार में रसोई गैस व पेट्रोल के दामों में बेतहाशा वृद्धि से जनता परेशान है उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है महिलाएं सुरक्षित नहीं है अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं
इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राघवेन्द्र सिंह, सुरेश यादव, मौलाना अब्दुल कादिर, रश्मिता दुबे, हाफिज अब्दुल रहमान, महेंद्र दुबे, हाफिज मोहम्मद अकरम, ज्ञान दास गौतम, मोहम्मद वसीम, कल्लन पाण्डेय, मोहम्मद नसीम, लक्ष्मी देवी, संगीता देवी, मीना देवी, दुर्गा देवी, मंगलम गौतम, निर्मला देवी, संजू देवी, सीता देवी, अनमोल गौतम, राज गौतम, मोहम्मद इब्राहिम, विनोद विश्वकर्मा, तनवीर आलम, शमशुल कमर, दीप चन्द्र, मोहम्मद जहीर, रविंद्र गौतम, महबूब आलम राईन, मोहम्मद इजलान, मोहम्मद मोनू, मोहम्मद कलीम, समाज सेवी सद्दाम हुसैन, मोहम्मद रउफ, बच्चा चौरसिया, पूर्व महासचिव शिशिर गौतम, मोहम्मद फारुक, सुशील कुमार, बृजेन्द्र सिंह, अमन दुबे व विष्णु कुमारआदि लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कौशांबी जाते समय कुरगाँव हाईवे पर सुरेश चंद यादव जिलाध्यक्ष गंगापार के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रत्याशी मनोज पासी, गिरधारीलाल गौतम व हुबलाल सरोज समेत काफी कार्यकर्ता रहे।

# नवाबगंज पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**नवाबगंज,प्रयागराज।** थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0 (जे0डी0) कक्ष सं0 07 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बंधित मु0नं0-199/11 धारा-323/504/427 भा0द0सं0 से सम्बंधित वारण्टी मंजूर हसन पुत्र अब्दुल हसन निवासी ग्राम खानशाह का पूरा मौजा श्रृंगवेरपुर थाना नवाबगंज को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डेरवा के पास से गिरफ्तार लिया।

# सावन तरसा, भादौ बरसा, रात से हुई झमाझम बारिश



**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** कहते हैं सावन से भादौ दूबर नहीं होता । यह कहावत बुधवार को चरितार्थ होते दिखी । आषाढ़ के बाद सावन भी बरसाने को तरसता रहा । बीच-बीच में बादल बरसे जरूर लेकिन सावन में जैसे उम्मीद थी । वैसी वर्षा नहीं हो सकी । बुधवार को भादौ ने दस्तक दी और आते ही झमाझन बरसा । मौसम की इस करवट से लोगों को उमसभरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिल गई । बुधवार को छह दिन सावन की विदाई के बाद भादौ ने दस्तक दी । छह बजे तक आसमान बादलों से घिर गया शाम सात बजे बूंदाबांदी भी शुरू हो गई । इसके बाद वर्षा तो बंद हो गई । लेकिन आसमान बादलों से ढका रहा । शाम आठ बजे के करीब बादल झमाझम बरसे । इसके बाद भी बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा । मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया है । आर्द्रता के 80 प्रतिशत से ऊपर रहने के कारण अगले दो दिनों में जमकर वर्षा होगी । गुरूवार को दो बजे से बादल छाये हुए हैं । और कई चरणों में कभी तेज तो कभी धीमी वर्षा हो सकती हैं ।

# उतराव थाना परिसर में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव ,प्रयागराज।** उतराव थाना परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी कृष्ण जन्म उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।क्षेत्र के लोग पहुंचकर जन्म उत्सव में शामिल हुए। भक्त लोग भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन कर झांकी का आनन्द उठाये। साथ साथ जागरण कार्यक्रम में भक्ति भजन भी सुने। जय श्रीकृष्ण के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजयमान हो गया। उतराव थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी व समस्त स्टाप



ने आये हुए सभी क्षेत्रवासियो का आभार जताते हुए जलपान कराकर भगवान श्री कृष्ण का प्रसाद भी ग्रहण कराया।

# बंधवा ताहीरपुर झूंसी स्थित संगोष्ठी का शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ,प्रयागराज।** बंधवा ताहीरपुर झूंसी स्थित माता कलावती कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के ऑडिटोरियम में राजेश तिवारी पुनर्वास केंद्र एवं संस्थान की भारतीय पुनर्वास परिषद भारत सरकार द्वारा अनुमोदित तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम माता-पिता शिशु कार्यक्रम और माता का प्रशिक्षण का शुभारंभ भोपाल के शिक्षाविद संज्ञा तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रथम शिक्षक माता होती हैं और शिशू की शिक्षा व स्वास्थ्य की देखभाल भी करती हैं इस मौके पर



उन्होंने अपने अनुभव को भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्वांचल खादी ग्रामोद्योग विकास समिति के अध्यक्ष गोपेश तिवारी ने किया। श्री तिवारी ने बताया कि भारत सरकार की तरफ से हर वर्ष की तरह पुन- सतत पुनर्वास कार्यक्रम 7, 8, 9 तारीख को संस्थान में चलाने की अनुमति दी गई। जिसमें विभिन्न प्रांतो से आए अनुभवी प्रशिक्षुक कार्यशाला में प्रशिक्षण लेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए श्री तिवारी ने कहा कि संस्था विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सेवा और सहायता के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में दिव्यांगजन बच्चे तथा विभिन्न प्रांतो से आए प्रशिक्षुक एवं संस्थान से प्रज्ञा, अक्षत, दीपक त्रिपाठी, श्वेता, सूरज, पूनम, भोलानाथ मिश्र, बेबी, पी के सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अकीदतो एहतराम के साथ दफनाये गये चेहललुम पर ताजिये

## अकीदतो एहतराम के साथ दफनाये गये चेहललुम पर ताजिये



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशामबी।** करबला के शहीदों का चेहललुम अकीदतो ऐहतराम के साथ मनाय गया। अजाखानों से हाय हुसैन की सदायें माहौल को गमगीन कर रही थीं। सुबह से शुरू हुआ मजलिसो मातम का सिलसिला देर शाम करबला मे ताजिये दफ्न कर समाप्त किया गया।

गुरुवार को जिले में इमाम हुसैन का चेहललुम अजादारों ने अकीदतो ऐहतराम के साथ मनाया। जिले के मंझनपुर,करारी,सिराथू, दारानगर,कडा,भरवारी,भैला मखदूमपुर और मुसतफाबाद आदि जगहों पर सुबह से ही अजादार काले कपड़े पहन मातम कर इमाम हुसैन की शहादत को याद कर आंसू बहाते रहे। नगर पंचायत करारी मे भी सुबह से शुरू हुआ मजलिसो मातम का सिलसिला देर शाम तक चला। सुबह नौ बजे हजरतगंज वार्ड स्थित मौलवी रौशन अली के इमामबाडे मे मजलिस आयोजित आयोजित की गई इसे मौलाना शहाब सलमान रिजवी ने पढी। दोपहर एक बजे चौधरी कादिर अली मरहूम के इमामबाडे मे मजलिस हुई। इसके बाद जुलूस बरामद हुआ। इस मौके पर मशहूर मरसिया पढ़ा गया। रौशन करारवी,आफाक,तसवीर,डाकटर शाहिद और एसएम महदी ने पढ़ा--मां जाई है जैनब दुख पाई है जैनब, ऐ लाशाये बेसर तेरा सर लाई है जैनब। जालिम ने छडी मारी लबों पर जो तुम्हारी,खामेश खड़ी गैज से थरराई है जैनब। नवजवान मातम करते करबला की तरफ चले। उसके बाद हमूद अहमद ने नौहा पढ़ा- उठती है आज मययते सुलताने करबला- होता है दफ्न शाहे शहीदाने करबला। इस नौहे पर अजादारों ने मातम कर अपने इमाम का गम मनाया।

वहीं अंसारगंज से भी एक जुलूस निकाला गया। जुलूस मे मौजूद नवजवान मातम करते करबला पहुंचे जहां अकीदत के साथ नम आखों से ताजिये दफ्न किये गये।

## धूम धाम से मनाया गया सक्षम युवा विकास फाउंडेशन अध्यक्ष का जन्मदिवस



**बारा, कौशाम्बी।** कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम कौशाम्बी में हनुमान चालीसा पाठ के साथ सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार,कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि एवं अजय कुमार का जन्म दिवस सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के पदाधिकारीयों ने धूमधाम से मनाया। जिसमे उपाध्यक्ष रोहित मिश्र, संजय शुक्ला, पत्रकार डीपी सिंह, विजय पाल, नीरज, विनय पाल, सुभम केशरवानी, शिवदयाल, अजय कुमार आदित्य श्रीवास्तव, शुभम दुबे सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओ के लिए समर्पण वाली पार्टी- कल्पना सोनकर

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत के रत्नावली सभागार में बुधवार की शाम आयोजित एक कार्यक्रम में बूथ सेक्टर एवं मंडल के कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कार्यकर्ताओ को मिठाई खिलाकर उन्हे अंगवस्त्र भेंट किया। इस दौरान मंझनपुर एवं करारी मंडल के अध्यक्ष को एक बाइक उपहार में दी गई।

अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने बताया, वह जब जिला पंचायत का वार्ड नंबर 14 से चुनाव लड़ रहे थे। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओ ने जी जान से मेहनत कर भाजपा को विजय दिलाई। जिसका परिणाम यह रहा है। मौजूदा अध्यक्ष कल्पना सोनकर वार्ड 14 से सदस्य के रूप मे निर्वाचित हुई। बीजेपी कार्यकर्ताओ के प्रति समर्पित दल है। जिसमे कार्यकर्ताओ का हमेशा सम्मान किया जाता रहा है। इसी क्रम मे उन्होने आज मंझनपुर मंडल एवं करारी मंडल के बूथ सेक्टर एवं मंडल अध्यक्ष को बैठक कर सम्मानित किया है। मंझनपुर के मंडल अध्यक्ष महेश लोधी एवं करारी के मंडल अध्यक्ष दिलीप अग्रहरी को अंगवस्त्र एवं दोनो को एक एक स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल देकर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम मे अध्यक्ष कल्पना सोनकर, मंझनपुर मंडल प्रभारी ओम प्रकाश पासी, सहित बूथ सेक्टर एवं मंझनपुर करारी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छिमिरछा गांव में मनाया गया विहिप का स्थापना दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** सदर तहसील के छिमिरछा गांव में वृहस्पतिवार को संगठन के लोगों ने विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में वक्ताओं विहिप के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

करारी के छिमिरछा गांव में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के 59 वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहन जी काशी प्रान्त समिति सदस्य ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद संगठन मुख्य रूप हिन्दू समाज के स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से विहिप में जुड़ने की अपील किया। जिलाध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन ही मुंबई में 1964 ईस्वी में विहिप की स्थापना हुई थी। आज विहिप का काम भारत के सभी प्रांतों के साथ साथ विश्व के 50 से अधिक देशों में है। कार्यक्रम का संचालन नीलमणि मिश्र ने किया। इस मौके पर गौरक्षा प्रखंड संयोजक गनेश वर्मा, जगदीश केसरवानी, उमेश केसरवानी, अमित पाठक, भानु प्रताप, रिंकू, रंजीत आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़- जवाहर लाल सिंह पटेल

## अपना दल एस की हुई मासिक बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपना दल एस की मासिक बैठक एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जवाहर लाल सिंह पटेल (राष्ट्रीय सचिव) अपना दल एस, विशिष्ट अतिथि आरके पटेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किसान मंच, एवं ज्ञान सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचिव एवं विशिष्ट अतिथि छेदी लाल सिंह पटेल जिलाध्यक्ष विधि मंच, तथा कार्यक्रम संचालन कर रहे डॉ0 चंद्रभान पाल जिला उपाध्यक्ष, एवं अश्वनी सिंह पटेल विधानसभा मंझनपुर प्रभारी रहें। इसी दौरान मुख्य अतिथि जवाहर सिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव नें सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्य बिंदुओं पर चर्चा कि राष्ट्रीय सचिव ने कहा की दो दिवस प्रशिक्षण शिविर के अति महत्वपूर्ण बिंदुओं व शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश से पार्टी जनों को अवगत कराया गय तथा महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए कहा की सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का जिलें के सभी छोटे बड़े कार्यकर्ता सम्मान करना अति आवश्यक जरूरी है। इसी दौरान कलीम हाशमी जिलाध्यक्ष श्रमिक मंच ने कहा श्रमिकों मजदूरों के लिए चल रही तमाम केंद्र एवं प्रदेश सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बूथ अस्तर के पदाधिकारियों को जानकारी होनी चाहिए तभी बूथ कार्यकर्ता गरीब मजदूर व वंचित जनता का सही ढंग से सहयोग कर पाएंगे,इसी क्रम में राष्ट्रीय एवं प्रदेश जिला बूथ सेक्टर के वक्ताओं ने अपनी अपनी मन की बात कही इसी दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहीं,महिला मंच से जिलाध्यक्ष संगीता चौधरी, जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला, रमेश कुमार सरोज, दीपक सिंह पटेल, सुरेशचंद्र कोरी,सुबेदार सिंह पटेल, शिवसागर सिंह पटेल, सुनील गर्क जिला सचिव, आदि (अपना दल एस)के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कौशाम्बी थाने में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाने में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम धाम से मनाया गया। थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार राम ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना किया। जिसमे स्थानीय व क्षेत्रीय भक्तों का शाम होते ही तांता लगा रहा पूरा स्टाप जन्मोत्सव के साथ साथ ड्यूटी में मुस्तैद भी रहे। शाम होते ही भोजन प्रसाद कार्यक्रम जन्मोत्सव के उपरांत होता रहा। स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्रीय जनता की जन्मोत्सव में सम्मिलित हुए।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 187 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन से 500 रू0 सम्मन शुल्क वसूला गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में होमगार्ड की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**म्योहर, कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर माजरा नौबस्ता के राज नारायण सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह होमगार्ड के पद पर नियुक्त था। और करारी थाना में कार्यरत था। सुबह उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों को पता चलने पर घर में कोहराम मच गया। पर जिन्होंने इस घटना की सूचना अर्का महावीरपुर पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलने पर करारी थानाध्यक्ष गणेश प्रसाद, चौकी प्रभारी सियाकांत चौरसिया, फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने की गौ-माता की पूजा, खिलाया गुड़ व केला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कनैली, कौशाम्बी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गुरूवार को विकास खण्ड कौशाम्बी के रकसराई गोशाला में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशि भूषण द्विवेदी उर्फ बालम महाराज, पशु चिकित्साधिकारी पूजा पांडेय ने रक्सराई गौशाला में जन्माष्टमी का पर्व पारम्परिक रूप से धूम-धाम से मनाया। जन्माष्टमी के पर्व पर भगवान श्री कृष्ण से जुड़े होने के कारण इस दिन गो-माता की भी विशेष पूजा अर्चना किये जाने की परम्परा है। गो-माता की पूजा करते हुए माला पहनाया गया तथा गोवंशों को गुड़ एवं केला खिलाया गया। इस दौरान बुधराम यादव, फूलचंद




गौतम, बबलू द्विवेदी, ग्राम प्रधान पोट्टन, ग्राम रोजगार सेवक मुकेश मिश्रा और चिकित्सक सहायक दीपचंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# हल्की बारिश में कच्चा मकान ढहने से पशु घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैशकांटी गांव में बुधवार की रात रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच कच्चा मकान गिर गया जिसमें श्रीपाल सरोज के परिजन बाल बाल बच गए लेकिन खूंटे में बंधी गाय रात में अचानक मकान भर-भराकर गाय पर ढह गया मकान गिरने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग श्रीपाल के घर पहुंच गए जहां गया मकान के मलबे में दबी हुई थी ग्रामीण व परिवार के सदस्यों ने मलबे में दबे गाय को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल गाय का उपचार चल रहा है बैशकांटी



निवासी श्रीपाल सरोज मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

# कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम कौशाम्बी में धूम धाम से मनाया गया भगवान का जन्मोत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** प्राचीन ऐतिहासिक स्थल संकट मोचन आश्रम कौशाम्बी में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमे बच्चों ने मनमोहक झांकी रही कोई भगवान श्री कृष्ण तो कोई राधा बन धूम धाम से भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया मंदिर के पुजारी बाबा बुद्धन दास ने सभी भक्तो प्रसाद वितरण किया आयोजन में अंकित केसरवानी, अंकुर केशवानी सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 17 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना प0 शरीरा से 01, थाना सराय अकिल से 04, थाना चरवा से 05, थाना पिपरी से 02, थाना कोखराज से 04, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान- विनोद श्रीवास्तव

**कौशाम्बी।** 05 सितंबर डॉ0 राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जन्म दिन शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय खोरा में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार श्रीवास्तव ने शिक्षकों को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक विद्यालय का गेट खुलने से 100 जेल के दरवाजे बंद हो जाते हैं जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान होता है। इसका कोई मूल्य नहीं है शिक्षा अनमोल है। उन्होने बताया कि शिक्षक कभी बुलंदियों में नहीं चढ़ता है लेकिन जो आज बुलंदियों में है वह शिक्षक की देन है। इसी तरह विद्यालय के शिक्षक बोधन प्रसाद व राकेश कुमार, अशोक कुमार, सूर्यबली ने संयुक्त रूप से विद्यार्थी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति एवं अपने गुरु के प्रति समर्पण भाव सम्मान रखने की प्रेरणा देते हुए डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन पर प्रकाश डालें विद्यार्थियों को अध्यापक और शिष्य बनाकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# प्रयागराज के ऐतिहासिक बहत्तर ताबूत जुलूस में पंहुचेगी कौशाम्बी की भी दो मातमी अंजुमने

## लाखों की भीड़ का हिस्सा बनेंगे इस जनपद के बीस हजार से ज्यादा अकीदतमन्द

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद की तीनों तहसीलों यथा चायल, मंझनपुर तथा सिराथू के 50 से अधिक गांवों का सघन दौरा करने के बाद अंजुमन खुद्दामे मोजिजनुमा के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रवक्ता हाजी सैयद अजादार हुसैन नकवी ने अन्दाजा किया है कि 10 सितम्बर बरोज इतवार को प्रयागराज में दरियाबाद स्थित इमामबाड़ा जद्दन मीर साहब से प्रातः 9 बजे निकलने वाले पहलर ताबूत जुलूस में एक लाख से अधिक अकीदतमंन्द पहुंचेंगे जिसमें सबसे अधिक भागीदारी कौशाम्बी जनपद की होगी। यहां से 20 हजार से ज्यादा लोग सरकारी व निजी बसों सहित विभिन्न साधनों से पहुँचकर करबला के 72 शहीदों को पुरसा देंगे। इस वर्ष जनपद के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम श्बहत्तर ताबूतश् में कहाँ की भी दो मातमी अंजुमनों का चुनाव आयोजक मण्डल ने किया है। मंझनपुर सदर तहसील की मातमी अंजुमन असंगरिया कदीम व करारी की अंजुमन सदकए जहरा (साहबेबयाज हम्मूद रिजवी होरा भाई व सलमान कैसर) इस प्रख्यात अजादारी जुलूस में शिरकत करेगी। कई गांवों के लोगों ने बताया कि उन्होने निजी विक्रम, मैजिक या टवेरा आदि की बुकिंग करा ली है।

जैनबिया चौनल करारी, मेहदिया चौनल मंझनपुर, रिजविया चौनल तथा अजहर कलेक्शन मुस्तफाबाद सराय आकिल से यू-ट्यूब पर बहत्तर ताबूत जुलूस का सजीव प्रसारण किया जाएगा। हाजी सैयद अजादार हुसैन नकवी के नेतृत्व में भ्रमणकारी टीम में शारिक सोनू, जैन बाबू, जरखेज नजीब, मो0 अब्बास आदि शामिल रहे। करारी, मंझनपुर, मुस्तफाबाद, बाजापुर, लहना, दारानगर, कड़ा, राला, आलमचन्द्र, भरवारी, महगांव, चायल खास, पुरखास, कोसम इनामख रक्सववारा मुल्लानी, असाढ़ा, महाबा, सुहेला, कसेदा, अगियोना तथा कटरा, अतरसुइया सहित अनेक क्षेत्रों में अकीदतमन्द शिरकत के लिए उत्साहित नजर आये।

## मिशन इंद्र धनुष द्वितीय चरण को लेकर तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समिति की हुई बैठक

**सिराथू, कौशाम्बी।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिराथू में मंगलवार को एसडीएम सिराथू सौम्य मिश्रा की अध्यक्षता अध्यक्षता में सघन मिशन इंद्र धनुष 5.0 दूसरे चरण के अभियान को सफल बनाने हेतु तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समिति का बैठक का आयोजन किया गया बैठक में एसडीएम सिराथू सौम्य मिश्रा ने कहा की सघन मिशन इंद्र धनुष के दूसरे चरण का अभियान 11 सितंबर से 16 सितंबर तक चलाया जाएगा, जिसमें छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। इस दौरान कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण करने के निर्देश दिये गए। सीएचसी अधीक्षक औचित्य सिंह ने कहा की इस दौरान 0=से 5 वर्ष के छूटे हुए बच्चो का टीकाकरण किया जायेगा ।

# राजीव पासवान बने दूरसंचार विभाग के सलाहकार सदस्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** राजीव पासवान एडवोकेट हाईकोर्ट पुत्र स्वर्गीय महाराज दीन ग्राम व पोस्ट कासिया पूर्व निवासी जनपद लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष को दूर संचार मंत्रालय भारत सरकार ने टेलीफोन सलाहकार का समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व में भी राजीव पासवान भारतीय खाद्य निगम भारत सरकार के सदस्य रह चुके हैं। कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

# पुलिस ने मारपीट कर लूटपाट के मामले में नहीं की कार्रवाई, एसीपी से शिकायत

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गांजा गांव में 29 अगस्त की रात चोरों ने युवती को पीट कर घर में रखी नकदी समेत आभूषण की लूटपाट किया था। जानकारी होने पर गृहस्वामी के होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने मामले को तहरीर पुलिस को दिया। मामले में स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।इससे निराश पीड़ित ने गुरुवार को एसीपी से शिकायत की है।गांजा गांव के विजय सिंह पुत्र पंछी सिंह ने बताया कि 29 अगस्त की रात वह बरामदे में सो रहे थे। उनकी बेटी और पत्नी घर के अंदर थी। आधी रात को घर के पीछे की दीवार फांद कर घुसे चोरों ने 45 हजार रुपए नकद सहित करीब डेढ़ लाख रुपए के आभूषण समेटने लगे। इसी बीच लघुशंका करने उठी उनकी बेटी प्रिया की नजर चोरों पर पड़ी तो वह सन्न रह गई। उसके शोरगुल करने से पहले चोरों ने मुंह दबाकर उसकी पिटाई कर दिया। इसके बाद चोर ने घर में लूट पाट करते हुए सामान लेकर भाग निकले। घटना की जानकारी जब विजय को हुई तो उसने गांव के ही एक युवक को नामजद करते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण तो किया लेकिन संतोष जनक कार्रवाई नहीं की। इससे निराश पीड़ित ने गुरुवार को एसीपी वरुण कुमार से मिलकर शिकायत किया है। एसीपी ने इंस्पेक्टर एयरपोर्ट योगेंद्र प्रकाश को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# जिलाधिकारी ने अपनी धर्मपत्नी के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कान्हा गौशाला बराछा में गौ-माता का किया पूजन





**लोकमित्र(ब्यूरो)**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने आज अपनी धर्मपत्नी सीमा श्रीवास्तव के साथ कान्हा गौशाला बराछा पहुँचकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गौ-माता की विधिवत् पूजा की एवं गौशाला में गौ-माता का हरा चारा, गुड़ एवं फल को खिलाया गया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी एवं गौ-सेवा करने की अपील की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गौशाला में हरा चारा, भूसा, पशुआहार, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, गौशाला में गौ-माता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, उनके स्वास्थ्य के दृष्टिगत नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण इत्यादि कराया जाये। कमजोर गोवंशों का विशेष ध्यान देते हुये उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वर्तमान में लम्पी स्किन डिजीज संक्रमण के प्रसार को रोकने एवं उपचार हेतु पशुपालन विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर गोवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 बिरजू सिंह यादव, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राम अचल कुरील व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।ज्ञातव्य हो कि शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जनपद के समस्त गौशालाओं पर गौ-माता का पूजन एवं गौ आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई, स्वच्छता, पीने हेतु स्वच्छ पानी, पौष्टिक चारा, पौष्टिक आहार की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है जिसके क्रम में ग्राम प्रधान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अध्यक्ष द्वारा जनपद की गौशालाओं में गौ-माता की पूजा अर्चना की गयी एवं हरा चारा व पौष्टिक आहार खिलाया

# पीएमजीएसवाई की सड़कों का क्वालिटी अभियन्ताओं ने किया तकनीकी परीक्षण



**लोकमित्र(ब्यूरो)**

**प्रतापगढ़।** यूपीआरआरडीए की स्टेट क्वालिटी अभियन्ताओं नें जनपद में बनाई गई सड़कों का तकनीकी सत्यापन किया । इस दौरान उन्होंने जनपद की 8 सड़कों के सत्यापन किए । दरअसल जनपद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लंबित एटीआर हेतु उत्तरप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (ग्राम्य विकास विभाग) के कार्यपालक अधिकारी आईएएस भानु चंद्र गोस्वामी के निर्देश पर राज्य गुणवत्ता समन्वयक में तैनात स्टेट क्वालिटी अभियन्ताओं इं. अचन्जिल सिंह , इं. ऋतुराज सिंह द्वारा पीएमजीएसवाई की 8 सड़कों की गुणवत्ता एवं पीआईयू द्वारा कराए गए रकटिफिकेशन को बारीकी से चेक किया गया तथा सभी जांचे कराई गई । इस दौरान जहाँ कार्य सन्तोष जनक मिला वहीं कार्य में क्वालिटी सुधार हेतु निर्देश दिए गए । बताते चलें कि पूरी जांच प्रक्रिया के दौरान सहायक अभियंता सुजीत राय, अवर अभियंता सुधाकर प्रसाद , गौरी शंकर शर्मा , धनेश्वर कुमार समेत सभी फर्मो के प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

# डाक घर में सीबीआई की दस्तक को लेकर लालगंज क्षेत्र में सरगर्म माहौल

## कमीशन के खेल में उप डाकपाल की गर्दन पर कानूनी शिकंजे की हो रही चर्चा

**लोकमित्र(नि. स.)**

**लालगंज प्रतापगढ़।** सीबीआई के शिकंजे में आये लालगंज डाकघर को लेकर दूसरे दिन गुरूवार को भी बाजार तथा आसपास चर्चा का माहौल सरगर्मी पर देखा गया। कमीशन पर कमीशन के खेल ने सहायक उप डाकपाल के गले में सीबीआई का फंदा आखिर डाल ही दिया। इससे इतर चर्चा इस बात की देखी सुनी जा रही है कि डाक सेवाओं के नाम पर कमीशन की आड़ में स्थानीय डाकघर में गजब का खेल भी खेला जा रहा है। सीबीआई की टीम ने बुधवार को दोपहर अचानक डाक घर में पांव फैलाया तो आधी रात तक वह डाक घर में इस प्रकार के खेल को लेकर अभिलेखों की भी जांच पड़ताल की माथापच्ची में देखी गयी। आधी रात को सीबीआई के शिकंजे मे आये स्थानीय सहायक उप डाकपाल निशांत पाण्डेय को वह अपने साथ लखनऊ मुख्यालय लेकर रवाना हुई। हालांकि आरोपी को सीबीआई जब उसके चेहरे को ढंककर ले जाने के लिए डाकघर से बाहर निकली तो बाहर जमा मजमा आरोपी के चेहरे को ढंकने पर सवालिया अंदाज में दिखा। कुछ लोगों ने सीबीआई टीम से सवाल जबाब करना चाहा तो टीम ने स्थानीय कोतवाली में तैनात प्रशिक्षु सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन को इत्तला की। इस पर आननफानन में एएसपी अमृत फोर्स के साथ पहुंचे और आरोपी को सीबीआई के द्वारा ले जाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया। बतादें लालगंज कोतवाली के भेभौरा निवासी रामचंद्र त्रिपाठी लालगंज डाकघर में अभिकर्ता का कार्य किया करता है। रामचंद्र ने बीती मंगलवार को लखनऊ में सीबीआई के एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि एफडी के एक उसके चौबीस हजार के कमीशन में चालीस फीसदी कमीशन सहायक उप डाकपाल के द्वारा बतौर रिश्वत मांगा जा रहा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और बुधवार को शिकायतकर्ता रामचंद्र त्रिपाठी जब सहायक उप डाकपाल निशांत पाण्डेय को छान्नवें सौ रूपये रिश्वत देने लगा तो वह सीबीआई द्वारा आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने का मजबूत जाल बिछा सामने आया। सीबीआई की टीम ने रिश्वत के रूपये सुरक्षित करते हुए आरोपी के घर भी पहुंचकर घंटो जांच पड़ताल की। वहीं डाक घर में भी डाक सेवाओं को लेकर वित्तीय मामलों से जुडे कई अभिलेखों पर भी सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने पैनी नजर डाली है। डाक घर में जिस तरह से सीबीआई की धमक हुई उससे इलाके में डाक सेवाओं को लेकर कमीशन के खेल का भी एक बड़ा सवाल लोगों के दिलोदिमाग पर कौधने लगा है।

# शौच को गई किशोरी के साथ युवक ने किया दुराचार

**कुंडा-प्रतापगढ़।** शौच क्रिया करने गई किशोरी के साथ गांव के युवक ने दुराचार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुराचार का मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के बबुल्लापुर गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी मंगलवार की रात लगभग 10ः00 बजे अपने घर से बाहर शौच क्रिया करने के लिए गई थी। इसी दौरान गांव का एक युवक उसके साथ दुराचार किया। किशोरी के घर लौटने में विलंब होने पर उसे उसे ढूंढने निकले तो घर वापस आकर पीड़ित किशोरी ने घटना के बारे में परिजनों को बताया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुराचार व पाक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला चिकित्सालय भेजा है। आरोपी युवक घटना के बाद से ही घर से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# मन्दिरों व पाण्डालों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आस्था की उमंग, हुए सांस्कृतिक आयोजन

**लोकमित्र(नि. स.)**

**लालगंज प्रतापगढ़।** भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर बीती बुधवार की रात बाजारों में आधी रात तक चहल पहल का माहौल देखा गया। वहीं मंदिरों में रात बारह बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव को लेकर विधिविधान से पूजन अर्चन भी हुआ। घंटियों व शंख ध्वनि के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही हर तरफ जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी का सुर भक्ति साधना को आस्था का उमंग दे उठा।

बाबा घुइसरनाथ धाम में भी परम्परागत भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धालुओं के जयघोष के बीच मनाया गया। लालगंज के हरिहरमंदिरम, प्राचीन शिव मंदिर, श्री हनुमत निकेतन सहित विविध मंदिरों में भगवान श्री राधेकृष्ण की आकर्षक झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं का देर रात तक जमघट दिखा। मंदिरों के साथ बाजारों में कई स्थानों पर भगवान श्री राधेकृष्ण की आकर्षक झांकी के पाण्डाल भी श्रद्धालुओं का



मन भावविभोर कर उठा। मंदिरो मे आकर्षक विद्युत छटा तथा गुब्बारे व रंगोली भी देखने के लिए श्रद्धालु मगन दिखे। जन्मोत्सव के पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालुओं ने माधव बिहारी भगवान सच्चिदानंद का अमृत प्रसाद ग्रहण किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर प्रशासन भी चुस्त दुरूस्त दिखा। लालगंज में सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन की अगुवाई में फोर्स ने एक छोर से दूसरे छोर तक प्रमुख मार्गो पर एहतियातन पैदल मार्च किया। एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर व तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह भी भ्रमण पर दिखे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान की सराहनीय भूमिका में दिखी। कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम मे प्रख्यात लोकगायक अमर बेदर्दी के सांस्कृतिक दल ने भजन संध्या से आधी रात तक समां बांधी। कार्यक्रम का संयोजन पं. रामचंद्र शुक्ल व अशोक तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रशासन अवन दीक्षित, एसआई अनीस यादव, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि रहे। वहीं प्राचीन शिवालय के सामने भी सांस्कृतिक दल ने धार्मिक लोकगायन व नृत्य का प्रदर्शन किया। यहां कार्यक्रम का संयोजन विजय कौशल व अंजनी कौशल ने किया। नगर के रायबरेली रोड पर संकट मोचन तथा घुइसरनाथ रोड राधा मोहन मंदिर में भी आकर्षक झांकी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रमों में डा. ओमप्रकाश जायसवाल, श्रीकृष्ण तिवारी, जीतलाल गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि को सराहनीय प्रबन्धन में देखा गया।

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता में जीते बच्चा बैंक के छात्र



**प्रतापगढ़।** जन्माष्टमी त्योहार पर भंगवा गांव में फ्री स्टडी सेंटर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के छात्रों ने यह प्रतियोगिता जीती। साहिल, हिमांशु, दीपेंद्र, सत्यम, शुभम, नितेश और निखिल समेत कई छात्रों ने भाग लिया था। कृष्ण का रूप धरा सेंटर की नन्हीं छात्रा ओबी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। दामिनी, नैंसी,साहिबा और रागिनी के नृत्य ने तालियां बटोरी। संचालन सेंटर के प्रिंसिपल शनि ने किया।

# शहीद हवलदार की स्मृति में प्रमोद तिवारी के श्रद्धा पुष्प को सराह रहे परिजन व ग्रामीण

## जिले के बीजेपी सांसद की शहीद की देहरी तक कदम न रखने की भी ग्रामीणों में टीस..

**लोकमित्र(नि. स.)**

**लालगंज प्रतापगढ़।** सेना के शहीद हवलदार की स्मृति में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से इण्टरलाकिंग सड़क व प्रवेश द्वार की पुष्पांजलि अर्पित हुई है। इससे गांव में शहीद के परिजन व आम लोग अपने एक बेटे की सरहद की हिफाजत में दी गयी सेवाओं पर गर्व की अनुभूति में देखे सुने गये। वहीं गांव तथा आसपास क्षेत्र में जिले के मौजूदा बीजेपी सांसद का सांगीपुर क्षेत्र में इर्द गिर्द रहने के बावजूद शहीद की देहरी पर कदम न रखने की टीस भी उभरकर लोगों के चेहरे पर देखी पढ़ी जा रही है। भारतीय सेना में हवलदार रामकुमार पाल ने बीती तीन सितंबर को वीरगति प्राप्त की थी। जानकारी मिलते ही कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी नई दिल्ली से सीधे शहीद रामकुमार के गांव अठेहा के लखरईयां पहुंचे। राजस्थान में पर्यवेक्षक के रूप में दौरे पर कई दिनों से जयपुर में मौजूद क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से भी प्रमोद तिवारी ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जाबांज सेवाओं को सैल्यूट किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शहीद का परिवार प्रमोद तिवारी से लिपटकर अपना गम साझा करता दिखा। शहीद स्वर्गीय रामकुमार पाल की बेटे बेटियों के साथ ग्रामीणों ने भरी आंखो से सांसद प्रमोद तिवारी से शहीद की याद में गांव में गेट बनवाये जाने की इच्छा जाहिर की। इस पर प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना की ओर से प्रवेश द्वार बनवाए जाने का फौरन ऐलान कर दिया। इसी बीच शहीद के बड़े भाई और सेना से अवकाश प्राप्त रामभजन पाल ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी से गांव की सड़क से घर तक आने जाने में हो रही असुविधा की बात बतायी। इस पर सांसद प्रमोद तिवारी ने शहीद के घर तक इण्टरलाकिंग का ऐलान करते हुए इसे अमर शहीद की तेरहवीं तक पूर्ण कराये जाने का भरोसा दिलाया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा एक अच्छे मुखिया के रूप में इन घोषणाओं को लेकर शहीद स्व. रामकुमार पाल की पत्नी उषा देवी तथा बेटियां कविता व कोमल तथा बेटे नीरज की आंखे भर आयीं। इससे गांव में प्रमोद तिवारी की सराहना भी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ बुधवार को ही जिले के भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता के भी सांगीपुर क्षेत्र में ही विभिन्न गांवों में हुए कार्यक्रमों की भी गांव में चर्चा का माहौल बना दिखा। लोगों में यह टीस देखी सुनीं जा रही है कि सांसद संगम लाल गुप्ता को शहीद के गांव घर पहुंचने तक की फुर्सत नही मिल सकी। लोगों की चर्चा पर गौर करें तो यह तस्वीर उभर कर आ रही है कि प्रमोद तिवारी में ऐसी ही कुछ तमाम खासियत है जिसके कारण उन्हें एक आदर्श राजनेता की जनछवि मिली हुई है।

वहीं शहीद हवलदार की याद तक भाजपाई सांसद को न आना लोगों की नजर में भाजपा के राष्ट्र प्रेम के नारे को मुंह चिढ़ाती भी आंकी जा रही है। गांव के प्रधान मो. मुस्लिम, जिपंस गीता द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, रामपाल मौर्य, राधेश्याम सरोज आदि का कहना है कि समय आने पर शहीद के घर परिवार व गांव की उपेक्षा करने वालों को भी जनता के द्वारा अपनी उपेक्षा का दर्द भी बहुत जल्द समझ में जरूर आयेगा.......।

# बिजली कर्मियों ने बचाई नील गाय के बच्चे की जान

## वन विभाग की टीम को सुरक्षित सौंपा

**लोकमित्र(ब्यूरो)**



**प्रतापगढ़।** रूपापुर विद्युत उपकेंद्र के स्टाफ ने नील गाय के नवजात शिशु की जान बचाई। उन्होंने बच्चे की देखभाल की और शाम को वन विभाग की टीम बच्चे को ले गई। बताया जाता है कि सुबह अचानक से नीलगाय का एक छोटा सा बच्चा लड़खड़ाते हुए सबस्टेशन के अंदर दाखिल हुआ। उसके पीछे कुत्ते लगे हुए थे। बच्चा अंदर लगे बिजली उपकरणों के संपर्क में आता। इससे पहले ही वहां के स्टाफ मनोज और बब्लू उसे पकड़कर किनारे ले गए। पैकेट का दूध लाए और उसे पिलाया। सूचना मिलने पर जेई संदीप भी पहुंच गए। उन्होंने भी उसकी देखभाल शुरू कर दी। सूचना पाकर वन विभाग के कर्मचारी मुबीन उपकेंद्र पहुंचे। कर्मचारियों ने बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया। वन विभाग के एसडीओ शेख मुज्जम से बात करने के बाद जेई स्वयं अपनी गाड़ी से बच्चे को छोड़ने चिलबिला के वन विभाग गए। आसपास के लोगों ने बिजली स्टाफ के कार्य की सराहना की है।

# अपना दल एस की बैठक में संगठन के कार्यों की हुई समीक्षा



**लोकमित्र(ब्यूरो)**

**प्रतापगढ़।** अपना दल एस की मासिक बैठक संस्कार गार्डन में सम्पन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि जीतलाल विधायक विश्वनाथगंज जी उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल व संचालन श्रवण पटेल जिला उपाध्यक्ष द्वारा किया गया।बैठक में जनपद प्रतापगढ़ के नव नियुक्त राष्ट्रीय, प्रदेश, कमेटी के पदाधिकारी साथियों का भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात संगठन के कार्यो की समीक्षा भी की गई और संगठन विस्तार के प्रमुख बिंदु पर कार्यकर्ताओ के साथ विचार विमर्श किया गयामिथिलेश सिंह पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा पार्टी के बैनर तले जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं उनका प्रचार प्रसार मिडिया से लेकर सोशल मीडिया जरूर दिखना चाहिएजितेंद्र पटेल ने कहा कि हम सब एक साथ एक स्थान पर बैठे हैं जिसका मकसद डॉ0 पटेल के सपनों को पूरा करना है और आने वाले समय में निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।लक्खू चौधारी ने कहा आज महिलाए भी भारी मात्रा में अपना दल में शामिल हो रही है और इनकी संख्या भी बैठक में आज दिखाई दे रही हैं निश्चित रूप मे हमारी ताकत दोगुनी होगी ।कमलेश विश्वकर्मा ने कहा कि हमे इस तरह से कार्य करना है जिससे जनता का कल्याण हो और जन सैलाव में लगे कि सर चढ़ कर बोल रहा है जादू सोने लाल कामुख्य अतिथि जीत लाल पटेल विधायक विश्वनाथ ने कहा समाज में निरंतर परिर्वतन होता रहता है जिससे समाज में विकास के नये नये अवसर प्रदान होता है अपना दल की भी विचार धारा सामाजिक परिर्वतन का ही एक जीता जागता उदाहरण हैं आने वाला समय अपना दल का होगा आज कृष्ण जन्मअष्टमी भी है आप सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएंबृजेश पटेल ने कहा जनपद प्रतापगढ ने अपना दल एस का पहला विधायक बनाने का कार्य किया था अत–अपना दल एस का मजबूत संगठन जनपद में लंबे समय से सक्रिय हैं ।बैठक में लक्खू चौधरी राष्ट्रीय सचिव महिला मंच, कमलेश विश्वकर्मा प्रदेश सचिव,दुर्गा प्रसाद पटेल,मिथिलेश सिंह पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष सहकारिता मंच, ई. जितेंद्र पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच, बदल पटेल मांधाता चेयर मैन जी की गरिमामय उपस्थिति रही।इस मौके पर राज कुमार पटेल, डॉ0 हरिशंकर पुष्पकार,जीत लाल पटेल, कमलेश पटेल, लल्लू लाल पटेल,विनय पटेल, हजारी प्रसाद पटेल, डॉ0तुलसी राम पटेल, जंग बहादुर पटेल, राजेंद्र पाल, राविन पटेल,ओम प्रकाश पटेल,संजय राज पटेल, एडवोकेट बृजेश पटेल, रमेश पटेल, कुलदीप पटेल, राम चन्द्रभान पटेल,संगीता पटेल जिलाध्यक्ष महिला मंच,अनार कली, विनीता, केशव राज, कमलेश तिवारी राजेश्वरी सिंह, सुरेश चन्द्र सरोज ,जय कौशल,अतुल प्रजापति, ज्वलंत पटेल , विजय पटेल, बैजनाथ पटेल, हकीम भाई संतोष पटेल,राज बहादुर पटेल, गिरिश मिश्रा , दिनेश सिंह,पंकज,विमल पटेल,राम मिलन, प्रमोद कुमार पटेल,राम खेलावन ,राम लखन, रामचंद पटेल, दिलीप पटेल,आलोक वर्मा,आशा देवी , बसंत लाल पटेल, अशोक कुमार मौर्य, महेंद्र मौर्य, सत्य प्रकाश वर्मा, रमेश गौड़, संदीप वर्मा, फूलचंद पटेल, प्रदीप कुमार तिवारी, सुदामा सिंह,रानी, रेखा,आदि लोग मौजूद रहे ।

# प्रतापगढ़ सहकार भारती की सदर ब्लाक ईकाई का हुआ गठन

## राजेश शुक्ला अध्यक्ष, मनीष सिंह बनें महामंत्री

**लोकमित्र(ब्यूरो)**



**प्रतापगढ़।** सहकार भारती इकाई प्रतापगढ़ द्वारा संगठन विस्तार योजना के तहत सदर ब्लॉक इकाई का गठन किया गया । कार्यक्रम सँगमघाट खजुरनी के प्रस्तावित हुतात्मा मन्दिर परिसर में जाबाज़ अखाड़ा परिषद के श्याम लाल की अध्यक्षता में हुआ । बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ठा. प्रकाश सिंह रहे। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से राजेश शुक्ला को अध्यक्ष , मनीष सिंह को महामंत्री , सुनील शुक्ला एवं उमेश सिंह को उपाध्यक्ष , चिंतामणि मिश्र तथा मनीष सिंह द्वितीय को मंत्री बनाते हुए समस्त कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी अध्यक्ष एवं महामंत्री को दी गई । नवगठित इकाई को जिलाउपाध्यक्ष आलोक मिश्र नें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिन संस्कार नहीं सहकार , बिन सहकार नहीं उद्धार हमारे संगठन का एजेंडा है जिसे सभी पदाधिकारियों को पहले स्वयं में फिर सभी में लाने के उद्देश्य से कार्य का शुभारंभ करें । अधिक से अधिक समूह बनाएं और समूहों के जरिए लोगों को समृद्धिशाली बनाने के लिए योजनाबद्ध होकर कार्य करें। इस दौरान जिला महामंत्री डीकेशर्मा नें नवगठित इकाई को अपने क्षेत्र के गरीब और जरूरतमन्दो के लिए कार्य करने की दिशा में सभी का मार्गदर्शन किया । इस दौरान जिला मंत्री प्रवीण उपाध्याय , नवीन पुजारी ,शिव त्रिपाठी, राहुल सिंह , धर्मेंद्र तिवारी आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

# संदिग्ध हालत में फांसी पर झूलता मिला किशोर का शव


## तीन दिन पहले किशोर के भाभी की हो चुकी है संदिग्ध मौत
## किशोर की माँ ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस को दी तहरीर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** थाना क्षेत्र के नागी टिकरी गांव में गुरूवार की सुबह किशोर की संदिग्ध हालत में कमरे के अन्दर फांसी पर झूलता शव मिला है। किशोर की मौत से एक ओर जहां घर में कोहराम मचा है, तो वहीं दूसरी ओर मोहल्ले के लोगो में इस घटना से सनसनी पसरी हुई है। बता दे कि तीन दिन पहले किशोर के भाभी की भी संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी जिसमें किशोर समेत परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफपश्चिम शरीरा थाने में मामला दर्ज है। जिसमें मृतका के पति को पुलिस जेल भी भेंज चुकी है। पश्चिम शरीरा थाना अन्तर्गत नागी टिकरी गांव के दक्षिणी छोर पर छोटे लाल विश्वकर्मा का परिवार गुराजा करता है। बताते है कि आज भोर में रोज की तरह स्व0 छोटे लाल विश्वकर्मा की पत्नी शांति देवी उठी तो रोजमर्रा के काम में जुट गई। इसी दरमियान उन्होने अपने पुत्र चन्द्रभान (16) के कमरे का दरवाजा खोला तो अन्दर का नजारा देखा तो अवाक रह गई। दरअसल कमरे के अन्दर चन्द्रभान का शव फन्दे पर झूल रहा था। पल भर के अन्दर यह खबर आग की तरह पूरे मोहल्ले में फैल गई। देखते ही देखते मौके पर पड़ोसियों का मजमा लग गया। इसी दरमियान खबर पाकर पश्चिम शरीरा थाने की पुलिस भी आ पंहुची फौरी पूंछतांछ एवं जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। चन्द्रभान की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ जबकि पड़ोसियों में इस घटना से सनसनी पसरी हुई है। बता दे कि तीन दिन पहले चन्द्रभान की भाभी आरती देवी (24) की भी संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। बताया जाता है कि तकरीबन ढाई साल पहले रतिभान की शादी महेवाघाट के मनकापुर निवासी आरती देवी के साथ हुई थी। आरती देवी की संदिग्ध मौत के बाद मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति समेत किशोरी चन्द्रभान, मॉ शांति देवी व बहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इसमें पुलिस रतिभान को जेल भी भेंज चुकी है।

घटना को लेकर पडोसियों में हो रही चर्चाओं में लोग किशोर की मौत को इसी से जोड़ कर देख रहें है। इसके इतर मॉ शांति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर चन्द्रभान की मौत पर हत्या की आशंका जताई है। शांति देवी के मुताबिक बुधवार को उसके बहू के मायके पक्ष से लोग आयें थे, जिन्होने काफी हंगामा भी काटा था।

# सगे भाई व उसके साथियों पर खेत से मिर्ची काटने का आरोप



**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में भाई ने सगे भाई व उसके साथियों पर खेत से मिर्ची काटने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा का मजरा सरैया निवासी भान चंद्र पुत्र मौर्य पुत्र केशकाल मौर्य ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से सगे भाई , उसके दो बेटो सहित दो अन्य लोगो पर आरोप लगाते हुए बताया की मंगलवार की रात उसके खेत से दस विश्वा के करीब खेत में खड़ी मिर्ची के पेड़ो को काट डाला, भान चंद्र का आरोप है की विरोध करने पर झगड़े पर आमादा हो जाते है । पीड़ित ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# दहेज की खातिर नव विवाहिता को मार डालने का लगा आरोप

## पति समेत ससुराली मांगते थे चार पहिया वाहन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के किशनपुर अम्बारी गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को मौत हो गई। ससुरालियों ने सर्पदंश से महिला की मौत होने की सूचना उसके घर वालों को दी।वह रोते बिलखते बेटी के ससुराल पहुंचे।मायके वालों ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्होंने बेटी को मार डाला है।पिता ने थाने जाकर पति समेत आधा दर्जन ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



संदीपन घाट थानाक्षेत्र के कशिया पूरब गांव निवासी हरीलाल पाल पुत्र सदलू पाल किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।हरी के अनुसार उन्होंने अपनी पुत्री पायल का विवाह 18 फरवरी 2022 को सराय अकिल क्षेत्र के किशनपुर अम्बारी गांव निवासी अमित कुमार पाल पुत्र बसंत लाल के साथ किया था।उसने शादी में बुलेट समेत लाखों रुपए का सामान दहेज में दिया था। ससुरालीजन दहेज में मिले सामान से संतुष्ट नहीं थे।

वह दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। उन्होंने मांग पूरी न होने पर पायल के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया।कई बार बैठकर बातचीत भी की गई मगर ससुरालियों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया।हरी के अनुसार बुधवार को उनको मोबाइल से सूचना दी गई कि उनकी बेटी पायल को सांप ने काट लिया है जिससे उसकी मौत हो गई। यह सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। वह सभी रोते बिलखते बेटी के ससुराल पहुंचे। वहां जाकर देखा कि उसका शव पलंग पर पड़ा है।पीड़ित पिता ने थाने जाकर पति समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दोस्तों संग गंगा नहाने गया किशोर गहरे जल में समाया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा/सिराथू, कौशाम्बी।** साथियों के साथ गंगा नहाने गया किशोर गंगा नदी के गहरे जल में समा गया, किशोर के गंगा में डूबने से परिवार मे हड़कंप का माहौल व्याप्त है। बताया जाता है की कड़ाधाम थाना क्षेत्र के कड़ा धाम निवासी कौनेन पुत्र दानिश 14 वर्ष गुरुवार को शक्तिपीठ कड़ाधाम में स्थित बाजार घाट में अपने साथियों के साथ गंगा घाट पर स्नान करने गया था तभी अचानक कौनेन का पैर फिसलने से गहरे जल में चला गया और डूबने लगा साथियों ने देखा तो अफरा तफरी मच गई ।मौके पर मौजूद लोगो ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की खबर के बाद किशोर के परिजन रोते बिलखते गंगा घाट पहुंच गए देखते ही देखते घाट पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई,लोगों द्वारा कड़ा धाम पुलिस को घटना की सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को लगाकर किशोर के शव को ढूंढने का प्रयास कर रही है घटना के बाद से परिजनों का रो रो के बुरा हाल है कौनैन दो भाइयों में बड़ा है।

# उठती है आज मय्यते सुल्ताने कर्बला की....

## दारानगर के सैय्यद वाडा में की गई ताबूत की मजलिस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के वार्ड नं 9 के सैय्यदवाड़ा में गुरूवार को ताबूत की मजलिस की गई जिसकी मजलिस जनाब मौलाना साकिब हुसैन साहब दारानगरी ने खेताब फरमायी जिसमें उन्होंने बताया की इमाम हुसैन ने कर्बला में अपनी व अपने साथियों की कुर्बानी देकर इस्लाम को बचा दिया । जनाब साकिब हुसैन ने तकरीर की इमाम हुसैन को कर्बला में तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया । मरहूम नवाब हुसैन के इमामबाड़े से ताबूत बरामद हुआ ताबूत,जग्गन साहब के इमाम बारगाह पहुँचा जहाँ पर लोगो ने ताबूत की जियारत की उसके बाद नौहाखान बाकर अली ने नौहा पढ़ा , उठती है आज मय्यते सुल्ताने कर्बला की , काजिम आदि ने नौहा पेश किया।



### जाने वाले करबला के करबला ले चल मुझे

सैनी, कौशाम्बी। शहीदे आजम इमाम हुसैन के चेहल्लुम के मौके पर सय्यदवाड़ा दारानगर से करबला शहीदे आजम दारानगर तक पैदल यात्रा(अरबईन वाक) का आयोजन किया गया। अंजुमन असदिया के सदर जनाब असद सगीर ने मजलिस पढ़ीजैसा कि सन 60 हिजरी में 10 मोहर्रम को मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन(अ.स) को करबला में शहीद कर दिया गया था। शहादत के 40वे दिन इमाम हुसैन का चेहलुम मनाया जाता है।इसी मौके पर सय्यदवाड़ा दारानगर में पैदल मार्च निकालकर और मजलिस मातम नौख्वानी आयोजन करके इमाम हुसैन (अ.स) को खिराजे अकीदत पेश की गई।

### सकीना की ये सदा है चचा नहीं आए

कड़ा, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के औरैनी का ऐतिहासिक चेहल्लुम हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी छठवीं सातवी को अजीमोशान तरीके से मनाया गया जिसमे उत्तर प्रदेश के कई जिलों की अन्जुमन ने शिरकत किया जिसकी निजामत जनाब जाफर साहब अडारवी ने किया खेतबत जनाब रिजवान साहब करारवी करेगें अन्जुमन ककरौलवी काशिफ राजा मेरठ,इमरान हैदर दांदूपुर प्रयागराज, अन्जुमन लश्करे हुसैनी औरैनी,अन्जुमन जैनुल एबा कदीम राय बरेली,अन्जुमन असगरिया कदीम मंझनपुर, कौशाम्बी, वा अन्जुमन अब्बासिया नजरगंज बड़ागांव आदि अन्जुमन शिरकत किया।

शहीदे आजम हजरत इमाम हुसैन (आ0स0) की याद में अजीमोशान चेहल्लुम का प्रोग्राम मोनककित किया गया हजरते इमाम हुसैन की राह में जान को निछावर करने वाले औरैनी के लोग अपने हौसले के साथ शामिल हुये इस की जानकरी सदर अली अहमद ने दी ।

# चेयरमैन व यादव महासभा के जिलाध्यक्ष ने गोवन्शो की पूजा कर मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार को नगर पंचायत सिराथू में स्थित कान्हा गौशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव व अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह यादव ने कान्हा गौशाला में जन्माष्टमी का पर्व पारम्परिक रूप से धूम-धाम से मनाया। जन्माष्टमी के पर्व पर भगवान श्री कृष्ण से जुड़े होने के कारण इस दिन गो-माता की भी विशेष पूजा अर्चना किये जाने की परम्परा है। इस क्रम मे सिराथू नगर पंचायत में स्थित कान्हा गोशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव व अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह यादव ने गो-माता की पूजा करते हुए माला पहनाया गया तथा गोवंशों को गुड़ एवं केला खिलाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रमेश सिंह यादव के साथ अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के तमाम लोग मौजूद रहे।

# दलितों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस- अजय राय

## प्रदेश अध्यक्ष पहुंचें भड़ेसर गाँव, दलितों से किया संवाद
## भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ में हुए शामिल






**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज कौशाम्बी के दौरे पर रहे। उनके प्रथम आगमन पर कांग्रेसियों ने सिहोरी टोल प्लाजा पर पहुंचते ही जिला अध्यक्ष अरुण सरोज विधार्थी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। भड़ेसर गाँव पहुंचें, जहाँ दलितों कि जमीन उपमुख्यमंत्री के बेटे द्वारा कब्जा करने का आरोप लगा रहे दलितों से मुलाकात की।

अजय राय ने गाँव के लोगों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से लोगों के साथ है और किसी भी कीमत पर दलितों पर अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा जिस तरह से सरकार गरीबों कि जमीन को कब्जा कर रहे हैं वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को हर स्तर पर लड़ेगी। लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष से बात करते हुए पोलिस और प्रशाशन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगया जिसपर अजय राय ने कहा कि अगर सत्ता के गुरूर में शाशन प्रशासन ने दलितों के साथ अन्याय किया तो कांग्रेसी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगा। भड़ेसर गाँव के बाद प्रदेश अध्यक्ष सीधे जिला कार्यालय पहुंचें जहाँ राहुल गांधी के नेतृत्व में चली गयी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा कि प्रथम वर्षगाँठ में कांग्रेसियों के साथ शामिल हुए, उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव बेहद महजबूती से लड़ेगी और 2024 में कांग्रेस कि सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण सरोज विधार्थी ने कि और कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महसचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव राम किशुन पटेल, वरिष्ठ नेता मो शाहिद सिद्दीकी, एआईसीसी सदस्य तमजीद अहमद, सावित्री देवी, जितेंद्र शर्मा, फैसल अली, , ज्ञान सिंह लोधी, राज बहादुर चौधरी, हसन लाडले, भारत गौतम,कमलाकान्त शुक्ला, अजय सेन,नजमुल हसन रिजवी, सरवर आलम, जगजीत पासी जगदीश वैश्य, मकसूद कुरैशी, वसीम तुर्क, नदीम अहमद,अमित साहू, मो अरशद, राजबली भारतीय, शारिक इरफान, शाहिद भाई,बबलू पासी, शैलेन्द्र पासी, नंदू पासी, धनंजय भारती, अनिल चौधरी, शानू राय, नवाब ईशा, मक्खन पासी, अरुण चौधर्र, मिथुन चौधरी, मसर्रत, बच्चे भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व जिलाध्यक्ष से फोन कर जाना हाल व कुशलक्षेम




कौशाम्बी। भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूर होने पर कौशाम्बी जिले कार्यक्रम में शामिल होने आए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कार्यकर्ताओ से जैसे ही पता चला कि पर्व जिलाध्यक्ष लगभग 2 माह से फिसल कर गिर जाने से इंजरी से परेशान हैं। उन्होने फोन पर बात कर पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम से कुशलक्षेम जाना।

# जन्माष्टमी पर चेयरमैन ने कान्हा गौशाला में गोवंशो की पूजा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा सहित ग्रामीण क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम मची है कुछ जगहों में बीती रात जन्माष्टमी का पर्व भी मनाया गया किंतु अधिकतर जगहों में आज गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया । इसी कड़ी में नगर पंचायत अजुहा में नगर पंचायत अध्यक्ष शांति कुशवाहा की मौजूदगी में नगर पंचायत के सभी सभासदों एवं पशु डॉक्टर विवेक सिंह की उपस्थिति में अजुहा में स्थित कान्हा गौशाला में गौवंशो की पूजा अर्चना कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। जन्माष्टमी के पर्व पर भगवान श्री कृष्ण से जुड़े होने के कारण इस दिन गौ माता की भी विशेष पूजा अर्चना किए जाने की परंपरा रही है जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया । इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष शांति कुशवाहा ने गोवन्शों को माला पहनाकर उनका विधिवत पूजन अर्चना कर उन्हे गुड, चना व केला खिलाया । इस दौरान नगर पंचायत के तमाम लोग मौजूद रहे।

# सराय अकिल में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। बुधवार की रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण के जन्म होते ही कस्बे में पटाखे की आवाज से गूंज उठा कस्बा, और कस्बे में छोटे-छोटे बच्चों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर जगह-जगह झांकी सजाया गया।

बता दे श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर कस्बे में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बुधवार की रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण के जन्म होते ही कस्बे में पटाखे की आवाज से गूंज उठा कस्बा, जगह-जगह डीजे के धुन में लोग नाचते दिखाई दिए और बृहस्पतिवार की सुबह से जगह-जगह बच्चों ने झांकी सजाने के लिए बाजारों से रंग-बिरंगे गुलाब वह खिलौने की दुकानों में भीड़ दिखाई दी, कस्बे में बच्चों ने जगह-जगह श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ का कार्यक्रम किया गया, बच्चों ने मंदिरों व घरों जगह-जगह श्री कृष्ण राधा के कार्यक्रम किया जो रात्रि में बच्चों के साथ घर वाले घूमने गए, मंदिरों में राधा कृष्ण का कार्यक्रम किया गया तथा बच्चों ने गोवर्धन पहाड़ व कालिया नाग जैसे झांकियां सजाई गई। जिसमें पुजारी, कुल्लू महाराज, विष्णु अग्रहरि, सत्यम अग्रहरि, दिनेश श्रीवास्तव, बच्चू केसरवानी, यश केसरवानी, रिशु केसरवानी, सभासद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 9 दीपक केसरवानी चित्रांश केसरवानी गोपाल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी पर राधा-कृष्णा बने बच्चे



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह जगह राधा कृष्ण की झांकी बनाकर राधा कृष्ण की पूजा की गई । वही बच्चों ने कृष्ण, मैया यशोदा, राधा, सुदामा के वेश में प्रस्तुती दी। श्री कृष्ण के वेश में कड़ाधाम के देवांश मोदनवाल व राधा के वेश में राधिका मोदनवाल के रूप में दिखें।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मो0पुर पइन्सा पुलिस उ0नि0 अशोक कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा गोरे लाल निवासी काजीपुर थाना मो0पुर पइन्सा को 08 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना महेवाघाट पुलिस उ0नि0 नन्दू यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा शिव लोचन पासी निवासी अलवारा थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# अनियंत्रित कार की टक्कर से घायल वृद्ध बाइक सवार की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के असरावल कला गांव के एक वृद्ध तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की शाम उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के असरावल कला गांव निवासी मोहम्मद राशिद (62) पुत्र निसार अहमद किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार मंगलवार को वह बाइक से घोसी गांव गये थे।शाम के समय वह घर लौट रहे थे।इसी दौरान सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने उनको टक्कर मार दिया। हादसे में राशिद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की शाम उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पिता-पुत्र ने दीवार तोड़ने के विरोध पर महिला को दी धमकी

**महगांव, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के पन्नोई गांव में गुरुवार की सुबह पिता-पुत्र ने दीवार तोड़ने के विरोध पर महिला के साथ गाली-गलौच की।गाली देने से मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पन्नोई गांव निवासी शशि देवी पत्नी हरिश्चंद्र के अनुसार घर के एक दीवार को लेकर उसका पड़ोसी से विवाद चल रहा है।इस विवाद का एक मुकदमा तहसील न्यायालय में चल रहा है।गुरुवार की सुबह वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसी अपने पुत्र संग वहां पहुंचा और उसी दीवार को गिराने लगा। महिला के विरोध करने पर वह उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर पिता-पुत्र ने उसको जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## सम्पादकीय

# मेजबान का फर्ज निभाया

जिस समूह का शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले एक साझा घोषणापत्र तैयार करने के लिए ही जद्दोजहद चल रही हो, उससे कितनी आशा रखी जा सकती है, यह खुद जाहिर है। इस जद्दोजहद में कामयाबी मिलने की संभावना भी न्यूनतम ही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले इस समूह के सदस्य देशों से प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने की अपील कर मेजबान का फर्ज निभाया है। वरना, उनके इस विचार से आज की दुनिया में कम ही लोग सहमत होंगे कि दुनिया आज की खास समस्याओं के समाधान के लिए इस मंच की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। जिस समूह का शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले एक साझा घोषणापत्र तैयार करने के लिए ही जद्दोजहद चल रही हो, उससे कितनी आशा रखी जा सकती है, यह खुद जाहिर है। इस जद्दोजहद में कामयाबी मिलने की संभावना भी न्यूनतम ही है। पश्चिमी देश अड़े हुए हैं कि घोषणापत्र में यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की निंदा जरूर होनी चाहिए। रूस और चीन इस पर राजी होंगे, यह सोचना भी कठिन है। दूसरी तरफ खबर है कि भारत घोषणापत्र में वसुधैव कुटम्बकम का उल्लेख करना चाहता है, जिस पर चीन सहित कई देशों ने एतराज जताया है। बारीक कूटनीति से इस आपत्ति को दूर करने में सफलता मिल सकती है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर सहमति बनना असंभव है।बहरहाल, ये मतभेद तात्कालिक समस्याओं से पैदा हुए हैं। लेकिन जी-20 की मुख्य समस्या इसके अस्तित्व का संदर्भ बदल जाना है। इस समूह को भूमंडलीकरण का मिल-जुल कर प्रबंधन करने के लिए बनाया गया था। अब भूमंडलीकरण की प्रक्रिया ही उलटी दिशा में चल पड़ी है। इस परिघटना की जड़ में पश्चिमी खेमे और चीन-रूस के नेतृत्व में बन रहे खेमे के बीच खाई बढ़ते जाना है। इसके मद्देनजर जहां पश्चिमी देशों की निगाह में अपने समूह जी-7 का महत्त्व फिर से लौट आया है। दूसरी तरफ ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन जैसे मंचों के विकासशील देश अपने माफिक विश्व ढांचे को खड़ा करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की इच्छा के मुताबिक नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में जी-20 जलवायु परिवर्तन, ऋण संकट या विकास के बड़े सवालों पर कोई आम सहमति बना पाएगा, इसकी संभावना कम है। इसीलिए इस सम्मेलन को ऐसा उत्सव समझा जा रहा है, जिसमें सार-तत्व का अभाव है।




**मेष राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होने से आपको रिलैक्स फील होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, जल्द ही आप करियर में नया मुकाम पाने वाले हैं, खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं।

**वृष राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारी पूरी कर लेंगे। शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज कोई भी काम करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिए। इससे आपको काम में मदद मिलेगी।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। किसी नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनाएंगे। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें किसी बड़ी जगह पर परफॉर्मेंस का मौका मिल सकता है।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपको नए गों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर कोई आपकी बैक-बाईटिंग कर सकता है। आपको अपनी हर चीज़ परफेक्ट रखनी चाहिए चाहे वो कोई भी काम हो। अगर आप कोई नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन अपनी पसंदीदा बुक पढ़कर गुजारेंगे। आज करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आज आपके बिजनेस में मुनाफा होने का योग बन रहा है। साथ ही आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का अवसर मिल सकता है। लेकिन किसी बड़ी डील को करने से पहले आपको सोच-समझकर ही आगे बढ़ना होगा।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। आज आप परिवार की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आपको काम में कुछ नए लोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है। लवमेट्स के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। थोड़ी मेहनत से आपको किसी बड़े धन लाभ का अवसर मिल सकता है। सकारात्मक सोच आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए समान्य रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जाएगा। आज आपका जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। बच्चे आज आपसे मन की बात बता सकते हैं।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार के साथ बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आप माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नए अवसर मिल सकते हैं। इस राशि की महिलाओं को ऑफिस में प्रोत्साहन मिलेगा।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से भी होगी। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा रेस्पेक्ट करेंगे। जो लोग मार्केटिंग के फील्ड से जुड़े हैं, उन्हें आज अच्छे क्लाइंट मिल सकते हैं।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को पूरा करने के लिएज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। करियर में के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठाएंगे तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाए रखने की जरूरत है। आप किसी मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं, आपकी दोस्ती मजबूत होगी।

## मानव-केंद्रित वैश्वीकरण

# हमें जी20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है, किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है



**नरेंद्र मोदी**

वसुधैव कुटुम्बकम हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, %पूरी दुनिया एक परिवार है%। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम हठ्ठद्ग श्वड्डह्लह्द्ध के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम हठ्ठद्ग स्नड्डद्वद्बद्य4 के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और हठ्ठद्ग स्नह्वह्लह्वह्म्द्ग के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है।दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है।तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है।जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है।इसी सोच के साथ भारत ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है। एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा।भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान



क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए।हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। 'क्या नहीं किया जाना चाहिए' से हटकर 'क्या किया जा सकता है' वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है।ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा।वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा।क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम 'लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट' (रुद्बस्नश्व) को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है।उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें।भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है।

हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं।आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। यह भारत में एक जन आंदोलन बन गया है। जी-20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है।भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे।हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे। जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये है।

# क्यों पी.ओ.के. के लोग कारगिल के दरवाजे खोलने की मांग कर रहे है ?



**अशोक भाटिया**

कंगाल पाकिस्तान से अपना देश नहीं संभल रहा है। जहां दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान के बलूचिस्तान और सिंध प्रांत में पाकिस्तान विरोधी गतिविधियां बढ़ गई हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले पी.ओ.के. में पाकिस्तान की हुकूमत और पाक आर्मी के खिलाफ बगावत तेज हो गई है। पाकिस्तान की सेना के जुल्म से परेशान गिलगित बालतिस्तान के अल्पसंख्यक शिया मुस्लिमों में आक्रोश है। ये आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। यही कारण है कि इन दिनों पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्तिस्तान में इन दिनों घमासान मचा है। कट्टरपंथी सुन्नी संगठनों और पाकिस्तानी सेना के दमन के खिलाफ अल्पसंख्यक शियाओं ने विद्रोह कर दिया है। पहली बार इस क्षेत्र के शिया संगठन फौज के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। अल्पसंख्यक शियाओं के तेवर इतने तीखे हैं कि पाकिस्तान की आर्मी भी घबरा गई है। भारत से करीब 90 किलोमीटर दूर स्कर्दू में शिया समुदाय के लोग भारत की ओर जाने वाले कारगिल हाइवे को खोलने की मांग पर अड़ गए हैं। उनका कहना है कि वे अब पाकिस्तानी फौज की हुकूमत वाले गिलगित-बाल्तिस्तान में नहीं रहना चाहते हैं, वे भारत जाना चाहते हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान की आबादी करीब 20 लाख है। इनमें से 8 लाख के करीब शिया समुदाय के लोग हैं। इन शियाओं के बगावती तेवर देखकर पाकिस्तानी आर्मी घबरा गई है। बगावती तेवरों को देखते हुए पाकिस्तान आर्मी ने अपने 20 हजार अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है।बताया जाता है कि पाकिस्तान का गिलगित-बल्तिस्तान लगातार उबाल मार रहा है। विरोध प्रदर्शन के नाम पर हज़ारों लोग सड़कों पर हैं। फिजा में चलो, चलो कारगिल चलो के नारे बुलंद हैं। विरोध के नाम पर जिस तरह लोग उग्र हैं, किसी भी क्षण वहां स्थिति गंभीर हो सकती है। सवाल होगा कि आखिर पाकिस्तान जैसे मुल्क के एक हिस्से में ऐसा क्या हुआ, जो वहां के लोग भारत में विलय होने की बात कह रहे हैं। जवाब है एक शिया धर्मगुरु की गिरफ़्तारी और वो सजा जो उसे पाकिस्तान के प्रचलित ईशनिंदा कानूनों के तहत हुई है। गिलगित के स्थानीय लोग शिया मौलवी की गिरफ्तारी से बेहद नाराज हैं जिसके मद्देनजर स्थानीय नेताओं ने पाकिस्तानी प्रशासन को गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। वहीं कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जिन्होंने खुलकर भारत में विलय की मांग करनी शुरू कर दी है। ध्यान रहे, शिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मौलवी आगा बाकिर अल-हुसैनी पर एक धार्मिक सभा में उनकी टिप्पणियों को लेकर मामला दर्ज किया गया था। बाद में मौलवी को हिरासत में लिया गया जिसके बाद स्कर्दू के शिया समुदाय के लोग सड़कों पर आए और विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ और नौबत हाई-वे जाम तक की आ गयी है।अभी हालिया दिनों में पाकिस्तान की संसद में ईशनिंदा को लेकर एक बिल पास हुआ था। इस बिल के आने के बाद ही शिया मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी पर एक एफआईआर होती है और कहा जाता है कि उन्होंने ईशनिंदा की है। इसके बाद गिलगित के पास स्थित जलास और द्यामर जो कि एक सुन्नी बाहुल्य क्षेत्र है वहां लोग शिया मौलव के विरोध में सड़कों पर आते हैं। वहीं पाकिस्तान के अपर कोहिस्तान के सुन्नी बहुल हिस्से में एक धरना प्रदर्शन होता है और मांग की जाती है कि शिया मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी को फ़ौरन ही गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। तब लोगों का ये भी कहना था कि यदि मौलाना गिरफ्तार नहीं होते हैं तो उग्र प्रदर्शन करते हुए सड़कों को बंद कर यातायात को बाधित किया जाएगा। सुन्नी समुदाय की ये मांग शिया समुदाय को नागवार गुजरी और उन्होंने मौलाना की गिरफ्तारी के विरोध में स्कर्दू और आस पास के इलाकों में विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की और मुख्य हाई वे जाम कर दिया। बताया जा रहा है कि पूरे गिलगित-बल्तिस्तान के हालात बहुत जटिल हैं और ये विरोध प्रदर्शन किसी भी वक़्त एक बड़ी हिंसा का रूप ले सकता है, जिसका खामियाज़ा कई मासूम लोगों को भुगतना होगा।शिया समुदाय पाकिस्तान के नए ईशनिंदा कानून के खिलाफ है और यही कह रहा है कि अगर इसे लागू करना ही है तो कारगिल के दरवाजे खोल दिए जाएं ताकि गिलगित-बल्तिस्तान के शिया भारत में पनाह ले सकें।जिक्र यदि यहां रहने वाले लोगों की जनसंख्या का हो तो यहां रहने वालों में 39 प्रतिशत शिया आबादी है, जबकि यहां 27 प्रतिशत सुन्नी और 18 प्रतिशत इस्माइली मुसलमान हैं।मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी का शुमार स्कर्दू और आस पास के बेहद प्रभावशाली लोगों में होता है। मौलाना ने गिलगित बल्तिस्तान के कई अहम आंदोलनों में न केवल हिस्सा लिया बल्कि उन्हें कामयाब बनाया। मौजूदा वक़्त में मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी साफ़ पानी के लिए आंदोलन कर रहे हैं। जिससे स्थानीय प्रशासन सकते में आ गया है। माना जा रहा है कि मौलाना को गिरफ्तार करने की वजह उनका राजनीतिक रूप से सक्रिय रहना है। अभी बीते दिनों ही एक धार्मिक सभा में मौलाना ने पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन के हत्यारे यजीद की तीखी आलोचना की थी। यजीद जैसे व्यभिचारी पर जो रुख मौलाना का था उसने पाकिस्तान के सुन्नियों को आहत किया और उन्होंने मौलाना पर ईशनिंदा का आरोप लगाया जिसके बाद एफआईआर हुई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिलगित-बल्तिस्तान का के शिया समुदाय का कहना है कि पाकिस्तान की हुकूमत द्वारा एक बार फिर उनके खिलाफ गहरी साजिश की जा रही है। इस इलाके में शिया सुन्नी संघर्ष की शुरुआत कब हुई? अगर इस सवाल के जवाब तलाशने हैं तो हमें 1988 के उस दौर में जाना होगा जब पाकिस्तान में हुकूमत जियाउल हक़ के हाथ में थी। तब उस वक़्त जियाउल हक़ ने 400 शिया मुसलमानों का कत्लेआम करवाया था और फिर जब 2012 के आस पास हुकूमत के इशारों पर पाकिस्तान में शिया विरोधी सिपाह ए सहाबा जैसे संगठनों का निर्माण हुआ जिन्होंने बाद में गिलगित-बल्तिस्तान को अपनी शरणस्थली बनाया। पाकिस्- तान के हुक्- मरान लंबे अरसे से गिलगित-बल्तिस्तान में सुन्नी आबादी बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके लिए शिया समुदाय पर जुल्- म जारी है। ऐसे ऐसे हालात पैदा किये गए हैं कि शिया अपनी जमीनें बेचने पर मजबूर हो रहे हैं। अब ताजा ईशनिंदा कानून वो हथियार बन गया है, जिससे शिया दबाव महसूस कर हैं। फिलहाल, दोनों समुदायों के बीच संघर्ष जारी है।पिछले महीने भी गिलगित बाल्तिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन किया था। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान सरकार को गृहयुद्ध और भारत के साथ विलय की चेतावनी दी है। यहां के लोगों ने कहा कि अगर सरकार उनके खिलाफ दमन का रास्ता अख्तियार करेगी तो वो गृहयद्ध करेंगे। सरकार ने अगर उनके नेताओं को रिहा नहीं किया तो वो गिलगित बाल्तिस्तान का भारत में विलय कर देंगे। वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक एवं टिप्पणीकार

# स्ट्रेस बढ़ा रहा है सिरदर्द की परेशानी, कम उम्र वालों को ज्यादा खतरा, जानें कारण

एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. इसके मुताबिक, भारत में सिरदर्द की समस्या तेजी से बढ़ रही है. कोरोना महामारी का सबसे बुरा प्रभाव लोगों की मेंटल हेल्थ पर पड़ा है. तनाव और स्ट्रेस के मामले बढ़े हैं. हाल में आई इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना से भारत बुरी तरह प्रभावित रहा है. इस वजह से देश में सिरदर्द के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए हैं. सिरदर्द का सीधा संबंध स्ट्रेस लेवल से जोड़ा जा रहा है. आइए जानते हैं स्टडी रिपोर्ट...

## सिरदर्द को लेकर क्या कहता है रिसर्च

देश की एक प्रमुख दवा कंपनी ने बढ़ते सिरदर्द को लेकर एक रिसर्च किया है. इसके मुताबिक, 20 शहरों के 22 से 45 साल की उम्र वाले 5,310 से ज्यादा लोगों का इंटरव्यू लिया गया. इसमें 93 प्रतिशत में सिरदर्द की समस्या कोरोना के बाद काफी बढ़ा है. सिरदर्द की वजह तनाव लेवल से जुड़ा हुआ है. इस रिपोर्ट से पता चला है कि तनाव के चलते लोग तनावग्रस्त हो रहे हैं और उनमें सिरदर्द की शिकायत बढ़ रही है. इस रिसर्च में शामिल हर तीन में से एक ने



महामारी के बाद खुद को ज्यादा तनावग्रस्त माना है.

## तनाव का कारण क्या है

इस रिसर्च में काम करने वाले और काम न करने वाले दोनों तरह के लोगों को शामिल किया गया है. दोनों में तनाव के लिए आर्थिक समस्याएं और काम का दबाव सिरदर्द बढ़ाने में सबसे ऊपर रहा है. इसके अलावा हेल्थ प्रॉब्लम्स और पारिवारिक झगड़े भी इसके लिए जिम्मेदार हैं. स्टडी रिपोर्ट बताती है कि तनाव को सही तरह से मैनेज करना चाहिए. कोरोना से पहले की तुलना में 26-35 और 36-45 उम्र वालों में ट्रेस लेवल 12त्र और 13त्र तक बढ़ गया है. 26-35 आयु वाले युवा सबसे ज्यादा तनाव में पाए गए हैं. उनका आंकड़ा 87त्र तक है.

## सिरदर्द का सबसे बड़ा नुकसान

तनाव की वजह से सिरदर्द हो रहा है और इससे किसी काम में मन नहीं लग रहा है. करीब 40त्र पार्टिसिपेंट्स ने माना कि उन्हें काम पर फोकस करने में दिक्कत आ रही है. सिरदर्द में प्रोफेशनल से लेकर पर्सनल लाइफ तक प्रभावित हो रही है.

## सिरदर्द के पीछे स्ट्रेस क्यों जिम्मेदार

तनाव के कारण सिरदर्द तब बढ़ता है, जब गर्दन और स्कैल्प की मांसपेशियां तनाव में आती हैं या सिकुड़ जाती हैं. मांसपेशियों में संकुचन तनाव, अवसाद, सिर की चोट या एंग्जायटी का कारण हो सकती है.

## सिरदर्द से बचने के उपाय

* नियमित समय पर पौष्टिक आहार लें.
* किसी भी समय खाना न छोड़ें, खाली पेट गैस बन सकती है.
* ब्रेकफास्ट को भूलकर भी न छोड़ें.
* रोजाना एक्सरसाइज करें.
* पर्याप्त नींद लें, कैफीन और स्मोकिंग से बचें.
* डॉक्टर से पूछे बिना दर्द की दवा न खाएं.

# मंदिरों तथा पाण्डालों में सांसद प्रमोद तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर टेका मत्था, लोक मंगल की किया कामना

## बोले-राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता जगत के कल्याण के लिए संघर्ष की प्रेरणा है भगवान श्रीकृष्ण

**लोकमित्र(नि. स.)**

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर बुधवार की देर रात तक विभिन्न मंदिरो तथा पाण्डालों पर पहुंचकर भगवान श्री राधेकृष्ण की झांकियों के समक्ष मत्था टेका। बाबा घुइसरनाथ धाम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विधिविधान से श्रीकृष्ण झांकी के समक्ष पूजन अर्चन कर लोककल्याण की कामना की। विभिन्न पाण्डालों पर आयोजित कार्यक्रमों में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला जगत के कल्याण में हमें सामूहिक त्याग तथा नैतिकता के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया करती है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मानव जगत को समता और दयालुता के भाव से लोक कल्याण के लिए सत्य की रक्षा में एक अजेय योद्धा के कर्म साधना का भी अद्वितीय संदेश दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज नगर के विभिन्न मंदिरों व पाण्डालों में पहुंचकर स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर सुखमय जीवन की मंगलकामनाएं सौपी। पैतृक गांव संग्रामगढ़ में भी सांसद प्रमोद तिवारी पहुंचे और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के परम्परागत उत्सव मे शामिल हुए। उन्होनें कई पाण्डालों में लोक कलाकारों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, आशीष उपाध्याय, रवि सिंह, छोटे लाल सरोज, केडी मिश्र, सभासद आशीष कौशल, सभासद दारा सिंह, मोनू पाण्डेय, वैभव सिंह, वज्रघोष ओझा आदि रहे।



## कड़ी सुरक्षा के बीच प्रधान पद का उपचुनाव संपन्न
## चप्पे चप्पे पर पुलिस एवम पीएसी के जवान रहे तैनात

**कुंडा-प्रतापगढ।** विकास खंड बिहार के बरबसपुर प्रधान राम बहादुर की मौत हो जाने के कारण बुधवार को प्रधान पद का उपचुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल संपन्न हो गया। इस चुनाव में कुल आठ प्रत्यासी मैदान में रहे। जिसमे मुख्य मुकाबला प्रत्याशी इंद्रमणि सिंह व दूसरे ज्ञानचंद्र फौजी के बीच देखने को मिला। चुनाव में समर्थक इतने सक्रिय थे की वृद्ध मतदाताओं को कंधे पर बैठाकर ले जा रहे रहे थे। तहसीलदार/मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में 1549 मतदाताओं के सापेक्ष 1060 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल मिला कर 68¬43 प्रतिशत मत पड़ा है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मे पीठासीन अधिकारी ने मतपेटिका को सील कर विकास खंड मुख्यालय के स्ट्रांग रूम मे जमा करा दिया । मतगणना 8 सितंबर को ब्लॉक मुख्यालय में होगी। चुनाव संपन्न कराने मे थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय, चौकी प्रभारी सकरदहा, महेशगंज थाने की फोर्स वा पीएसी बल का योगदान रहा।

# वृद्धाश्रम में कृष्ण जन्माष्टमी पर वृद्धजनों ने मनाया जन्मोत्सव गुजें सोहर व झूमे भक्त

**लोकमित्र(ब्यूरो)**

**प्रतापगढ़।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर वृद्धाश्रम महुली में वृद्धजनों के लिए समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के संयोजन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम परिसर में भव्य सजावट कर वृद्धजनों ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाने के लिए सुबह से ही तैयारी में लगे थे। शाम को भजन कीर्तन के साथ वृद्धजनों ने हरे रामा हरे कृष्णा, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की कीर्तन गाकर पूरे वृद्धाश्रम परिसर को भक्ति मय कर दिया था। रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का जन्म होने पर वृद्ध माताओ ने सोहर गाकर भगवान श्री कृष्ण जन्म को यादगार बना दिया। सभी वृद्धजन भगवान को पालने में झूला कर जयकारा लगा रहे थे।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि वृद्धजनों ने आज भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मना कर बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। यही हमारा संकल्प भी है जो वृद्धजन मायूस रहते थे आज उन सबको हर सुविधा के साथ अपना परलोक संवारने के लिए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कराए जा रहे हैं। वृद्ध माता-पिता भगवान के ही रूप हैं आज 75 वृद्ध माता-पिता की खुशी देखकर मैं अपने को भी भाग्यशाली पा रहा हूं कि जिनके परिवार को सेवा करने का भगवान ने मौका नहीं दिया ऐसे में मुझे 75 माता-पिता की सेवा का भगवान ने मुझे अवसर दिया है।

वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य की सोच और त्याग से ऐसे ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। हमारा वृद्धाश्रम परिवार हर कार्यक्रम में पूरा सहयोग करता रहेगा।वृद्ध शिव बाबू ने कहा कि रोशनलाल जैसा बेटा पाकर हम सबको अब तो घरों की भी याद नहीं आती है हमें जो बच्चों से नहीं मिला वह सब रोशनलाल ने बेटा बनकर हम सबको दिए है।इस अवसर पर शिवेश शुक्ला, आदर्श कुमार, परमानंद मिश्रा, विवेक यादव, सूरज उमरवैश्य,मानसिंह, अंबिका प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, अतुल सिंह, जय राम दादा, शिव बाबू, गयादीन, हीरालाल, लाल जी, रामबोध,शीला, अनारकली, प्रभु देवी आदि।



# एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल,उप्र द्वारा फाउंडर्स डे व फाउंडेशन डे मनाया गया

**लोकमित्र(ब्यूरो)**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल,उत्तर प्रदेश,डिस्ट्रिक्ट-114 द्वारा बाबा राम उदित सेवा संस्थान,शिशु गृह,शुकुल पुर,प्रतापगढ़ में अनाथ बच्चों के इस पालना गृह में 16वां स्थापना दिवस धूम धाम के साथ संस्था प्रबंधक श्री कमला कांत शुक्ला की अध्यक्षता एवं इंटरनेशनल कमेटी चेयरमैन एलाई राजेश सिंह के संयोजकत्व में मनाया गया।इस अवसर पर विश्व स्तरीय इस स्वयं सेवी गैर सरकारी सामाजिक संस्था के जनक,संस्थापक एलाई सतीश लाखोटिया जी,आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन,पूर्व राष्ट्रपति भारत एवं उत्तर प्रदेश डिस्ट्रिक्ट 114 के संस्थापक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आदर्श शिक्षक (सेवानिवृत वरिष्ठ प्रवक्ता पी.बी.कालेज,प्रतापगढ़) एलाई डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव,इंटरनेशनल जवाइंट ट्रेजरर के मुख्य आतिथ्य में केक काट कर,फल, मिष्ठान,समोसे,आदि का जलपान वितरण कर अनाथालय के बच्चों के साथहर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर श्री कमला कांत जी शुक्ला जी एवं दो शिक्षिओं को क्लब का सम्मान पत्र प्रदान कर समारोह पूर्वक इंटरनेशनल ट्रेजरर एवं आईसीसी द्वय द्वारा सम्मानित भी किया गया।इस अवसर एलाई ब्रजेश पाण्डेय,एलाई मुकेश मंछानी,एलाई अंशुमान सिंह,एलाई विपिन सिंह, बाबा राम उदित सेवा संस्थान शुकुलपुर,संस्था प्रबन्धक श्री कमलाकान्त शुक्ला,बाल कल्याण अधिकारी श्री अरविन्द कुमार मिश्रा, अध्यापिका स्मृति मिश्रा,कला संगीत अध्यापिका श्रीमती सुनीता शुक्ला, समाज सेवक श्री राजेश कुमार शुक्ला,हाउस फादर श्री रत्नेश शुक्ला,सर्वेश कुमार शुक्ला, पूजा,श्रेया,रंजना,ननका, शिवपति आदि उपस्थित रहे।



## धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**बाबा घुश्मेश्वर नाथ धाम, प्रतापगढ़।** भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बाबा घुश्मेश्वर नाथ धाम मन्दिर में धूम धाम से मनाया गया। जन्माष्टमी पर बुधवार को आस पास के हर छोटे बड़े मंदिर को सजाया गया और पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ यहां लोगों ने पूजा अर्चना की।बाबा घुश्मेश्वर नाथ धाम स्थित श्री कृष्ण मन्दिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने नटखट कान्हा की पूजा की और इस दिन खासकर महिलाओं ने दिन भर उपवास भी रखा।वहीं मंदिर में कीर्तन भजन के साथ-साथ श्रीकृष्ण के अद्भुत प्रेम की झांकियां भी निकाली गई जिन्हें देखने वालों का तांता लगा रहा।मन्दिर महंत बाबा मयंक भाल गिरि ने प्रभु श्री कृष्ण की आरती उतारी उसके उपरांत प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान अनिल गिरि, शीतला प्रसाद गिरि, विजय गिरि, विपिन तिवारी, संजीव सिंह, विशाल मिश्र, संदीप पाण्डेय, उपेंद्र मिश्र, कुश गिरि, धर्मेंद्र सिंह, अम्बुज मिश्र,मनीष मिश्र, हरिश्चंद्र यादव प्रांजल तिवारी सहित सैकडों भक्तगण मौके पर मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति शिक्षा कर्मी 15 को सीएम आवास पर करेगा आत्मदाह

## रिटायरमेंट के 10 माह बाद भी के बाद पेंशन न मिलने से परिवार भूखमरी के कगार पर

**लोकमित्र(नि. स.)**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** शिक्षा विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी को विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य से असहयोग व द्वेष भावना के कारण पेंशन न मिलने से परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। जिसके कारण पीड़ित शिक्षाकर्मी विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए आगामी 15 सितंबर को लखनऊ स्थित मुख्य मंत्री आवास पर आत्मदाह करने की धमकी दिया है।जनपद प्रतापगढ़ की कुंडा तहसील क्षेत्र के मानिकपुर थाना अंतर्गत कुसाहिलडीह गांव निवासी मो.हसनैन पुत्र मो. कमरूज्मा हाशमी इंटर मीडिएट कालेज मानिकपुर के सेवानिवृत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। गत वर्ष 31.10.2022 को विद्यालय से सेवा निवृत्त हुए थे। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर आरोप लगाया है कि पेंशन लाभ प्राप्त करने के लिए प्रबंधक सतीश शर्मा व प्रधानाचार्य रमाकांत मौर्य द्वारा 50 हजार रुपए की मांग की गई। मांगीं गई धनराशि न मिलने पर सेवानिवृत होने के बाद त्रुटिपूर्ण पत्रावली जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को भेजी गई थी। जहां से आपत्ति के साथ वापस हो गई। उसके बाद फिर विद्यालय की तरफ से कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किया गया। पीड़ित कर्मचारी पेंशन पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाते-खाते भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। रिटायरमेंट पीड़ित कर्मचारी मो.हसनैन हाशमी ने शिक्षा विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को लिखित अनुरोध पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है, कि 15 सितंबर तक पेंशन योजना से लाभान्वित नहीं किया गया, तो भुखमरी से मरने से अच्छा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लखनऊ स्थित आवास के पास आत्मदाह कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेंगे। जिसकी जिम्मेदारी विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य समेत शिक्षा विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों की होगी। इस संबंध में वर्तमान प्रधानाचार्य अशफाक अहमदी ने बताया कि सेवानिवृत्ति कर्मचारी मोहम्मद हसनैन हाशमी ने विद्यालय से संबंधित सहकारी समिति से लोन लिया है। सेवानिवृत्त तत्कालीन प्रधानाचार्य रमाकांत मौर्य को एफिडेविट भी दिया था। ऋण की धनराशि जमा न होने के कारण वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। वाह रे बीजेपी सरकार नारा तो दिया है, सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, लेकिन अपने कर्मचारी के साथ कर रही अन्नाय व भेदभाव। बड़ा सवाल अगर कर्मचारी ने आत्मदाह कर लिया तो क्या दोषियों के खिलाफ बाबा जी का बुलडोजर गरजेगा।

## महिलाएं असुरक्षित बाबा जी के दावे हवाहवाई - संदीप त्रिपाठी

**कुंडा-प्रतापगढ़ ।** भाजपा शासन काल में सामान्य नागरिक के अलावा पुलिस कर्मी भी सुरक्षित नहीं है। ऐसा ही मामला देखने को मिला है अयोध्या होकर प्रयागराज जाने वाली सरयू एक्सप्रेस में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल पाई गई। उसके शरीर पर धारदार हथियार से वार किए जाने व अर्धनग्न अवस्था में ट्रेन के अंदर पाई गई थी। संभावना जताई जा रही है कि उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का प्रयास किया गया है। उसे गंभीर अवस्था में केजीएमयूअस्पताल अयोध्या से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जिस घटना के बाद विपक्षी दल लगातार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बीजेपी सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहीं है। इसको लेकर कॉग्रेस नेता टीवी पैनलिस्ट संदीप त्रिपाठी ने योगी सरकार पर महिला सुरक्षा को लेकर हमला बोला है। त्रिपाठी ने कहा जिस तरह प्रदेश में आवारा सांड जगह जगह घूम रहें है। उसी तरह आज प्रदेश में बेलगाम अपराधी घूम रहें है। आम लोगों की सुरक्षा करने वाली यूपी पुलिस की महिला सिपाही जब सुरक्षित नही है, तो आम महिलाएं किस तरह सुरक्षित होंगी। यह सोचने वाला विषय है, कि इतने दिन बीत जाने पर भी अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर है। यह योगी बाबा के झूठे कानून व्यवस्था की पोल खोल रहा है, तथा महिला सुरक्षा का उनका दावा हवा हवाई साबित हो रहा है।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**रखहा, प्रतापगढ़ ।**विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के शीतलागंज बाजार में स्थित शिव राम जानकी हनुमान मंदिर पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । सुबह से देर रात तक चलता रहा भजन कीर्तन और झांकी का आयोजन सबसे पहले श्री कृष्ण जी की आरती उतारी गई उसके बाद भजन कीर्तन का आयोजन चला रहा । जिसमें गायक कलाकार बालक राम संत राम संतोष तिवारी उर्फ कल्लू काशी प्रसाद बैंजो मास्टर ने अपनी भक्ति गीतों से भक्तों का मन मोह लिया जिससे भक्ति भाव मैं भाव विभोर होकर भक्त नाचने गाने लगे जिसमें मुख्य रूप से मंदिर समिति के मुख्य सेवादार आशीष कुमार गुप्ता गुरुजी, बजरंगी लाल गुप्ता, रमेश, लालता, रवि, विनोद जायसवाल, फूलचंद, रमाशंकर, शंकर ठेकेदार आदि लोग मौजूद रहे वही मंदिर समिति के अध्यक्ष बजरंगी लाल गुप्ता ने कहा कि आप महानुभावों का सहयोग ऐसे ही मिलता रहेगा तो हमेशा ऐसा ही कार्यक्रम चलता रहेगा ।

# जामताली में खेत से पोल ले जाने पर दबंग ने हथौड़े से तोड़ डाला सरकारी विद्युत पोल

### जामताली में दबंग की दबंगई बनी चर्चा का विषय
### विद्युत पोल तोड़े जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा जमकर वायरल

**लोकमित्र(नि. स.)**

**बीरापुर प्रतापगढ़** -रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति विद्युत उपखंड पांडेय तारा से की जाती है। बताते हैं विद्युत लाइन को लुमिनस कंपनी द्वारा हुलासी का पूरा गांव से बसहा गांव तक बंद केवल की एल टी लाइन विभाग द्वारा बनवाए जा रही है और सरकारी विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं। इस विद्युत लाइन को बनवाने के लिए ठेकेदार और सुपरवाइजर जामताली पंडितान गांव में रखा सरकारी विद्युत पोल ट्रैक्टर से खींच कर हुलासी का पूरा गांव ले जा रहा था। जामताली पंडितान गांव में विद्युत पोल एक दबंग व्यक्ति के खेत से लेकर चला गया। जिसकी सूचना मिलते ही दबंग व्यक्ति मौके पर पहुंचा और अपने दबंगई पर उतारू हो गया। और खेत में से पोल ले जाने पर दबंग व्यक्ति सरकारी विद्युत पोल को हथौड़े से तोड़ डाला और उसे खंड-खंड कर दिया। शायद दबंग व्यक्ति को सरकारी विद्युत पोल तोड़ने का कोई डर नहीं है। और यदि यही हाल रहा तो सरकारी विद्युत पोल का क्या हश्र होगा आप खुद ही समझ सकते हैं। दबंग की दबंगई जामताली क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। और सरकारी विद्युत पोल दबंग द्वारा तोड़े जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। देखना यह है कि बिजली विभाग के आला अधिकारी दबंग के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं। मामले के संबंध में ठेकेदार और सुपरवाइजर ने विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत की है।



## न्यायालय के आदेश पर पूर्व प्रधान के विरुद्ध दुराचार करने का मुकदमा हुआ पंजीकृत

**बाघराय**-बाघराय थाना क्षेत्र के भीखापुर कानीडीह गांव निवासिनी एक किशोरी ने पूर्व प्रधान श्रीनाथ सरोज पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान ने बीते आठ जून 2023को सायं आठ बजे शौच जाते समय जबरन एकांत में ले जाकर दुष्कर्म किया व कहा कि कही शिकायत करोगी तो जान से मार डालूंगा गत चार सितंबर को न्यायालय ने बाघराय पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया पुलिस ने आरोपी पूर्व प्रधान श्रीनाथ के विरुद्ध धारा 376,,,506,, के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया,,,आज भोर में उप निरीक्षक घनश्याम ने पूर्व प्रधान श्रीनाथ को उनके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया

## वकील मैडम वेब सीरीज में वकील की भूमिका में धूम मचा रहे एक्टर विवेक कुमार सिंह




**लोकमित्र(ब्यूरो)**

**प्रतापगढ़।** मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने वाले दर्शकों की पहली पसंद बने एक्टर विवेक कुमार सिंह एक्टर विवेक सिंह प्रतापगढ़ के पूरेमाधव सिंह गाँव के निवासी हैं छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक दर्शकों की खूब सुर्खियां बटोरी इन दिनों बेब सीरियल वकील मैडम में वकील की भूमिका में नजर आएंगे एक्टर विवेक कुमार सिंह जिसकी सूटिंग उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में शुभ मुहूर्त के तहत प्रारंभ हो गई है जिससे डारेक्टर राहुल गौड़ और सीरियल के राइटर नीरज भारद्वाज है वही मुख्य कलाकारों में तेजसपरु किरन कुमार निवा शर्मा टीना जी आदि महान कलाकारो का संगम है इस प्रोजेक्ट के डारेक्टर राहुल गौड़ है।

# जिला कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो पदयात्रा




**लोकमित्र(नि. स.)**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा गत वर्ष सफलता के साथ संपन्न हुए भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर मुख्यालय पर निकली भारत जोड़ो पदयात्रा।कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक विगत वर्ष आज ही के दिन भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी इस ऐतिहासिक यात्रा को ÷भारत जोड़ो यात्रा÷ का नाम दिया गया। यह यात्रा 136 दिनों तक लगातार चलते हुए 4081 किलोमीटर,12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होते हुए देश के गरीब, किसान, दलित, नौजवान, महिलाएं, बुद्धिजीवी और समाज के भिन्न-भिन्न लोगों से मिलते हुए राहुल गांधी ने यह एहसास कराया कि एक राजनेता के रूप में वे देश के विभिन्न मुद्दों को लेकर कितने संवेदनशील हैं। इस यात्रा के माध्यम से आम लोगो से मिलकर बातचीत कर देश में व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए। इस यात्रा का मकसद देश में प्रेम, भाईचारा बढ़ाने, डर की राजनीति और समाज में फैले नफरत के खिलाफ खड़े होना था। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को पूरे देश ने अपना पूर्ण समर्थन दिया।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा से देश में एक नए विचार का जन्म हुआ जिससे जनता ने भी महसूस कर लिया है कि अब नफरत से देश आगे नहीं बढ़ सकता इसलिए समाज में प्यार, सौहार्द और एक दूसरे के साथ खड़े होकर देश को मजबूत करना है।प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी मुकुंद तिवारी ने कहा भारत जोड़ो यात्रा देश की जरूरत थी जिसे राहुल गांधी ने सफलता के साथ पूरा किया। इस यात्रा से मौजूद भाजपा सरकार पूरी तरह से हिल गई है, भाजपा द्वारा बांटो और राज करो और समाज में फैलाई गई नफरत को राहुल गांधी ने अपनी यात्रा और यात्रा के बाद भी समाज के विभिन्न गरीब, मजदूर, किसानों, नौजवानों की समस्याओं से दिन प्रतिदिन अवगत होते हुए उनके आज के संघर्ष में साथ खड़े होकर मौजूद भाजपा सरकार के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है।प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि देश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश की जनता आज गौरवान्वित हुई है, राहुल गांधी देश में भविष्य की राजनीति के सिरमौर बनेंगे और तब देश के ज्वलंत मुद्दों का समाधान होगा। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष ने किया और संबोधन में कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मौजूद विभाजनकारी राजनीति के सामने एक ढाल की तरह खड़ी हो गई है जो देश में भविष्य की उन्नति, विकास, समरसता को स्थापित करेगी।पीसीसी सदस्य डॉज़ प्रशांत देव शुक्ल ने कहा कि राहुल गांधी आज देश की उम्मीद है, देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, ग़रीबी और नफरत का जो माहौल बना है इन समस्याओं को कांग्रेस और राहुल गांधी के प्रयास और जनता से मिल रहे जन समर्थन से आने वाले समय में इससे निजात मिलेगी।कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा, डॉज़ वी के सिंह, महेंद्र शुक्ला, वेदांत तिवारी, सुनीता पटेल, मौलाना वाहिद, प्रशांत सिंह, योगेश यादव, करुण पांडेय, संदीप त्रिपाठी, संजय इस्तियाक, चरण सिंह यादव, मुरली हरिजन, राम रतन तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, ज्योत तिवारी %गल्ली%, अभय किशोर, उत्सव भूषण पाल, दानिश महबूब, आशुतोष तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, सलीम उल्ला, मो आफाक, इरशाद भूलियापुर, रियाज, अशोक सिंह, ओंकार पांडेय, बृजेश यादव, दिलशाद, हजारीलाल वर्मा, नरगिस बानो, राजेंद्र वर्मा, सुभाष तिवारी सहित सैकड़ो लोग इस पदयात्रा में शामिल हुए।

## प्रतिबंधित गोमांस 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र(नि. स.)**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कल दिनांक 06ण09ण2023 को जनपद के थाना फ्त्तनपुर से उ0नि0 श्री प्रभात व उ0नि0 श्री रत्नेश मौर्या मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछितए वारण्टीध्चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र फ्त्तनपुर के नहर सड़क ग्राम कैलीडीह के पास से 02 व्यक्तियों 01ण् मोहम्मद कयूम उर्फ मल्लन पुत्र मोहम्मद इस्लाम 02ण् बरकत पुत्र मोहम्मद कयूम नि0गण ग्राम कैलीडीह थाना फ्त्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को 08 किलोग्राम प्रतिबंधित गोमांस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर उनके घर से एक अदद लकड़ी का ठीहाएएक अदद लोहे का चापड़ ए एक अदद बड़ा चाकू व एक छोटा चाकूए एक अदद रस्सी व एक अदद रेतीए एक लोहे का तराजू व एक लोहे का बांट बरामद किया गया । इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 199ध्2023 धारा 3ध्5ध्8 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 श्री सीताराम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछितए वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एसटी नं0 7871ध्2021 धारा 323ए 504ए 506ए 308ए 325ए 427ए 452 भादवि थाना कोहड़ौरजनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 01ण् मोहम्मद तौफीक पुत्र स्व0 हनीफ 02ण् इंद्रीश उर्फ सुग्गा पुत्र स्व0 रऊफ नि0गण ग्राम रामनगर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया ।

# सम्पन्न हुआ दही हण्डी का कार्यक्रम

## रात भर लोग जश्न में डूबे रहे

लोकमित्र(नि. स.)

**शमशेरगंज- प्रतापगढ़।** सोनेश्वर नाथ धाम सेवा समिति दण्डीपुरम् के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बहुत ही उमंग और हर्षोल्लास के साथ निष्ठा आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ वाणी वंदना के साथ उपस्थित लोगों के मस्तक चंदन वंदन से हुआ ।इस महोत्सव में बहु आयामी कार्यक्रम संयोजित किया गया ।दही मटकी, प्रतियोगिता,कबड्डी प्रतियोगिता, और रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के पावन जन्म की बेला तक कीर्तन भजन का अनवरत क्रम चलता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार डाक्टर सच्चिदानंद त्रिपाठी के साथ उपस्थित श्री धीरेन्द्र पाण्डेय, डॉ अरुण कुमार रत्नाकर, अरविंद दुबे, मो हई ,संतोष मिश्र आचार्य, अनूप तिवारी,राकेश तिवारी, लक्ष्मी नारायण तिवारी ,आदि गणमान्य जन ने अपने उद्बोधन से कार्यक्रम के आयोजक मंडल की सराहना करते हुए कार्यक्रमों की श्रंखला का उद्घाटन किया । साहित्यकार गण के काव्यपाठ ने सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफलता की पटकथा लिखी । अनेकानेक कविताओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को कवियों ने मंत्र मुग्ध किया ।इस कार्यक्रम को घर के अंदर व बाहर से बड़ी संख्या में माताओं एवं बहनों ने देख सुनकर प्रतिभागियों व



आयोजकों को वाह वाही दी । इसके बाद कबड्डी प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ ।कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम मैच दण्डीपुरम् और परसीपुर के बीच हुआ, जिसमें परसीपुर टीम विजेता रही ।दूसरा मैच बरदैंत और कटरा क्षत्रधारी के बीच हुआ, जिसमें बरदैंत टीम जीती ।इसके बाद फाइनल मैच बरदैंत और परसीपुर टीम के बीच फाइनल मैच का मुकाबला बड़ा ही दिलचस्प और रोमांचक रहा ।इस फाइनल मैच में बरदैंत टीम को 15 अंक और परसीपुर को 14 अंक प्राप्त हुए ।इस तरह से 1 अंक की बढ़त के साथ बरदैंत टीम ने फाइनल मैच जीत कर विजेता और परसीपुर टीम उपविजेता बनी ।इसके बाद दही हण्डी प्रतियोगिता शुरू हुई ।इस प्रतियोगिता में कटरा, परसीपुर और मेजबान टीम दण्डीपुरम् ने प्रतिभाग किया ।सभी टीमों को दही हण्डी फोड़ने के लिए एक निश्चित समय निर्धारित किया गया था ।सभी टीमों ने अपने अपने करतब दिखाते हुए मटकी फोड़ने के लिए पिरामिड बनाते हुए अपना अपना बेहतरीन प्रयास किया ।पानी के फव्वारे से सराबोर प्रतिभागियों का प्रयास देखते ही बन रहा था ।अनेकों बार गिरते उठते सम्हलते मटकी को फोड़ने का प्रयास करते हुए प्रतिभागियों का नजारा गजब का था । इस प्रतियोगिता में कटरा क्षत्रधारी टीम विजेता बनकर उभरी। पुरस्कार वितरण के पश्चात समाजसेवी सज़य शुक्ल ने अपने उद्बोधन से युवाओं में जो जोश भरते हुए आयोजन की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हम सबमें श्रद्धा आस्था नैतिकता और एकता का विकास होता है । इसलिए हम सबको ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए । उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सूत्रधार साहित्यकार आशुतोष गिरि दीपक% के साथ दही हण्डी आयोजन समिति के संस्थापक राजेश्वर गिरि, संयोजक सत्यम गिरि का प्रयास बहुत ही सराहनीय व प्रशंसनीय है। आयोजक दया शंकर गिरि ने सम्पूर्ण कार्यक्रम में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समस्त साहित्यकार गण, पत्रकार गण व क्षेत्रवासियों के प्रति आभार प्रकट किया ।कार्यक्रम का संचालन हरिवंश शुक्ल शौर्य व अध्यक्षता डा सच्चिदानंद त्रिपाठी ने किया 7इस महोत्सव में महेंद्र पाल, राजेंद्र सरोज, हरिकेश सिंह, अवधेश सिंह, राहुल पाल कैप्टन, सुशांत विश्वकर्मा कैप्टन, अंकित वर्मा कैप्टन, बब्बन सिंह, बल्लर सिंह, नन्हेलाल सरोज, कल्लू गुप्ता, अमित गिरि, विकास गिरि, किशन गिरि, वेद प्रकाश गिरि, अजय यादव के साथ हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

## दुष्कर्म के अभियोग में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षकए प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना बाघराय के उ0नि0 श्री धनश्याम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र ध् तलाश वांछितएवारण्टी अभियुक्तध् विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 163ध्2023 धारा 376ए 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त श्रीनाथ सरोज पुत्र रामसुमेर नि0ग्राम चौहान का पुरवा भीखापुर कानीडीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**प्रतापगढ़।** ब्लॉक सड़वा चंद्रिका के ग्राम सभा में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन ÷नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नुक्कड़ नाटक पेयजल समिति की बैठक स्वच्छता मेले द्वारा ग्रामीण जन मानस को जन जागरूक किया गया। उपरोक्त कार्य के संचालन में जल जीवन मिशन की टीम जिला समन्वक शमसाद अहमद कोअर्डिनेट, सैफ परीक्षक पंकज यादव, इरशाद अहमद, अरिस लारी, ग्राम प्रधान अमरेज सिंह, रोजगार सेवक (प. नि.) मनीष कुमार वर्मा तथा भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी उपस्थित रहे

# बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करने वाले तरीके से करें शिक्षण कार्य

**चित्रकूट ब्यूरो:** जनपद स्तर पर टी.एल.एम. निर्माण, नवाचार महोत्सव एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज कार्यक्रम का आयोजन डायट शिवरामपुर में किया गया। टी.एल.एम निर्माण एवं नवाचार महोत्सव में जनपद के बेसिक से लेकर माध्यमिक के शिक्षकों एवं डायट के प्रवक्ताओं के नवाचारों, टी.एल.एम. एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रदर्शन कराया गया है तथा सर्वश्रेष्ठ नवाचारों का अभिलेखीकरण कर उनकी पुस्तिका एवं डिजिटल डायरी तैयार की गई। महोत्सव कार्यक्रम का प्रारम्भ डायट प्राचार्य डॉ. आदर्श कुमार त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रदर्शित सर्वश्रेष्ठ नवाचारो एवं टी.एल.एम. का चयन करने के लिए निर्णायक समिति के रूप में आए डॉ. संध्या पांडेय व डॉ. रीना पांडेय जगदुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर चित्रकूट एवं शिवलाल यादव प्रवक्ता डायट शिवरामपुर चित्रकूट का बैज अलंकरण करके स्वागत किया गया। इसके साथ ही प्राचार्य डायट एवं डायट के समस्त प्रवक्तागणों का भी बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। निर्णायक समिति के द्वारा सर्वश्रेष्ठ नवाचारों का चयन चार स्तरों प्राथमिक स्तर, उच्च प्राथमिक स्तर, माध्यमिक स्तर और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर किया गया। प्राथमिक स्तर पर विष्णु कुमार सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय बिनौरा रामनगर को प्रथम स्थान, रामनारायण पांडेय प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बगलई को द्वितीय स्थान, राजू यादव प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय उफरौली को तृतीय स्थान, उच्च प्राथमिक स्तर पर अनुरंजना सिंह सहायक अध्यापिका कंपोजिट विद्यालय कोठिलिहाई मानिकपुर को प्रथम स्थान एवं गिरीश कुमार मिश्रा सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय लोढ़वारा को द्वितीय स्थान व माध्यमिक स्तर पर अजय कुमार त्रिपाठी सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी को प्रथम स्थान, निलेश कुमार त्रिपाठी प्रवक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज हरदीकला मऊ को द्वितीय स्थान एवं नेहा द्विवेदी सहायक अध्यापिका राजकीय हाई स्कूल शिवरामपुर को तृतीय स्थान तथा डायट स्तर पर सौरभ चन्द्र सविता प्रवक्ता डायट शिवरामपुर चित्रकूट को प्रथम स्थान, ज्योति देवी डीएलएड प्रशिक्षु-21 बैच को द्वितीय स्थान एवं रोशनी, प्रियंका चक्रवर्ती, ज्योति रैकवार को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रत्येक स्तर से 1 सर्वश्रेष्ठ नवाचारों को (कुल 4 नवाचारो) को प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस महोत्सव कार्यक्रम में सभी डायट प्रवक्तागण, बेसिक व माध्यमिक के शिक्षकगण, डायट के प्रशिक्षु एवं डायट का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इस महोत्सव कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन मोहित कुमार सिंह डायट प्रवक्ता द्वारा किया गया।

## सगरा सुंदरपुर व्यापार मंडल की इकाई भंग

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष राकेश केसरवानी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला पदाधिकारियों की सलाह पर उन्होने सगरासुंदरपुर व्यापार मंडल इकाई को भंग कर दिया। उन्होने बताया कि स्थानीय बाजार के व्यापारी भाईयो की आम सहमति पर वहां चुनाव कराया जाएगा या फिर स्थानीय व्यापारी भाईयो की आम सहमति पर नये अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष पदो पर मनोनयन किया जाएगा। इस बीच सगरा सुंदरपुर बाजार व्यापार मंडल की नई कमेटी के गठन होने तक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने वहां का कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल को मनोनीत किया। वह सहयोगियो के साथ मिलकर कार्यो का संचालन करेंगे। बाजार के व्यापारी भाइयो की समस्याओ का समाधान स्थानीय स्तर पर व जिले स्तर पर करायेंगे।

# अलग-अलग घटनाओं में तेरह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लोकमित्र (नि0सं0)

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** अलग-अलग घटनाओं में तेरह नामजद व चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज । स्थानीय थाना क्षेत्र के नया का पुरवा डांडी गांव निवासिनी राजपती पत्नी रामसूरत वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बतायी कि पुरानी रंजिश को लेकर सोलह जुलाई को गांव के ही माता प्रसाद वर्मा के लड़के सूर्य भान वर्मा व भोला वर्मा व शीतला प्रसाद वर्मा व लड़की सुशीला व अर्चना वर्मा एक राय होकर गालियां देते हुए लाठी-डंडे से लैस होकर मेरे दरवाजे पर चढ़ आये और मुझे मारने लगे हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार एक अन्य घटनाक्रम में थाना क्षेत्र के नागापुर तिवारी गांव निवासिनी रेहाना वेगम पत्नी मोहम्मद वसीम ने पुलिस को तहरीर देकर बतायी जमीन बंटवारे को लेकर परिवार के ही शहरुख व तैफुल व तजीमुन निशा व आशद उल्ला अपने चार अन्य साथियों के गालियां देते हुए अमादा फौजदारी हो गये और जान से मारने की धमकी देते हैं। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।इसी प्रकार एक घटना में कंधई थाना क्षेत्र के जगदीश पुर गांव निवासिनी अनारकली पत्नी रामसजीवन ने पुलिस को तहरीर देकर बतायी कि जमीन बैनामा करने को लेकर पैसा लिया था बैनामा ना करने पर पैसा वापस मांगा तो लीलापुर थाना क्षेत्र के सुखऊपुर पूरनपुर खजूर गांव निवासी जहीर उद्दीन व शरीफ अली पुत्र जहीर उद्दीन व माजिदा बेगम पत्नी जहीर उद्दीन व रोशन एक राय होकर गालियां देते हुए अमादा फौजदारी हो गया और जान से मारने की धमकी दी। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है

**अदालती नोटिस**

न्यायालय श्रीमान बंदोबस्त अधिकारी महोदय चकबंदी जिला प्रतापगढ़
अपील संख्या 478 /479
लालमणि आदि
बनाम
अम्बिका प्रसाद आदि
बनाम 1/1विनय कुमार पुत्र स्व0 त्रिभुवन नाथ 2/2 सुनीता पत्नी स्व0 त्रिभुवन नाथ निवासी ग्राम शेखनपुर पर 0तह पट्टी जिला प्रतापगढ़ ।
तारीख पेशी 27 -9-2023
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है यह तक द्वारा संबंध नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27- 9- 2024 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र का टी आई व तनकीह समय प्रातः 10=00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दवा करें ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 25 - 8 - 23 को जारी किया गया ।
आज्ञा से

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी का शास्त्री परीक्षा का मूल प्रमाण-पत्र, माइग्रेशन तथा चरित्र प्रमाण पत्र रास्ते में कहीं खो गया है। मैने शास्त्री की परीक्षा वर्ष 2012 में परांकुश सं0म0वि0 पूरे नोती, प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण किया है।
सुभाष सोनी
सुपुत्री स्व0 गोपाल चन्द्र सोनी
निवासी पल्टन बाजार, थाना
कोतवाली नगर, प्रतापगढ़

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 16/22
नाम फरीकेन बाबूलाल कोरी बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास व आम मौजा कटरिया प0 सदर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 14.09.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 14.09.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा लड़का मोह0जैद मेरे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नहीं है। वह आए दिन मुझसे तथा मेरे परिजन से लड़ाई झगड़ा करता रहता है, असामाजिक तत्वों के साथ उसका सम्बन्ध है । ऐसी दशा में मैने अपने छोटे लड़के मो0 जैद को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है ।उससे मेरा और परिवार के किसी अन्य सदस्यों से कोई वास्ता सरोकार लेना देना नहीं है । यदि भविष्य में मो0जैद कोई वैध अवैध, उचित अनुचित कार्य करता है तो उसके लिए मेरी या मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा ।
रईश उद्दीन
सुत जहीरुद्दीन
निवासी ग्राम मिश्रपुर तरौल थाना जेठवारा पर 0तह 0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी करछना प्रयागराज**
बाद संख्या-टी 202302030 वर्ष 2023
धारा-38 उ0प्र0रा0संहिता ग्राम-डभांव परगरा अरैल तहसील करछना जनपद प्रयागराज
जियालाल बनाम
सरकार उत्तर प्रदेश आदि
नाम प्रतिवादीगण
1. सरकार उत्तर प्रदेश जरिये कलेक्टर साहब बहादुर प्रयागराज 2. मुहम्मद रफात पुत्र हाजी अब्दुल हमीद निर्भाव तहसील करछना प्रयागराज 3. मंजू देवी पत्नी सुरेन्द्र प्रसाद नि0 मुकेरी बजार तहसील सदर जिला मिर्जापुर। 4. प्रियंका पत्नी घनश्याम तिवारी नि0 बरिगवा पो0 गुढ तहसील गुढ जिला रीवा हा0मु0 18 एन0सी0एल0 कालोनी सिंगरौली हायर सेकेण्डरी विघालय पंजरेह के पास सिंगरौली कौल्हियारी म0प्र0 5. वन्दना दुबे पत्नी जयप्रकाश नि0 मितई तहसील सदर जिला मिर्जापुर। 6. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र मथुरा प्रसाद नि0 सीणिअरिया माकी तहसील मऊ जिला चित्रकूट। 7. प्रतीक केसरवानी पुत्र दीनानाथ केसरवानी नि0-173ए / 1 दरियाबाद प्रयागराज। 8. शंकर तिवारी पुत्र रामसजीवन तिवारी नि0 पिपरहटा बडहा जारी करछना प्रयागराज 9. प्रतिमा पत्नी अनुज कुमार नि0-71डी / 9 कमला नगर स्टेनली रोड प्रयागराज। 10. रूमन सिंह पत्ती प्रमोद सिंह नि0 बघेड़ा तहसील करछना प्रयागराज 11. रजनीश कुमार पुत्र वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव नि0 282 / 265 नई बस्ती मनमोहन नगर कीटगंज प्रयागराज । 12. शालू पत्ती सुनील कुमार 13. सुनील कुमार पुत्र पारसनाथ नि0 गण चित्रकुट तहसील सदर प्रयागराज 14. रामचन्द्र पुत्र मेवालाल नि0 कुलमई भगाही प्रयागराज 7 15 आशुतोष त्रिपाठी पुत्र रमाकान्त त्रिपाठी नि0 बरांव मधु का पूरा प्रयागराज । 16. जितेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल पाण्डेय नि0 कुलमई भगाही प्रयागराज 117. सुषमा वैश्य पत्नी मनोज वैश्य नि0 बहादुरगंज प्रयागराज। 18. शकुन्तला देवी पत्नी विवेकानन्द तिवारी नि0 राम का पूरा पीडी प्रयागराज 19. गणेशचन्द्र शुक्ला पुत्र कामता प्रसाद का नि0-निराला नगर लखनपुर शंकरगढ प्रयागराज
पत्रांक संख्या- मेमा / रीडर करछना
दिनांक 24.08.2023
(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
उपजिलाधिकारी करछना

# जिले में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी





**चित्रकूट ब्यूरो:** योगेश्वर श्रीकृष्ण का अवतार मानव समाज को यह प्रेरणा देता है कि ईश्वर उन्हीं के रथ के सारथी बनते हैं, जो धर्म और न्याय के रास्ते पर चलते हैं। विधर्मी भले ही कौरवों जैसे शक्तिशाली हों वे धार्मिक शक्तियों के सामने टिक नहीं सकते। यह बात श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर कामदगिरि पीठ के अधिकारी संत मदनगोपाल दास ने कही।श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में सुबह से ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम रही, मंदिर में बिराजे भगवान श्रीकामतानाथ भगवान एवं श्री रामदरबार में बिराजी राम-जानकी की मूर्तियों का बड़ा भव्य श्रृंगार किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिले में भक्ति और आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। मठ-मंदिरों में तो झांकियां सजी हीं, घरों में भी लोगों ने साज-सजावट कर जन्माष्टमी मनाई। जिला मुख्यालय में शोभा यात्रा निकालकर राधा-कृष्ण की झांकी निकाली गई। इस दौरान चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी ने भगवान राधा-कृष्ण की झांकी की आरती उतारकर स्वागत किया। इस मौके पर देवराज यादव, मोनू यादव समेत श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। राधाकृष्ण मंदिर, इस्कान मंदिर और बांके बिहारी मंदिर आदि में सुबह से ही आस्थावानों का जमावड़ा लगा। परिक्रमा मार्ग में स्थित बांके बिहारी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं नंदोत्सव मनाया गया। बांके बिहारी मंदिर के पुजारी एवं व्यवस्थापक महंत भारतेंद्र दुबे ने बताया कि रात्रि ठीक बारह बजे श्रीकृष्ण जन्म के बाद महाभिषेक आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बताया कि छठी तक श्रीकृष्ण की झांकियां सजाई जाएंगी। इनके दर्शन को दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। घरों में भी लोगों ने बारह बजे रात को भगवान के जन्म के बाद बधाईयां गाई। शैक्षणिक संस्थानों में भी जन्माष्टमी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग के मठ-मंदिरों में भी जन्माष्टमी के अवसर पर सजावट की गई है।

बड़ी गुफा जानकी कुंड, पंजाबी भगवान आश्रम, संतोषी अखाड़ा व धारकुंडी आश्रम आदि में भी त्यौहार की धूमधाम रही। इसी प्रकार पहाड़ी कस्बा स्थित शिव शक्ति मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। शाम से ही भक्तों का मंदिर परिसर में ताता लगा रहा। पंडित अनुराग पांडेय ने बताया कि शिव शक्ति मंदिर पहाड़ी में क्षेत्रीय कलाकारों एवं श्रद्धालुओ ने साथ मिलकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रावण पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा, लवलेश मिश्रा, राम मगन सिंह, सुरेश, नागेंद्र, सुरेंद्र, अवधेश, विजय, सुरेश, रामकृपाल, रमाकांत, राजाराम, शत्रुघ्न, विराग, राम नारायण साहू सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नेत्र चिकित्सालय को सौंपा रोगी वाहन

## मानव सेवा से बड़ा कोई पुण्य नही- संजय

**चित्रकूट ब्यूरो:** आई.सी.आई.सी.आई. फाउंडेशन (बैंक) के अध्यक्ष संजय दत्त ने अपने चित्रकूट भ्रमण के दौरान सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के जानकीकुंड में स्थापित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा की जा रही नेत्र रोगियों की सेवा को देखकर बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने नेत्र रोगियों को लाने और उन्हें छोड़ने के लिए आई.सी.आई.सी.आई. बैंक फाउंडेशन की तरफ से एक रोगी वाहन ट्रस्ट को हरी झंडी दिखाकर सौंपते हुए कहा कि वह नेत्र रोगियों की सेवा देखकर बहुत खुश है। ऐसे पुण्य के कामों में वह स्वयं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने यह काम किया है और आगे भी ऐसे पुनीत काम में सहयोग करते रहने को कहा




है। इस दौरान उन्होंने ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रकल्पों का अवलोकन किया। इस दौरान ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बी के जैन, ट्रस्टी मनोज पांड्या एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका सद्गुरु परिवार की ओर से स्वागत किया।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, मां-पत्नी झुलसी

**चित्रकूट ब्यूरो:** रिमझिम बारिश के दौरान बीती शाम अचानक छूटी भैंस को फिर से बांधने के प्रयास में एक किसान करंट की चपेट में आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में उसकी मां व पत्नी भी करंट की चपेट में आ गए। पड़ोसी राजा मिश्रा ने किसी तरह तीनो को करंट से मुक्त कराकर आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया तथा मां व पत्नी को गंभीर हालत के चलते प्रयागराज रेफर किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रैपुरा थाना क्षेत्र के अगरहुंडा गांव के कमल कुमार (36) पुत्र बाबूलाल विश्वकर्मा की भैंस बारिश के दौरान छूट गई थी। जिसे बांधने के लिए कमल बाहर निकला। इस दौरान घर के बाहर लगे विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में करंट आ गया था, जिसको छूते ही कमल को करंट लग गया। यह देख पत्नी पूनम देवी (32) व मां चुनकीवा बचाने के लिए आए तो वह भी करंट की चपेट में आ गए। वहां मौजूद पड़ोसी राजा मिश्रा ने ग्रामीणों की सहायता से तीनों को करंट से मुक्त कराया तथा जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने कमल कुमार को मृत घोषित कर दिया तथा मां व पत्नी को गंभीर हालत के चलते प्रयागराज रेफर किया है।

# विश्व हिंदू महासंघ ने स्टालिन के बयान पर जताया विरोध

**चित्रकूट:** तमिलनाडु के युवा कल्याण व खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान से आक्रोशित विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही मंत्री का पुतला फूंकने का भी प्रयास किया।विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष रवि सिंह बघेल के नेतृत्व में गुरुवार को महासंघ के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए शहर के धनुष चौराहे पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का बयान सनातन धर्म के खिलाफ है। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया व कोरोना जैसी बीमारी से की है, जो बिल्कुल गलत है। इसकी महासंघ घोर निंदा करता है।



इसके बाद सभी ने चौराहे पर मंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने पुतला छीन लिया। इस दौरान पदाधिकारी ने ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर मंडल प्रभारी प्रदीप शुक्ला व वाईपी सिंह आदि मौजूद रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 300 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जिले में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी





**चित्रकूट ब्यूरो:** योगेश्वर श्रीकृष्ण का अवतार मानव समाज को यह प्रेरणा देता है कि ईश्वर उन्हीं के रथ के सारथी बनते हैं, जो धर्म और न्याय के रास्ते पर चलते हैं। विधर्मी भले ही कौरवों जैसे शक्तिशाली हों वे धार्मिक शक्तियों के सामने टिक नहीं सकते। यह बात श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर कामदगिरि पीठ के अधिकारी संत मदनगोपाल दास ने कही।श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में सुबह से ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम रही, मंदिर में बिराजे भगवान श्रीकामतानाथ भगवान एवं श्री रामदरबार में बिराजी राम-जानकी की मूर्तियों का बड़ा भव्य श्रृंगार किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिले में भक्ति और आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। मठ-मंदिरों में तो झांकियां सजी हीं, घरों में भी लोगों ने साज-सजावट कर जन्माष्टमी मनाई। जिला मुख्यालय में शोभा यात्रा निकालकर राधा-कृष्ण की झांकी निकाली गई। इस दौरान चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी ने भगवान राधा-कृष्ण की झांकी की आरती उतारकर स्वागत किया। इस मौके पर देवराज यादव, मोनू यादव समेत श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। राधाकृष्ण मंदिर, इस्कान मंदिर और बांके बिहारी मंदिर आदि में सुबह से ही आस्थावानों का जमावड़ा लगा। परिक्रमा मार्ग में स्थित बांके बिहारी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं नंदोत्सव मनाया गया। बांके बिहारी मंदिर के पुजारी एवं व्यवस्थापक महंत भारतेंद्र दुबे ने बताया कि रात्रि ठीक बारह बजे श्रीकृष्ण जन्म के बाद महाभिषेक आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बताया कि छठी तक श्रीकृष्ण की झांकियां सजाई जाएंगी। इनके दर्शन को दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। घरों में भी लोगों ने बारह बजे रात को भगवान के जन्म के बाद बधाईयां गाई। शैक्षणिक संस्थानों में भी जन्माष्टमी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग के मठ-मंदिरों में भी जन्माष्टमी के अवसर पर सजावट की गई है।

बड़ी गुफा जानकी कुंड, पंजाबी भगवान आश्रम, संतोषी अखाड़ा व धारकुंडी आश्रम आदि में भी त्यौहार की धूमधाम रही। इसी प्रकार पहाड़ी कस्बा स्थित शिव शक्ति मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। शाम से ही भक्तों का मंदिर परिसर में ताता लगा रहा। पंडित अनुराग पांडेय ने बताया कि शिव शक्ति मंदिर पहाड़ी में क्षेत्रीय कलाकारों एवं श्रृद्धालुओ ने साथ मिलकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रावण पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा, लवलेश मिश्रा, राम मगन सिंह, सुरेश, नागेंद्र, सुरेंद्र, अवधेश, विजय, सुरेश, रामकृपाल, रमाकांत, राजाराम, शत्रुघ्न, विराग, राम नारायण साहू सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करने वाले तरीके से करें शिक्षण कार्य

**चित्रकूट ब्यूरो:** जनपद स्तर पर टी.एल.एम. निर्माण, नवाचार महोत्सव एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज कार्यक्रम का आयोजन डायट शिवरामपुर में किया गया। टी.एल.एम निर्माण एवं नवाचार महोत्सव में जनपद के बेसिक से लेकर माध्यमिक के शिक्षकों एवं डायट के प्रवक्ताओं के नवाचारों, टी.एल.एम. एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रदर्शन कराया गया है तथा सर्वश्रेष्ठ नवाचारों का अभिलेखीकरण कर उनकी पुस्तिका एवं डिजिटल डायरी तैयार की गई। महोत्सव कार्यक्रम का प्रारम्भ डायट प्राचार्य डॉ. आदर्श कुमार त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रदर्शित सर्वश्रेष्ठ नवाचारो एवं टी.एल.एम. का चयन करने के लिए निर्णायक समिति के रूप में आए डॉ. संध्या पांडेय व डॉ. रीना पांडेय जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर चित्रकूट एवं शिवलाल यादव प्रवक्ता डायट शिवरामपुर चित्रकूट का बैज अलंकरण करके स्वागत किया गया। इसके साथ ही प्राचार्य डायट एवं डायट के समस्त प्रवक्तागणों का भी बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। निर्णायक समिति के द्वारा सर्वश्रेष्ठ नवाचारों का चयन चार स्तरों प्राथमिक स्तर, उच्च प्राथमिक स्तर, माध्यमिक स्तर और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर किया गया। प्राथमिक स्तर पर विष्णु कुमार सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय बिनौरा रामनगर को प्रथम स्थान, रामनारायण पांडेय प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बगलई को द्वितीय स्थान, राजू यादव प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय उफरौली को तृतीय स्थान, उच्च प्राथमिक स्तर पर अनुरंजना सिंह सहायक अध्यापिका कंपोजित विद्यालय कोठिलिहाई मानिकपुर को प्रथम स्थान एवं गिरीश कुमार मिश्रा सहायक अध्यापक कंपोजित विद्यालय लोढ़वारा को द्वितीय स्थान व माध्यमिक स्तर पर अजय कुमार त्रिपाठी सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी को प्रथम स्थान, निलेश कुमार त्रिपाठी प्रवक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज हरदीकला मऊ को द्वितीय स्थान एवं नेहा द्विवेदी सहायक अध्यापिका राजकीय हाई स्कूल शिवरामपुर को तृतीय स्थान तथा डायट स्तर पर सौरभ चन्द्र सविता प्रवक्ता डायट शिवरामपुर चित्रकूट को प्रथम स्थान, ज्योति देवी डीएलएड प्रशिक्षु-21 बैच को द्वितीय स्थान एवं रोशनी, प्रियंका चक्रवर्ती, ज्योति रैकवार को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रत्येक स्तर से 1 सर्वश्रेष्ठ नवाचारों को (कुल 4 नवाचारो) को प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस महोत्सव कार्यक्रम में सभी डायट प्रवक्तागण, बेसिक व माध्यमिक के शिक्षकगण, डायट के प्रशिक्षु एवं डायट का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इस महोत्सव कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन मोहित कुमार सिंह डायट प्रवक्ता द्वारा किया गया।

## गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर, चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय तथा उनकी टीम आरक्षी राहुल पुरी व ललित सोनी द्वारा आरोपी निर्भय सिंह उर्फ बग्गड़ पुत्र फक्कड़ सिंह निवासी देवारी थाना सरधुवा को एक किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा के जरिए दिखाई है नेतृत्व क्षमता



चित्रकूटः कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर शहर में जुलूस निकाला। साथ ही नुक्कड़ सभा का आयोजन कर कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियां बतायी और भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की निंदा की।सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश सचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी ने बीते साल सात सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी। जिसमें उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर लगभग 4,000 हजार किमी की यात्रा की थी। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा गरीबों, किसानों व मजदूरों की आवाज उठाई है। पीसीसी सदस्य रंजना बाराती लाल पांडेय ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से मोदी सरकार में डर का माहौल है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, हेमराज त्रिपाठी, यमुना शुक्लाा, पवन रजक, शिव शंकर खंगार, दिवाकर त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, चुनवाद, भोला द्विवेदी, भोला नामदेव, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र गौतम, राम प्रकाश, गरीब दास, महेंद्र निषाद, राम निषाद आदि मौजूद रहे।


### अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान बंदोबस्त अधिकारी महोदय चकबंदी जिला प्रतापगढ़
अपील संख्या 478 /479
लालमणि आदि
बनाम
अम्बिका प्रसाद आदि
बनाम 1/1विनय कुमार पुत्र स्व0 त्रिभुवन नाथ 2/2 सुनीता पत्नी स्व0 त्रिभुवन नाथ निवासी ग्राम शेखनपुर पर 0तह पट्टी जिला प्रतापगढ़ ।
तारीख पेशी 27 -9-2023
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है यह तक द्वारा संबंध नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27- 9- 2024 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र का टी आई व तनकीह समय प्रातः 10-00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दवा करें ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 25 - 8 - 23 को जारी किया गया ।
आज्ञा से

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी का शास्त्री परीक्षा का मूल प्रमाण-पत्र, माइग्रेशन तथा चरित्र प्रमाण पत्र रास्ते में कहीं खो गया है। मैने शास्त्री की परीक्षा वर्ष 2012 में परांकुश सं0म0वि0 पूरे नोती, प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण किया है।
सुभाष सोनी
सुपुत्री स्व0 गोपाल चन्द्र सोनी
निवासी पल्टन बाजार, थाना
कोतवाली नगर, प्रतापगढ़

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 16/22
नाम फरीकेन बाबूलाल कोरी बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास व आम मौजा कटरिया प0 सदर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 14.09.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 14.09.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

### न्यायालय उप जिलाधिकारी करछना प्रयागराज

बाद संख्या-टी 202302030 वर्ष 2023
धारा-38 उ0प्र0रा0संहिता ग्राम-डभांव परगरा अरैल तहसील करछना जनपद प्रयागराज
जियालाल बनाम
सरकार उत्तर प्रदेश आदि
नाम प्रतिवादीगण
1. सरकार उत्तर प्रदेश जरिये कलेक्टर साहब बहादुर प्रयागराज 2. मुहम्मद रफात पुत्र हाजी अब्दुल हमीद निर्भाव तहसील करछना प्रयागराज 3. मंजू देवी पत्नी सुरेन्द्र प्रसाद नि0 मुकेरी बजार तहसील सदर जिला मिर्जापुर। 4. प्रियंका पत्नी घनश्याम तिवारी नि0 बरिगवा पो0 गुढ तहसील गुढ जिला रीवा हा0मु0 18 एन0सी0एल0 कालोनी सिंगरौली हायर सेकेण्डरी विघालय पंजरेह के पास सिंगरौली कौल्हियारी म0प्र0 5. वन्दना दुबे पत्नी जयप्रकाश नि0 मितई तहसील सदर जिला मिर्जापुर। 6. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र मथुरा प्रसाद नि0 सीण्अिरिया माकी तहसील मऊ जिला चित्रकूट। 7. प्रतीक केसरवानी पुत्र दीनानाथ केसरवानी नि0-173ए / 1 दरियाबाद प्रयागराज। 8. शंकर तिवारी पुत्र रामसजीवन तिवारी नि0 पिपरहटा बडहा जारी करछना प्रयागराज 9. प्रतिमा पत्नी अनुज कुमार नि0-71डी / 9 कमला नगर स्टेनली रोड प्रयागराज। 10. रूमन सिंह पत्ती प्रमोद सिंह नि0 बघेड़ा तहसील करछना प्रयागराज 11. रजनीश कुमार पुत्र वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव नि0 282 / 265 नई बस्ती मनमोहन नगर कीटगंज प्रयागराज । 12. शालू पत्ती सुनील कुमार 13. सुनील कुमार पुत्र पारसनाथ नि0 गण चित्रकुट तहसील सदर प्रयागराज 14. रामचन्द्र पुत्र मेवालाल नि0 कुलमई भगाही प्रयागराज 7 15 आशुतोष त्रिपाठी पुत्र रमाकान्त त्रिपाठी नि0 बरांव मधु का पूरा प्रयागराज । 16. जितेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल पाण्डेय नि0 कुलमई भगाही प्रयागराज 117. सुषमा वैश्य पत्नी मनोज वैश्य नि0 बहादुरगंज प्रयागराज। 18. शकुन्तला देवी पत्नी विवेकानन्द तिवारी नि0 राम का पूरा पीडी प्रयागराज 19. गणेशचन्द्र शुक्ला पुत्र कामता प्रसाद का नि0-निराला नगर लखनपुर शंकरगढ प्रयागराज
पत्रांक संख्या- मेमा / रीडर करछना
दिनांक 24.08.2023
(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
उपजिलाधिकारी करछना

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा लड़का मोह0जैद मेरे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नहीं है। वह आए दिन मुझसे तथा मेरे परिजन से लड़ाई झगड़ा करता रहता है, असामाजिक तत्वों के साथ उसका सम्बन्ध है । ऐसी दशा में मैने अपने छोटे लड़के मो0 जैद को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है ।उससे मेरा और परिवार के किसी अन्य सदस्यों से कोई वास्ता सरोकार लेना देना नहीं है । यदि भविष्य में मो0जैद कोई वैध अवैध, उचित अनुचित कार्य करता है तो उसके लिए मेरी या मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा ।
रईश उद्दीन
सुत जहीरुद्दीन
निवासी ग्राम मिश्रपुर तरौल थाना जेठवारा पर 0तह 0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।


## स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर संपन्न

**चित्रकूट:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्विद्यालय, सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट व दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम मोहकमगढ़ में आयोजित किए गए मासिक निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर में स्कूली बच्चों और मोहकमगढ गांव के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे चिकित्सीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गई। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग के संयोजन में सम्पन्न एक दिवसीय इस चिकित्सा शिविर जानकीकुंड चिकित्सालय के डॉ विवेक द्विवेदी और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभागाध्यक्ष डॉ आर के श्रीवास्तव ने चिकित्सीय उपचार और परामर्श दिया। शिविर में अवधेश पांडेय, विनोद गुप्ता एवं राधेश्याम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही डाटा संकलन का कार्य समाज कार्य विषय के प्राध्यापक डॉ विनोद शंकर सिंह एव विद्यार्थियों ने किया।

## गांव चलो अभियान के तहत पुराने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेगी बसपा- शिवबाबू

### एक दिवसीय कैडर कैंप संपन्न



**चित्रकूट ब्यूरो:** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कैडर कैंप का आयोजन मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के छीबों सेक्टर में गुरुवार को किया गया। जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर देते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा गया।

कैडर कैंप में बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आगामी लोकसभा आम चुनाव अकेले अपने बूते पर लड़ने का निर्णय लिया है। साथ ही संगठन को कैडर एवं छोटी बैठकों के जरिए ग्राम स्तर पर मजबूत बनाने तथा सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पूरे तन मन धन से लोकसभा आम चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं। सत्ताधारी भाजपा की संकीर्ण जातिवादी व साम्प्रदायिक राजनीति से आम जनता दुखी है। जिसके चलते भाजपा लगातार अपना जनाधार खो रही है। भाजपा की तरह कौंग्रेस की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अन्तर है। ऐसे में सर्वजनहिताय व सर्वजनसुखाय की नीति पर चलते हुए बसपा किसी अन्य दल से गठबन्धन नहीं करेगी। उत्तर प्रदेश में बसपा को गठबन्धन करने से लाभ के स्थान पर नुकसान हुआ है। गठबन्धन में बसपा का वोट तो गठबन्धन वाली पार्टी को मिल जाता है, किन्तु दूसरी पार्टी अपना वोट बसपा को नहीं देती है। इस मौके पर जिला प्रभारी जगदीश सिंह पटेल, नगर महासचिव राजेश रैकवार, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष रावेन्द्र कुमार, सेक्टर अध्यक्ष बुद्धराज, सोनपाल, बसंतलाल, संतोष कोटेदार, राजेन्द्र, देवपाल, राममूरत आदि मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, मां-पत्नी झुलसी

**चित्रकूट ब्यूरो:** रिमझिम बारिश के दौरान बीती शाम अचानक छूटी भैंस को फिर से बांधने के प्रयास में एक किसान करंट की चपेट में आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में उसकी मां व पत्नी भी करंट की चपेट में आ गए। पड़ोसी राजा मिश्रा ने किसी तरह तीनो को करंट से मुक्त कराकर आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया तथा मां व पत्नी को गंभीर हालत के चलते प्रयागराज रेफर किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रैपुरा थाना क्षेत्र के अगरहुंडा गांव के कमल कुमार (36) पुत्र बाबूलाल विश्वकर्मा की भैंस बारिश के दौरान छूट गई थी। जिसे बांधने के लिए कमल बाहर निकला। इस दौरान घर के बाहर लगे विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में करंट आ गया था, जिसको छूते ही कमल को करंट लग गया। यह देख पत्नी पूनम देवी (32) व मां चुनकीवा बचाने के लिए आए तो वह भी करंट की चपेट में आ गए। वहां मौजूद पड़ोसी राजा मिश्रा ने ग्रामीणों की सहायता से तीनों को करंट से मुक्त कराया तथा जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने कमल कुमार को मृत घोषित कर दिया तथा मां व पत्नी को गंभीर हालत के चलते प्रयागराज रेफर किया है।

## विश्व हिंदू महासंघ ने स्टालिन के बयान पर जताया विरोध



**चित्रकूट:** तमिलनाडु के युवा कल्याण व खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान से आक्रोशित विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही मंत्री का पुतला फूंकने का भी प्रयास किया।विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष रवि सिंह बघेल के नेतृत्व में गुरुवार को महासंघ के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए शहर के धनुष चौराहे पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का बयान सनातन धर्म के खिलाफ है। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया व कोरोना जैसी बीमारी से की है, जो बिल्कुल गलत है। इसकी महासंघ घोर निंदा करता है। इसके बाद सभी ने चौराहे पर मंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने पुतला छीन लिया। इस दौरान पदाधिकारी ने ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर मंडल प्रभारी प्रदीप शुक्ला व वाईपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# नेत्र चिकित्सालय को सौंपा रोगी वाहन

### मानव सेवा से बड़ा कोई पुण्य नही- संजय




**चित्रकूट ब्यूरो:** आई.सी.आई.सी.आई. फाउंडेशन (बैंक) के अध्यक्ष संजय दत्त ने अपने चित्रकूट भ्रमण के दौरान सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के जानकीकुंड में स्थापित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा की जा रही नेत्र रोगियों की सेवा को देखकर बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने नेत्र रोगियों को लाने और उन्हें छोड़ने के लिए आई.सी.आई.सी.आई. बैंक फाउंडेशन की तरफ से एक रोगी वाहन ट्रस्ट को हरी झंडी दिखाकर सौंपते हुए कहा कि वह नेत्र रोगियों की सेवा देखकर बहुत खुश है। ऐसे पुण्य के कामों में वह स्वयं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने यह काम किया है और आगे भी ऐसे पुनीत काम में सहयोग करते रहने को कहा है। इस दौरान उन्होंने ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रकल्पों का अवलोकन किया। इस दौरान ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बी के जैन, ट्रस्टी मनोज पांड्या एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका सद्गुरु परिवार की ओर से स्वागत किया।

## अलग-अलग घटनाओं में तेरह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र (नि0सं0)**

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** अलग-अलग घटनाओं में तेरह नामजद व चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज । स्थानीय थाना क्षेत्र के नया का पुरवा डांडी गांव निवासिनी राजपती पत्नी रामसूरत वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बतायी कि पुरानी रंजिश को लेकर सोलह जुलाई को गांव के ही माता प्रसाद वर्मा के लड़के सूर्य भान वर्मा व भोला वर्मा व शीतला प्रसाद वर्मा व लड़की सुशीला व अर्चना वर्मा एक राय होकर गालियां देते हुए लाठी-डंडे से लैस होकर मेरे दरवाजे पर चढ़ आये और मुझे मारने लगे हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार एक अन्य घटनाक्रम में थाना क्षेत्र के नागापुर तिवारी गांव निवासिनी रेहाना वेगम पत्नी मोहम्मद वसीम ने पुलिस को तहरीर देकर बतायी जमीन बंटवारे को लेकर परिवार के ही शहरुख व तैफुल व तजीमुन निशा व आशद उल्ला अपने चार अन्य साथियों के गालियां देते हुए अमादा फौजदारी हो गये और जान से मारने की धमकी देते हैं। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।इसी प्रकार एक घटना में कंधई थाना क्षेत्र के जगदीश पुर गांव निवासिनी अनारकली पत्नी रामसजीवन ने पुलिस को तहरीर देकर बतायी कि जमीन बैनामा करने को लेकर पैसा लिया था बैनामा ना करने पर पैसा वापस मांगा तो लीलापुर थाना क्षेत्र के सुखऊपुर पूरनपुर खजूर गांव निवासी जहीर उद्दीन व शरीफ अली पुत्र जहीर उद्दीन व माजिदा बेगम पत्नी जहीर उद्दीन व रोशन एक राय होकर गालियां देते हुए अमादा फौजदारी हो गया और जान से मारने की धमकी दी। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।

## एन0डी0 कन्वेंट स्कूल एण्ड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस

**हर्रायपुर, कौशाम्बी।** एन0डी0 कन्वेंट स्कूल एण्ड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज, कौशांबी के प्रांगण में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति ,महान विद्वान, विचारक ,दार्शनिक, भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने-अपने क्लासरूम को डेकोरेट किया तथा केक काटकर डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन को बड़ी धूमधाम से मनाया तथा जी के प्रतियोगिता आयोजित की गई, विजेता छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को उनके द्वारा दिए गए योगदान को बताया।

## शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों 54 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।जिसमें थाना राजापुर के उपनिरीक्षक प्रभाकर उपाध्याय व उनकी टीम द्वारा आरोपी दीपेन्द्र पुत्र महावीर श्रीवास निवासी ग्राम धोबीगंज थाना राजापुर 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक अजहर जमाल व उनकी टीम द्वारा आरोपी श्रीराम यादव पुत्र रामप्रसाद निवासी उसरी पुरवा मजरा मकरी पहरा थाना पहाड़ी को 24 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## प्रवेश को 30 तक करें आवेदन

**चित्रकूट:** क्षेत्रीय केंद्र रीवा में आयोजित गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला में दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केंद्र के निदेशक डॉ कमलेश कुमार थापक ने बताया कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दूरवर्ती माध्यम के पाठ्यक्रमों में आगामी 30 सितंबर तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने दूरवर्ती माध्यम के पाठ्यक्रमों की प्रवेश, सतत् कक्षा संचालन, परीक्षा आदि प्रक्रियाओं के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# क्या रायबरेली में भाजपा तोड़ पाएगी लोकसभा चुनाव में काँग्रेसी तिलिस्म?

## तीन-तीन मंत्री व एक विधायक मिल कर भी नही जितवा पाये थे पालिकाध्यक्ष का चुनाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बीतते समय के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पार्टियों के बीच चल रही तैयारियाँ अंदर खाने में जोर पकड़ने लगी हैं,सभी छोटी-बड़ी पार्टियाँ अपनी-अपनी जमीन तैयार करने के लिए सक्रिय नजर आने लगी हैं,बिसातें भी बिछने लगी हैं,ऐसे में काँग्रेस का चुनावी गढ़ कहलाने वाले रायबरेली में भी दो दिग्गज राजनैतिक पार्टियों के बीच भी रस्साकसी शुरू हो चुकी है।

बताते चलें कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियाँ अभी से ही शुरू हो चुकी हैं,चुनावी मैदान में एक दूसरे को शिकस्त देने के लिए राजनैतिक पार्टियों के दिग्गज अपने-अपने अखाड़ों में अभी से ही जम कर मेहनत करते नजर आ रहे हैं, लोकसभा चुनाव की जिले में मुख्य चुनावी जंग काँग्रेस बनाम भारतीय जनता पार्टी होती है,इस बार भी दोनों ही राजनैतिक पार्टियों के समर्थक अपनी-अपनी पार्टी की चुनावी नैय्या पार लगाने के लिए अभी से ही तैयारियों में जुट चुके हैं।

लोगों के बीच होने वाली चर्चाओं के मुताबिक रायबरेली को भले ही वीवीआईपी जनपद कहा जाता है,परन्तु विकास के मामले में यहाँ ''ढाक के तीन पात'' वाली स्थिति नजर आती है। टूटी-फूटी व खंडहर सड़कों के मामले में रायबरेली का कोई जवाब नही है,वर्तमान जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते जिले भर में विकास की स्थिति काफी दयनीय है। गौरतलब है कि रायबरेली जनपद को काँग्रेस का अभेद्य किला कहा जाता है,विधानसभा चुनाव 2022 के मामले में इस बार काँग्रेस भले ही कमजोर नजर आयी थी,परन्तु अभी कुछ माह पहले हुए निकाय चुनाव के परिणाम ने साबित कर दिया कि रायबरेली में काँग्रेस को टक्कर दे पाना सामने वाली पार्टी के लिए बहुत बड़ी चुनौती है,क्योंकि कहा जाता है कि निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए उ.प्र.सरकार के तीन-तीन कद्दावर मंत्री तथा एक विधायक के साथ ही जिले भर के भाजपा संगठनों ने मिल कर माहौल बनाने की पूरी कोशिश की थी,वहीं काँग्रेस की तरफसे कोई भी बड़ा नेता अथवा स्टार प्रचारक रायबरेली में प्रचार करने नही आया था,फिर भी जिले व शहर के छोटे-छोटे काँग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत के दम पर भाजपा जैसी सत्ताधारी पार्टी के दिग्गजों के चक्रव्यूह को तोड़ कर नगर पालिका परिषद में अपना झंडा गाड़ दिया था।

### ...अबकी बार और भी रोचक हो सकता है जिले में लोकसभा चुनाव का परिणाम

लोगों के बीच होने वाली चर्चाओं के मुताबिक पिछले लोकसभा चुनाव में काँग्रेस सुप्रीमो सोनिया गाँधी ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव में शिकस्त दे कर बड़ी जीत दर्ज करायी थी,इस बार अभी फिलहाल किसी भी पार्टी ने जिले से अपने उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा नही की है,परन्तु राजनैतिक ज्योतिषों ने अपने-अपने हिसाब से अभी से ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी-अपनी भविष्यवाणी करना शुरू कर चुके हैं,राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस बार के निकाय चुनाव ने सत्ताधारी पार्टी के माथे पर शिकन जरूर दिया है,क्योंकि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव में काँग्रेस के छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने सत्तापक्ष के बड़े-बड़े महारथियों के चक्रव्यूह को पलक झपकते ही तोड़ दिया था,यह बात अलग है कि उक्त चुनाव में हुई शर्मनाक हार के लिए भाजपा के किसी भी दिग्गज ने सार्वजनिक रूप से इसकी जिम्मेदारी नही ली थी। फिलहाल लोगों की नजरें अब आगामी लोकसभा चुनाव पर टिकी हुई हैं,अबकी बार ऊँट किस करवट बैठेगा फिलहाल यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# प्राथमिक विद्यालय पड़रक में धूधाम से मनी जन्माष्टमी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विकास क्षेत्र अमावाँ के प्राथमिक विद्यालय पड़रक में प्र0अ0 रामेश्वर नाथ प्रसाद व स0अ0 दीपिका शुक्ला के निर्देशन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में सजे विद्यालय के अध्ययनरत नन्हें-मुन्हें बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया, साथ ही बच्चों ने केक काटकर ''नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की'', के उद्घोषों के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की खुशियाँ बाँटी गयी। मोहिता और लक्ष्मी ने राधा-कृष्ण के रूप में ''मुरली बजाते हो, पीछे-पीछे आते हो'' गीत पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। सभी बच्चों ने ''गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो'' भजन पर मनमोहन सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर नाथ प्रसाद ने सभी को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसमें मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा




सकता है, एवं इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक की होती है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष केश कुमारी, स0अ0 दीपिका शुक्ला, शिक्षामित्र किरन यादव, अर्चना सिंह, आंगनबाड़ी सहायिका निर्मला, संतोष, फूलमती, मीना, सौम्या, अनुश्री, सुयश, सक्षम, विमल, खुशी, दीक्षा, अजीत, उत्कर्ष आदि उपस्थित रहे।

# रायबरेली मे इमाम हुसैन का चेहल्लुम रविवार को मनाया जाएगा: वसी अजहर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कर्बला की घटना को भले ही लगभग 1500 साल हो गए हों मगर आज भी इंसानियत परस्त लोग इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला का गम उसी तरह मनाते हैं जैसे आज की बात हो, अंजुमन सज्जादिया की कयादत मे रायबरेली शहर मे इमाम के चेहल्लुम का कौमी प्रोग्राम 10 सितम्बर रविवार को मनाया जाएगा। सेक्रेटरी अजा सय्यद वसी अजहर नकवी ''औन'' ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के 101वां चेहल्लुम इतवार को खिन्नी तला स्थित इमामबारगाह जव्वाद हुसैन मरहूम मे सुबह 8 बजे कदीमी मजलिस होगी जिसमे सोज यादगार काजमी, सिकंदर जैदी और शावेज अली पढ़ेंगे और मौलाना शाहिद अली नकवी का बयान होगा, बाद मजलिस मातमी जुलूस निकलेगा जो अपने कदीमी रास्तो कहारों का अड्डा, गुलाब रोड, किला बाजार, कजियाना होता हुआ कर्बला मे समाप्त होगा। वसी अजहर ने बताया कि प्रोग्राम में शहर की मातमी अंजुमन दस्ता ए जैनुल एबा रजिस्टर्ड, जैनुल एबा कदीम, के अलावा अंजुमन अजा ए हुसैन उन्नाव, अंजुमन सज्जादिया सिरपुरा सँभल, अंजुमन अजा ए हुसैन बनारस, अंजुमन नासिरूल अजा कोराली प्रयागराज, अंजुमन रौनके अजा आलमपुर बाराबंकी शिरकत करेंगी जुलूस का संचालन मीसम नकवी वा साजिद हुसैन नकवी करेंगे। जॉइंट सेक्रेटरी इमरान रजा ने बताया कि आने वाले सभी आजादारो वा लोगों के खाने का इंतेजाम वसी नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज मे रहेगा और जुलूस के पूरे रास्ते मोमिनो द्वारा नाश्ते, पानी, की सबील का इंतेजाम रहेगा। श्री वसी अजहर ने कहा कि बिना मजहब ओ मिल्लत सभी से जुलूस मे शिरकत की गुजारिश है।

# निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में किया जाए स्थानांतरित:डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गोवंशों को लेकर बैठक बचत भवन में हुई। बैठक का उद्देश्य निराश्रित घूम रहे गोवंशों और उनमे फैल रही लम्पी स्किन डिसीज पर रोकथाम लगाने के विषय पर मंथन करना रहा।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़कों और मुख्य मार्गो पर गोवंश घूमते हुए न मिले। सभी ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क पर मृत पड़े पशुओ को जल्द से जल्द डिस्पोज कर दिया जाए जिससे कि संक्रामक बीमारिया ना फैल सके। इसके अतिरिक्त टीम लगाकर सड़क से पशुओ को हटा कर गोआश्रय में रखा जाए। सड़कों पर घूम रहे गोवंशों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं अतः इस बात का खास ध्यान रखा जाए की सड़कों पर पशु घूमते हुए ना मिले। इसे गंभीरता से लिया जाए।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने लम्पी स्किन डिजीज के बचाव के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा सभी पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिस पशु में लम्पी स्किन डिजीज की शिकायत है उसे अन्य पशुओं से अलग करके उसका उपचार किया जाए। गोआश्रय स्थल पर रह रहे पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। समय-समय पर उनकी चिकित्सकीय जांच कराई जाए। गोआश्रय स्थलों पर साफसफाई का पूरा ध्यान रखा जाए।

# शहीदों का सम्मान देश का सम्मान है - मनोज पाण्डेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शहीद राजेन्द्र यादव के स्मृति सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ऊंचाहार विधायक, विधान मंडल दल के मुख्य सचेतक, पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि राजेन्द्र यादव कारगिल के युद्ध में भारत की सीमाओं की रक्षा करते हुये बहादुरी से दुश्मन देश के छक्के ही नहीं छुड़ाये बल्कि सीमा से खदेड़ने का काम किया और वीरगति को प्राप्त हुये, श्री पाण्डेय ने कहा कि जब यह शहीद सैनिक ठिठुरती हुई सर्दी में देश की सीमाओं पर देष की रक्षा करते हैं तब भारत की 135 करोड़ जनता चौन की नींद सोती है, श्री पाण्डेय ने कहा कि यह हमारे इतिहास हैं इनको संजोकर रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, श्री पाण्डेय ने कहा कि देश ने सदैव देश के लिए लड़ने वाले एवं देश में सबको जोड़ने और एक साथ लेकर चलने वालों के इतिहास का सम्मान किया है यह देश कभी जयचन्द्र, शकुनी और गोडसे का सम्मान नहीं किया है श्री पाण्डेय ने कहा कि शहीद राजेन्द्र यादव के सम्मान में पूर्व में शहीद राजेन्द्र यादव द्वार का निर्माण कराया गया था, श्री पाण्डेय ने शहीद राजेन्द्र यादव की मूर्ति की स्थापना कराये जाने की घोषणा




की। पार्टी के जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि यह देष बलिदान, प्यार, तपस्या का देश रहा है, एक साथ जोड़ने व चलने वाले लोगों को सदैव याद किया जाता है, श्री यादव ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री रहते हुये मुलायम सिंह यादव ने देश की सीमा की अंतिम चौकी पर जाकर भारत के सैनिकों का मनोबल ही नहीं बढाया बल्कि शहीद का शव सुरक्षित व सम्मान से घर पहुंचे उसके लिए यह करने का काम किया है, श्री यादव ने कहा कि डलमऊ ऋषियों, मुनियों, सहित्यकारों, कवियों और शहीदों एवं समाजवादियों की धरती रही है, इस धरती ने सदैव नये इतिहास को जन्म दिया है जिसमें एक शहीद राजेन्द्र यादव हैं जिनको हम सब नमन करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक सपा जिला सचिव पूर्व (जिला पंचायत सदस्य) ने शहीद राजेन्द्र यादव को नमन करते हुये कहा कि आज जिस तरीके से पार्टी के जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने आकर हम सबका हौसला बढाया है वहीं ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पाण्डेय ने आकर शहीद राजेन्द्र यादव को श्रद्धांजलि दी, इससे हम लोगों का मनोबल और बढा। कार्यक्रम के आयोजक शहीद राजेन्द्र यादव के अनुज रामदेव यादव ने कहा कि ''मुझे गर्व है कि मेरे सगे भाई ने भारत माता की सुरक्षा में हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया'' राम देव यादव ने सबके प्रति कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता सूबेदार मेजर बी0एन0 सिंह यादव वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामनरायन रमन ने देश में लगातार संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि देष में न्याय, समाजवादी विचारधाराओं पर चल कर ही दिलाया जा सकता है।कार्यक्रम को मुख्य रूप से सेन्ट्रल बार एसोषियन के अध्यक्ष ओ0पी0 यादव, दादा देवराज यादव, प्रधान शिवराम यादव, ललित यादव प्रधान, प्रधान दिलीप यादव, विधान सभा अध्यक्ष जगदेव यादव, नीरज यादव, गुडडू यादव, विक्की यादव, हसीन अहमद, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष डा0 एम0आई0 जावेद, पप्पू यादव, विवेक यादव, प्रधान पुतानी त्रिवेदी, प्रधान अंषू शुक्ला, प्रधान विनय मिश्रा, वरिष्ठ सपा नेता जे0पी0 यादव, वरिष्ठ सपा नेता गंगा सागर मौर्या, लाल बहादुर सोनकर प्रधान गुलाब सिंह, प्रधान कमलेश यादव, कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष डलमऊ ब्लाक प्रमुख शिवराम रावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ''भारत जोड़ो यात्रा'' के एक वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेसियों ने निकाली पद यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राहुल गांधी ऐतिहासिक कन्याकुमारी से कष्मीर तक पैदल ''भारत जोड़ो यात्रा'' के एक वर्ष पूरा होने पर उत्तर प्रदेष कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन से पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की कड़ी मेहनत का नतीजा था कि पूरे देष से भारत जोड़ो यात्रा को सर्मथन मिला, ''नफरत मिटाओं-देष बचाओ'' का संदेष राहुल गांधी ने अपनी इस यात्रा के जरिए देषवासियों को दिया।शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने पदयात्रा में शामिल सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने राजनीति से ऊपर उठकर देष में भाई चारा और प्रेम सदभाव बना रहे, इसके लिए जी-जान से लगे है।

भारज जोड़ो यात्रा उनके इसी प्रयास का हिस्सा थी। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन 7




सितम्बर 2022 को राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी, इस ऐतिहासिक यात्रा को देष की जनता एवं बुद्धजीवी, अमन पसंद वर्ग ने खूब सराहा और अपना सर्मथन दिया। इस अवसर पर अतुल सिंह, मो.इलियास, विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, अषोक सिंह, नागेन्द्र बहादुर सिंह, संतोष त्रिवेदी, अनवार खान, सतगुरूदेव लोधी, प्रमेन्द्र पाल सिंह, केषन लाल लोधी, षिवानंद मौर्या, संजय श्रीवास्तव, शषिकांत पाण्डेय, राकेष सिंह राना, घनष्याम शुक्ला, वीरेन्द्र यादव, राहुल बाजपेई, अनुरूद्ध दीक्षित, विजयषंकर दीक्षित,कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, अम्बरीष बाजपेई, विजय पटेल, सुरेष पासी, हाफिज रियाज, आयुष द्विवेदी, ओम प्रकाष पाल, ओम प्रकाष त्रिपाठी, अवधेष चौधरी, अरूण कुमार यादव, कामता नाथ सिंह, मो.अषरफ खान, गिरीष बहादर सिंह, कामता प्रसाद गौड़, विनोद प्रताप सिंह, दिलीप तिवारी, रतीपाल पासी, राम खेलावन पासी, जितेन्द्र शुक्ला, सुनील कुमार, सूर्य कुमार बाजपेई,

सुनील प्रताप सिंह, मुन्ना घोसी, आषीष द्विवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, संजीव शुक्ला, प्रमोद पाण्डेय, हरमिन्दर सिंह सलूजा, मो.उस्मान, मनीष सोनकर, मनोज त्रिवेदी, सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विजय लोधी, मनोज मिश्रा, अंकुर सिंह चौधरी, सै.अरषद अली, अजीजुल हसन, महेष्वर सिंह, रवी सोनकर, लवलेष, मो.गौस, नितिन कुमार सिंह, बबिता सिंह, पुष्पा यादव, विक्रम पटेल, मो.असलम, प्रवीण कुमार, मो.सुहैल, यज्ञदेव वर्मा, अंषुमान गांधी, नवीन पाण्डेय, मो.सलीम, शादाब खान, दीनदयाल निर्मल, मुकेष श्रीवास्तव, आमीन पठान, पवन त्रिवेदी, अनीता श्रीवास, राजेन्द्र यादव, अवधेष कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

# 11 से 16 सितंबर तक विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का होगा आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।**जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के समस्त विकास खण्ड परिसरध्राजकीय कृषि बीज भंडारों में विकासखण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन खरीफ 2023 में किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य ''कृषकों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन में स्थाई एवं नियमित बुद्धि, कृषकों का आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन, कृषकों में कल्याणकारी शासन का विश्वास उत्पन्न करना तथा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ कृषकों के द्वार पर उपलब्ध कराना होता है।'' उन्होंने बताया कि किसान को लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होने पर यह नवीन तकनीक के साथ संतुलित खाद प्रमाणित बीज एवं अन्य कृषि निवेशों का प्रयोग कर सकता है, जिसके फलस्वरूप कृषि की उत्पादकता में वृद्धि होगी।जिलाधिकारी ने बताया कि इन सभी बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन 11 से 16 सितंबर तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार विकास खण्ड अमावां, सतांव व खीरों में 11 सितंबर को विकासखंड परिसरध्राजकीय कृषि बीज भंडार में विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेंलो का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार विकास खण्ड सरेनी, लालगंज, डलमऊ में 12 सितम्बर, विकास खण्ड दीनशाहगौरा, जगतपुर, ऊँचाहार में 13 सितम्बर, विकास खण्ड रोहनिया, सलोन, छतोह में 14 सितम्बर, विकास खण्ड डीह, हरचन्दपुर, बछरावां में 14 सितम्बर तथा विकास खण्ड बछरावां, शिवगढ़ एवं राही में 16 सितम्तबर को विकास खण्ड परिसरध्राजकीय कृषि बीज भंडार में विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेंलो का आयोजन किया जायेगा।जिलाधिकारी ने कहा कि गोष्ठियों/कृषि निवेश मेलों में संबंधित विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा कृषि सम्बन्धित अन्य कंपनियां अपने उत्पादों के स्टॉल लगाकर कृषकों के उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का प्रचार प्रसार कराया जाए। गोष्ठियोंध्कृषि निवेश मेलों में किसानों की मौखिक एवं लिखित शिकायतें प्राप्त की जाये तथा उनका विवरण शिकायत कक्ष में रखी गयी पंजिका में अंकित किया जाए। प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारी नियमानुसार निराकरण करेंगे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच निकला चेहुल्लुम का जुलूस

**जालौन, (हि.स.)।** हसन व हुसैन की यादगार के रूप में चेहल्लुम के पर्व पर ताजियों को निकालने के बाद अकीदतमंदों द्वारा ताजियों को कर्बला में दफन किया गया। जिसमें बुधवार की रात एवं गुरुवार को दोपहर ताजियों को तोपखाना स्थित तकिया मैदान से उठाया गया। ताजियों को नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए चुंगी नंबर-4 के पास कर्बला शरीफ की ओर ले जाया गया। जहां अकीदतमंदो ने पूरे एहतमाम से उन्हें कर्बला शरीफ में दफन किया।चेहल्लुम के अवसर पर नगर में 10 ताजियों को बुधवार की रात 12 बजे से नगर में विभिन्न मार्गो से होकर घुमाया गया। इसके बाद गुरुवार को दोपहर 12 बजे सभी 10 ताजियादारों द्वारा अपने अपने ताजियों को तकिया स्थित मैदान पर एकत्रित किया गया। जहां से सभी ताजियों को दीपक मित्तल की गली से होते हुए नत्थू चौराहा, बंबई वाले मंदिर होते हुए झंडा चौराहे पर एकत्रित किया गया। इसके बाद शाम चार बजे उन्हें पत्थर



वाली गली से बंबई वाले मंदिर के रास्ते होकर चुंगी नं.-4 पर कर्बला शरीफ के लिए रवाना किया गया। जहां ताजियादार याकूब शाह तोपखाना, शमशाद हिरदेशाह, कुतबुद्दीन, गुलशे, खलील, बाबू मंसूरी बजरिया, शकूर मंसूरी नारोभास्कर, बाबू शाह नजरबाग, दीनअली शाह कछोरन एवं शरीफ काशीनाथ ने सभी ताजियों को अकीदत के साथ कर्बला शरीफ के मैदान में दफन किया। चेहल्लुम के पर्व को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन बताते हैं कि मैदाने कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन व उनके 71 अनुयायियों की शहादत के चालीस दिन बाद चेहल्लुम का पर्व मनाया जाता है। इमाम हुसैन मोहर्रम की दसवीं तारीख को शहीद हुए थे, चालीसवें पर हम उन्हें और उनके साथियों की शहादत को एक बार फिर याद करते हैं। वहीं, ताजिया निकलते समय कोई गड़बडी न हो इसके लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से चाक, चौबंद रहा। जुलूस के दौरान एसडीएम सुरेश कुमार पाल, सीओ रविंद्र गौतम, कोतवाल विमलेश कुमार, चौकी प्रभारी अनिल राणा समेत कोतवाली व चौकी पुलिस फोर्स ताजियाधारकों व जुलूस के साथ रहा।

# सनातन धर्म विवाद पर मुख्यमंत्री योगी बोले, जिसने भी दी चुनौती वो मिट गया

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म विवाद पर गुरुवार को पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिसने भी सनातन धर्म को चुनौती दी वो मिट गया।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज जब पूरा देश सकारात्मक दिशा में बढ़ रहा है, ऐसे में कुछ लोगों को ये अच्छा नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा कि देश की उपलब्धियां कुछ लोगों को अखर रही हैं और भारत, भारतीयता व यहां की सनातन परंपरा पर उंगली उठाने का कार्य कर रहे हैं।योगी ने कहा कि ऐसे लोग यह भूल गए कि यह सनातन जब रावण के अहंकार से नहीं मिटा, कंस की हुंकार से नहीं डिगा और बाबर व औरंगजेब के अत्याचार से भी जब इसका कुछ न हो सका तो इन



तुच्छ सत्ता परजीवी जीवों से क्या मिट पाएगा ? इनको स्वयं अपने कृत्यों पर लज्जित होना चाहिए।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि की सनातन धर्म को लेकर की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी ने पूरे आईएनडीआईए गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि सनातन धर्म शाश्वत है, इसका ये लोग कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब कभी दुनिया पर संकट आता है तो सनातन धर्म ही आगे आकर लोगों की सुरक्षा और संरक्षण का काम करता है।मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं भी दी।पूर्व में पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री दयाशंकर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# रायबरेली मे रविवार को मनाया जायेगा इमाम हुसैन का चेहल्लुम

**रायबरेली ,** कर्बला की घटना को भले ही लगभग 1500 साल हो गए हों मगर आज भी इंसानियत परस्त लोग इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला का गम उसी तरह मनाते हैं जैसे आज की बात हो , अंजुमन सज्जादिया की कयादत मे रायबरेली शहर मे इमाम के चेहल्लुम का कौमी प्रोग्राम 10 सितम्बर रविवार को मनाया जाएगा , सेक्रेटरी अजा सय्यद वसी अजहर नकवी श्औन श् ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के 101 वां चेहल्लुम इतवार को खिन्नी तला स्थित इमामबारगाह जव्वाद हुसैन मरहूम मे सुबह 8 बजे कदीमी मजलिस होगी जिसमे सोज यादगार काजमी , सिकंदर जैदी , और शावेज अली पढ़ेंगे और मौलाना शाहिद अली नकवी का बयान होगा , बाद मजलिस मातमी जुलूस निकलेगा जो अपने कदीमी रास्तो कहारों का अड्डा , गुलाब रोड , किला बाजार , कजियाना होता हुआ कर्बला मे समाप्त होगा , श्री वसी अजहर ने बताया कि प्रोग्राम में शहर की मातमी अंजुमन दस्ता ए जैनुल एबा रजिस्टर्ड , जैनुल एबा कदीम, के अलावा अंजुमन अजा ए हुसैन उन्नाव , अंजुमन सज्जादिया सिरपुरा सँभल , अंजुमन अजा ए हुसैन बनारस, अंजुमन नासिरूल अजा कोराली प्रयागराज, अंजुमन रौनके अजा आलमपुर बाराबंकी शिरकत करेंगी , जुलूस का संचालन मीसम नकवी वा साजिद हुसैन नकवी करेंगे ,जॉइंट सेक्रेटरी इमरान रजा ने बताया कि आने वाले सभी आजादारो वा लोगों के खाने का इंतेजाम वसी नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज मे रहेगा , और जुलूस के पूरे रास्ते मोमिनो द्वारा नाश्ते , पानी, की सबील का इंतेजाम रहेगा , श्री वसी अजहर ने कहा कि बिना मजहब ओ मिल्लत सभी से जुलूस मे शिरकत की गुजारिश है।

# देर शाम तक नहीं मिला मृतक कुलदीप का शव

## परिजनों ने जताया हत्या की आशंका



**लोकमित्र ब्यूरो**
**खीरी( प्रयागराज)।** कौंधियारा थाना अंतर्गत जारी गांव निवासी कुलदीप शर्मा पुत्र छेदीलाल शर्मा उम्र 20 वर्ष जिसका शव कौदी पुल के पास मिलने की सूचना परिजनों को जैसे ही प्राप्त हुई तत्काल वह मौके पर पहुंचे और साथ ही साथ खीरी थाना अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। धीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा गोताखोर की टीम मौके पर बुलाई गई। जिनके अथक प्रयास के बावजूद भी मृतक कुलदीप शर्मा का शव देर शाम तक नहीं मिल सका वहीं दूसरी तरफ परिजनों द्वारा लड़के की हत्या की आशंका बतलाई गई है प्राप्त सूत्रों के अनुसार मृतक कुलदीप देर रात अपने फूफा भाई लाल शर्मा के घर कौंदी आया था। रात में लोगो ने चोर चोर कह कर दौड़ा लिया जिसके कारण उसका बाइक वही छूट गई थी। जिसे लेने वह सुबह अपने फूफा के घर गया था जिसके बाद उसके मौत की खबर उसके परिजनों को प्राप्त हुई ।परिजनों द्वारा बतलाया गया कि उनके पुत्र की हत्या कर नदी में फेंक दिया गया है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर लोगों में उत्साह, बाजार रहे गुलजार

**बांदा।** भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव आज गुरुवार को जनपद में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए सबेरे से तैयारियां होती रहीं। बाजार में रौनक दिखी तो वहीं मंदिरों में साज-सज्जा का काम चलता रहा। जन्माष्टमी को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया, तो बाजार भी गुलजार दिखे,जहां लोग खरीदारी करते नजर आए।आज जन्माष्टमी होने पर बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी को निकले। पर्व को लेकर व्यापारियों ने भी अपनी दुकानें सजा रखी थीं। लड्डू गोपाल की मूर्तियों से लेकर अबरी, कुमकुम, बासुरी सहित सजावटी फूलों की दुकानों से बाजार सजा रहा। भगवान के लिए आकर्षक परिधान, वंशी, मुकुट, माला व पालना सहित झांकी सजाने के लिए रंगीन कागज, झालर व अन्य सजावटी सामान की खरीदारी की। सुबह से ही बाजार में लोगों का आना-जाना शुरू हो गया था। शाम तक ग्राहकों की भीड़ से बाजार में खासी रौनक रही।

# चेहल्लुम पर अराजक तत्वों पर रहेगी पुलिस की नजर

## आयोजित पीस कमेटी की बैठक बोले अधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगोपालगंज-प्रयागराज।** स्थानीय पुलिस चौकी प्रांगण में बृहस्पतिवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चहल्लुम और नवरात्र को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना अध्यक्ष नवाबगंज अनूप सिंह ने उपस्थित लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारा कायम रखते हुए मनाने की अपील की। मोहर्रम पर कुछ गांव के बीच हुए आपसी विवाद पर थाना प्रभारी नवाबगंज ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि और निस्तारण पर चर्चा करते हुए कहां की पर्व पर अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी पकड़े जाने पर ऐसे लोगों पर गंभीर कार्रवाई किया जाएगा। चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश दुबे ने बैठक में उपस्थित लोगों का आभार जताया। इस दौरान बैठक में सभी गांव के ताजियादार के साथ ही चेयरमैन मुख्तार अहमद , पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार केसरवानी, शौकत, हाजी नफीस अहमद, अमीनुद्दीन, कमाल अरशद , राजेंद्र , बिजली विभाग से आमिर अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# कायस्थ महासभा के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी,प्रयागराज।** अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र सिंह को महा सभा के युवा शाखा झूंसी द्वारा स्वागत एवम अभिनंदन कर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। जितेंद्र सिंह ने कहा की समाज को शिक्षा के साथ एकता पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।
हमारे समाज ने देश और समाज की सेवा की है। इस गरिमा का सम्मान सभी को बनाए रखना होगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य त्रिवेणी लाल श्रीवास्तव, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, देवी प्रसाद कुंवर, अश्वनी श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव,नवीन श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आनन्द बिहारी जी मंदिर में मनी जन्माष्टमी





**प्रयागराज।** शाहगंज सब्जीमंडी स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर विराजमान आनन्द बिहारी जी महाराज मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से सम्पन्न हुआ। यह पारंपरिक उत्सव छह दिन चलेगा। सोमवार को भगवान की छठी मनाई जाएगी। बुधवार रात अष्टमी तिथि होने के कारण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बुधवार को ही मनाया गया। मंदिर के पुजारी दिगम्बर त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को सुबह से ही मंदिर में भजन कीर्तन आरंभ हो गया था, जो जन्मोत्सव के पश्चात तक जारी रहा। भगवान की आकर्षक झांकी देखने के लिए शाम से ही दूर दूर से लोग पहुंचने लगे थे। यह सिलसिला देर रात तक चला। उन्होंने बताया कि यह छह दिनी उत्सव सोमवार रात तक चलेगा। इस दौरान प्रत्येक रात्रि में भजन कीर्तन के साथ कन्हैया जी के जन्म के उपलक्ष्य में महिलाएं सोहर गीत गाएंगी। सोमवार को भगवान की छठी का उत्सव होगा, जो दिन से शुरू होकर रात तक चलेगा। छठ के अवसर पर लोगों को भोजन कराने की भी परंपरा है। यह परंपरा सैकड़ों साल से चली आ रही है। मुहल्ले के लोग जुटते हैं और उत्सव मनाते हैं।

## नाराज वकीलों ने इलाहाबाद बार एसोसिएशन को भेजीं चूड़ियां

**बिजनौर ।** हापुड़ में वकीलों पर हुए पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में जिला बार एसोसिएशन बिजनौर ने 3 दिन धरना प्रदर्शन करते हुए घोषणा की की 8 सितंबर को भी वकील पूर्व की भांति हड़ताल पर रहेंगे उक्त जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष बार एसोसिएशन एसके बबली ने बताया कि हमारे संज्ञान में आया है कि उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन इलाहाबाद ने बिना किसी नतीजे के अधिवक्ताओं द्वारा कार्य शुरू करने की घोषणा की है जिसे लेकर प्रदेश तथा यहां अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी है । इसलिए उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष व सचिव को कोरियर के माध्यम से चूड़ियां भेजी गई हैं।

## इमाम हुसैन व उनके 71 साथियों की शहादत का चेहल्लुम मना, नौहाख्वानी व मातम किया गया

**वाराणसी।** कर्बला की जंग में इमाम हुसैन व उनके 71 साथियों की शहादत का चेहल्लुम गुरुवार को मातमी माहौल में मनाया गया। शिया मुसलमानों ने अपराह्न में अलम, ताजिया व दुलदुल का जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल युवाओं ने राह में जंजीर के मातम से खुद को लहूलुहान किया तो कहीं फन-ए-सिपहगिरी का प्रदर्शन कर मैदाने कर्बला की याद ताजा की गई।जुलूस देर शाम तक दरगाह फातमान, सदर इमामबाड़ा लाट व शिवाला घाट पर ठंडे किये गए।

मरहूम हकीम काजिम के दालमंडी स्थित इमामबाड़ा में जब जुलूस पहुंचा तो अंजुमन हैदरी ने नौहाख्वानी व मातम किया। जुलूस दरगाह फातमान पहुंच कर खत्म हुआ। अर्दलीबाजार स्थित अंजुमन इमामिया ने ताबूत, अलम, दुलदुल व अमारी का जुलूस निकाला। इसमें कई मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया। अर्दली बाजार स्थित उल्फत बीबी के हाता स्थित मरहूम जहीर हुसैन के इमामबाड़ा से जुलूसे अमारी निकाला गया। इसमें अलम, ताबूत, दुलदुल, अली असगर का झूला व ऊंटों पर अमारी सजी थी। जुलूस अर्दलीबाजार, सब्जी मण्डी, तार गली, डिठोरी महाल होता हुआ उसी इमामबाड़ा में समाप्त हुआ।
इसी क्रम में अंजुमन जव्वादिया कच्चीसरांय से अलम, ताबूत का जुलूस, दोषीपुरा के जाफरिया इमामबाड़ा से अलम, ताबूत व दुलदुल का जुलूस निकलकर सदर इमामबाड़ा पहुंचकर ठंडा हुआ। इसी क्रम में शहीदाने कर्बला इमाम हुसैन की याद में मातमी जुलूस इमामबाड़ा कच्चीसराय दालमंडी से सैयद इकबाल हुसैन लाडले हसन की देखरेख में उठाया गया।

# कान्हा ने फोड़ी माखन का मटकी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हनुमानगंज, प्रयागराज।** धनैचा-मलखानपुर, स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्हे कान्हा की रूपसज्जा में बच्चों ने माखन की हांडी का कार्यक्रम का भरपूर आनंद और उत्साह से मनाया। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं की देख रेख में दही हांडी बाँधी गई। ग्वालबालों का रूप बनकर हर हाउस बच्चों ने पिरामिड बनाया और ऊपर बंधी हांडी फोड़ने का प्रयास किया। अंत में कान्हा का रूप धारण किये एक छात्र ने अपने सखाओं के साथ मिलकर उस हांडी को फोडने में सफ़लता पाई। सभी बच्चों ने खुशियां मनाई और सबको मधुर मिष्ठान बाँटे गए। विद्यालय के छोटे- छोटे बच्चों ने गोप- गोपिकाओ और कान्हा का मनोहर रूप धारण किया, जो अतयंत मनोहारी रहा।

## ग्लोबल ग्रीन्स ग्रीन विजन प्रोडक्शन का तीसरा एल्बम लांच



**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ग्लोबल ग्रींस ग्रीन विजन प्रोडक्शन ने अपना तीसरा एल्बम हरे रामा हरे कृष्णा लॉच किया। कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन अवधेश निषाद गुड्डू भाई और क्षितिज त्रिपाठी ने बहुत ही शानदार तरीके से किया द्य हरे रामा हरे कृष्णा भजन संकीर्तन पर आधारित है जिसे अपनी आवाज़ और संगीत से सजाया है 35 सालों से म्यूजिक इंडस्ट्री में काम कर रहे ॐ साईं म्यूजिक स्टूडियो के संस्थापक नीरज सिंह ने
एल्बम का निर्देशन रंग कर्मी युवा निर्देशक श्रिया सिंह ने किया है द्य भजन लिखा है कुमार अनुपम ने द्य प्रोड्यूसर संजय पुरुषार्थी ने प्रयागराज से किशोर और युवा कलाकारों की खेप निकालने का जो संकल्प लिया है उसी क्रम में इसी साल जून में *समय की शिला पर और मर ना जाऊं एल्बम की भी लांचिंग की थी
हरे रामा हरे कृष्णा एल्बम के प्रोड्यूसर संजय पुरुषार्थी ने राधा कृष्ण और सीता राम के रूप में अतिथि कलाकार अभिनेता अलंकृत और अभिनेत्री लक्ष्मी श्रीवास्तव पलक को जोड़ा।
अन्य कलाकारों के रूप में विवेक जायसवाल, अमरेश गौतम, पुनीत श्रीवास्तव, प्राची चौरसिया, असिता सिंह, इशिता श्रीवास्तव श्रेया मिश्रा शामिल हैं हरे रामा हरे कृष्णा एल्बम की के लांचिंग समारोह में शामिल होने वालों में आशीष मालवीय चन्द्रकांत मालवीय फारुख सलमानी भोला यादव
सत्यम श्रीवास्तव जूही श्रीवास्तव राजेश कुमार श्रीवास्तव, रवीन्द्र श्रीवास्तव, कमल कुमार अमित विश्वकर्मा कुलदीप विश्वकर्मा बेबी असिता, गायिका शुभा मालवीय आदि मौजूद रहे।

# रानी रेवती देवी में श्री राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई

## सनातन धर्म में कृष्ण को श्री हरि विष्णु का सबसे सुंदर अवतार माना जाता है- बांके बिहारी पांडे



**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के मार्गदर्शन में श्री राधाकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने श्री राधा कृष्ण का सुंदर रूप धारण कर अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों एवं अभिनय से सबका मन मोह लिया द्य

इस अवसर पर विद्यालय के संगीताचार्य मनोज गुप्ता के निर्देशन में श्रेया शुक्ला ने ओ कान्हा अब तो मुरली की मधुर सुना दे तान, एवं उज्जवल पांडे ने ÷मेरे सांवरे सलोने कन्हैया तेरा जलवा कहां पर नहीं है ÷भजन प्रस्तुत करके एवं रितिका मौर्य ने नृत्य प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व को बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में कृष्ण को श्री हरि विष्णु का सबसे सुंदर अवतार माना जाता है। माना जाता है कि जन्माष्टमी पर कान्हा की पूजा करने से अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता और व्यक्ति स्वर्गलोक में स्थान पाता है। संतान की प्राप्ति के लिए इस दिन श्रीकृष्ण के बालरूप की पूजा करे द्य जन्माष्टमी को गोकुलाष्टमी के रूप में भी जाना जाता है. धर्म शास्त्रों के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने माता देवकी के गर्भ से पृथ्वी पर जन्म लिया था. यही कारण है कि हर साल इस दिन भक्त श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हैं

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों का भरपूर योगदान रहा द्य कार्यक्रम का सफल एवं कुशल संचालन दिनेश कुमार शुक्ला ने किया

# रेलवे बोर्ड की नई विज्ञापन नीति के खिलाफ अखबार मालिकों व पत्रकारों ने की बैठक

## सरकार को किसान विरोधी नीति की तरह नई विज्ञापन नीति को लेना होगा वापस,मुनेश्वर मिश्र



- रेल मंत्री से मिलकर नई विज्ञापन नीति को वापस लेने का हुआ निर्णय
- प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे प्रकाशक व पत्रकार

**प्रयागराज।** रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नई विज्ञापन नीति के खिलाफ गुरुवार को अखबार मालिकों व पत्रकारों ने एक जुटता दिखाते हुए पत्रिका चौराहा स्थित डाटा एक्सपर्ट शिक्षण संस्थान में एक बैठक की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्र ने कहा कि रेलवे द्वारा जारी नई विज्ञापन नीति से हजारों-हजार मध्यम श्रेणी के अखबार बंद हो जाएंगे जिसके कारण पत्रकारों व अखबार में काम करने वाले कर्मचारियों के सामने रोज़गार का संकट उत्पन्न हो जाएगा।
अपने सम्बोधन में मुनेश्वर मिश्र ने कहा कि हमे एकजुट हो कर रेलवे बोर्ड द्वारा बनाई गई इस नई विज्ञापन नीति के खिलाफ किसान आंदोलन की तरह एक आंदोलन करना होगा।और सरकार को मजबूर होकर इस नई विज्ञापन नीति को वापस लेना होगा।उन्होंने कहा कि सरकार हमसे हमारा रोज़गार छीनकर हमें बेरोजगार करना चाहती है।एक बात का ध्यान रखे हमेश जीत भूखे पेट की ही होती है ,क्रांतिकारी भूखे पेट वाले ही होते हैं। हमे मजबूती के साथ एकता से इस लड़ाई को लड़ना होगा।
इस बैठक में मुख्य रूप से अनुपम शुक्ला ,केके श्रीवास्तव, आनंद शुक्ला, कृष्णानंद त्रिपाठी ,सिद्ध नाथ द्विवेदी ने जोरदार तरीके से अपनी-अपनी बातों को रखते हुए अखबार स्वामियों व पत्रकारों को एकजुट रहने की बात की।इस बैठक में रेलवे विज्ञापन नीति पर आंदोलन की रणनीति तैयार की गई ।मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार रणविजय सिंह ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं ने अपनी अपनी राय रेलवे की नई विज्ञापन नीति पर रखी। सभी अखबार स्वामियों की बातों को सुनकर मीडिया मंच के मार्गदर्शक मंडल टीम के अगुवा अनुपम शुक्ला ने कहां की यह लड़ाई हम सबकी है। प्रयागराज सहित विभिन्न जिलों के अन्य अखबार मालिकों से बातचीत कर हम आंदोलन को मूर्त रूप देने की तैयारी करें ।अब हम अखबार वाले जुल्म नहीं सहेंगे जुल्म सहने वाला भी गुनहगार होता है सरकार रहेगी या हम रहेंगे यह आर पार की लड़ाई होगी।
वही मार्गदर्शक मंडल के के श्रीवास्तव ने कहा की सरकार तकनीकी दृष्टि से उच्च अधिकारियों को आगे कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रही है। सरकार दो तरफा चल चल रही है। जिस तरह से सरकार साजिश रच अखबार मालिकों को सड़क पर लाना चाहती है हम पत्रकार बंधुओं को इन्हीं की तरह दिमाग से लड़ाई लड़नी है। सबसे पहले हम लोग एकजुट हो प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकरी को देंगे। जिलाधिकारी को ज्ञापन कब देना है इसके लिए हम आपस में विचार विमर्श करके एक दो दिन में फैसला लेंगे। मार्गदर्शक मंडल के कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहीं की लड़ाई गंभीरता से लड़ी जानी चाहिए सांसद और विधायक मंत्री को ज्ञापन देने से बात नहीं बनने वाली है पूरी तरह से सरकार की तानाशाही है। हमारी ताकत सोशल मीडिया के साथ-साथ अखबार भी होगा ।हमे एकजूट होकर रणनीति बनानी होगी।इस बैठक में वरिष्ठ पत्रकार आनंद शुक्ला ने कहा की इस आंदोलन के रूपरेखा तैयार करने के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन हो। अखबार में कोई छोटा बड़ा नहीं होता है सबको एक साथ खड़े होकर सकारात्मक सोच के साथ लड़ाई लड़नी होगी। वरिष्ठ पत्रकार संतोष भगवन ने कहा की हम लोगों को नई विज्ञापन नीति को वापस लेने के लिए रेलमंत्री से मिलकर इस दमनकारी नीति को वापस लेने का दबाव बनाना होगा।अगर जरूत पड़ी तो हम लोग जन्तर-मन्तर पर धरना-प्रदर्शन भी करने को मजबूर होंगे।
बैठक में प्रमुख रूप से सिद्धनाथ द्विवेदी, राकेश शर्मा,कमलेश मिश्र, आफताब अहमद, अनुराग त्रिपाठी, कुन्दन श्रीवास्तव, देवेन्द्र मिश्र, परवेज आलम, शकील अहमद, कमल श्रीवास्तव, अमरजीत, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव,डा सुधाकर पाण्डेय, जेपी श्रीवास्तव, शिवेश राय, संदीप वालिया, दूधनाथ पाण्डेय, सतीश कुमार मिश्र, अनिल त्रिपाठी, सतीश कुमार गुप्ता समेत कई अखबार मालिक व पत्रकार मौजूद रहे।

# जी 20: भारत मंडपम में 9 सितंबर की शाम भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुति




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए सभी मेहमानों को भारतीय संगीत की कई चिर-परिचित धुनें और गीत-संगीत सुनने को मिलेगा। भारत मंडपम में 9 सितंबर की शाम को भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। तीन घंटे के कार्यक्रम की समाप्ति मिले सुर मेरा तुम्हारा गीत से होगा। इस संगीतमय शाम में भारत वाद्य दर्शन अनूठी संगीत की प्रस्तुति की जाएगी, जो भारतीय संगीत के माध्यम से भारत की एक सामंजस्यपूर्ण यात्रा है। इस कार्यक्रम में सिर्फ शास्त्रीय और लोकधुन को जगह दी गयी है। कार्यक्रम की परिकल्पना संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा की है।संस्कृति मंत्रालय के अनुसार भारत यात्रा संगीत समागम के इस अनूठे कार्यक्रम को तीन भागों में बांटा गया है। प्रदर्शन धीमी लय से मध्यम और फिर तेज लय की गति में होंगे। भारत वाद्य दर्शन की परिकल्पना वाद्य संगीत प्रदर्शनों के एक क्रम में दर्शकों को देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि संगीत के माध्यम से भारत की डेढ़ घंटे की यात्रा पर ले जाया जाएगा। प्रत्येक समूह अपने विभिन्न वाद्य यंत्रों, जैसे स्ट्रिंग वाद्य यंत्र, वाद्य यंत्र झिल्ली, वायु वाद्य यंत्र और धातु वाद्ययंत्र के साथ प्रदर्शन करेंगे।मंत्रालय के अनुसार प्रस्तुति के दौरान विचित्र वीणा, रुद्र वीणा, सुरबहार, जलतरंग, नलतरंग, सरस्वती वीणा, धंगली, भपंग, सुंदरी और दिलरुबा जैसे कई दुर्लभ वाद्य यंत्र प्रदर्शित किए जाएंगे। कुल मिलाकर इसमें 34 भारतीय संगीत वाद्ययंत्र, 18 कर्नाटक संगीत वाद्ययंत्र और भारतीय राज्यों के कुल 78 कलाकार शामिल किए गए हैं। इनमें 26 लोक संगीत वाद्य यंत्रों का समावेश होगा, जिसमें 11 बच्चों, 13 महिलाओं, 6 दिव्यांग कलाकार, 22 पेशेवर और 26 युवा शामिल हैं।इस संगीतमय प्रस्तुति में रवीन्द्रनाथ टैगोर का प्रसिद्ध गीत एकला चलो रे की भी प्रस्तुति के साथ राजस्थानी लोक कलाकार वहां का लोक संगीत पेश करेंगे। गुजरात और दक्षिण भारत के संगीत और लोक धुनों को भी कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम को कुछ इस तरह तैयार किया गया है, जिसमें अलग-अलग प्रदेशों और भाषाओं के गीत-संगीत से विदेशी मेहमान रूबरू हो सकें। इसमें लोक संगीत के साथ ही शास्त्रीय संगीत भी होगा।

# 'यात्रा जारी है, जब तक नफरत खत्म नहीं हो जाती', राहुल गांधी ने देश की जनता से किया ये वादा



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने की आज पहली वर्षगांठ है। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में नफरत खत्म होने तक यात्रा जारी रहेगी। राहुल गांधी ने भाजपा जोड़ो यात्रा शुरू होने का एक साल पूरा होने पर कहा कि 'एकता और प्रेम की ओर भारत जोड़ो यात्रा के करोड़ों कदम देश के बेहतर कल की नींव बन गए हैं।'

सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि 'यात्रा जारी है- जब तक नफरत खत्म नहीं हो जाती, जब तक भारत एकजुट नहीं हो जाता। यह मेरा वादा है।' राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 4000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। इस दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक बैठकें की, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाएं और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से राहुल गांधी की छवि एक परिपक्व नेता की बनी है। इससे पहले राहुल गांधी की राजनीतिक प्रतिबद्धताएं सवालों के घेरे में रहती थीं लेकिन भारत जोड़ों यात्रा के बाद से राजनीतिक रूप से राहुल गांधी एक गंभीर नेता के तौर पर उभरे हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई हस्तियों और प्रमुख लोगों ने उनसे मुलाकात की। इनमें कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसी फिल्म और टीवी हस्तियां भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। इनके अलावा पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) दीपक कपूर, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास समेत कई लेखक और पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन आदि भी राहुल गांधी के साथ दिखाई दिए। राजनीति जगत से फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती, आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत जैसे नेता भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए।

# 'जितनी चाहें उतनी एफआईआर दर्ज करने दें, फर्क नहीं पड़ता,' प्रियांक खरगे का बीजेपी पर पलटवार




**बेंगलुरु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने भी पिछले दिनों सनातन धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिपण्णी की थी। इसके बाद डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के साथ में प्रियांक खरगे भी बीजेपी के निशाने पर आ गए।

गुरुवार (7 सितंबर) को मंत्री प्रियांक खरगे ने अपने ऊपर किए जा रहे हमलों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मेरा बयान किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं था। मैंने कहा था कि जो भी धर्म इंसानों के बीच भेदभाव करता है, वह धर्म नहीं है। मैं संविधान को मानता हूं, मेरा धर्म संविधान है। अगर वे चाहें तो मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सकते हैं या वे मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं, यह उनके ऊपर निर्भर है, मुझे वास्तव में परवाह नहीं है।'

### 'ये लोग कन्नड़, हिंदी या अंग्रेजी नहीं समझते हैं'

उन्होंने आगे कहा, 'ये लोग कन्नड़, हिंदी या अंग्रेजी नहीं समझते हैं। मैंने केवल इतना कहा है कि संविधान मेरा धर्म है। क्या बीजेपी को इससे कोई समस्या है? उन्हें जितनी चाहें उतनी एफआईआर दर्ज करने दें, वे ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं।'

### प्रियांक खरगे ने क्या कहा था?

बता दें कि प्रियांक खरगे ने कहा था कि कोई भी धर्म जो समान अधिकार नहीं देता है, वह धर्म नहीं है और बीमारी के समान है। वह सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए ये बातें कहीं थीं।

## कर्नाटक में 'चावल' को लेकर बीजेपी-कांग्रेस में रार! बात 'नीच' तक आई, क्या बोले केंद्रीय मंत्री?

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में गरीबों को चावल देने की बात पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच तकरार इतनी बढ़ गई है कि अब बात 'नीच' कहने तक आ गई है। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर कर्नाटक को चावल नहीं देने का आरोप लगाया। इसको लेकर सीएम सिद्धारमैया ने मोदी सरकार को गरीब विरोधी बताया।

सीएम सिद्धारमैया के बयान पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पलटवार किया है। दरअसल, सीएम सिद्धारमैया ने एक सभा में कहा, ?चुनाव से पहले मैंने कहा था कि मैं राज्य के लोगों को जो चावल मिल रहा है उससे 5 किलो अतिरिक्त चावल दूंगा, क्योंकि पिछली सरकार ने मुफ्त चावल घटाकर सिर्फ 5 किलो कर दिया था।' उन्होंने कहा, 'हमने फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को लिखा है कि हम उनसे चावल खरीदेंगे।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ, जयराम रमेश बोले- जनता की चिंता सुनने का अवसर मिला



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने बताया कि यह राहुल गांधी के लिए 'मन की बात' जैसा भाषण अभ्यास नहीं बल्कि जनता की चिंता सुनने का अवसर था, जो अभी भी विभिन्न रूपों में जारी है। यह यात्रा भारतीय राजनीति में परिवर्तनकारी साबित हुआ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा इस यात्रा ने बढ़ती आर्थिक असमानताओं, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और गहराते राजनीतिक अधिनायकवाद पर ध्यान केंद्रित किया।

एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, 'आज कन्याकुमारी से कश्मीर तक आजियत किए जाने वाले भारत जोड़ा यात्रा की पहली वर्षगांठ है। यह मन की बात जैसा भाषण अभ्यास नहीं बल्कि जनता की चिंता सुनने का अवसर था।' उन्होंने आगे कहा, 'अपने पिता को श्रीपेरुमबुदुर में श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल, तिरुवल्लुवर प्रतिमा, कामराज मेमोरियल और गांधी मंडपम का दौरा किया। वह गांधी मंडपम से हिंद महासागर के किनारे कन्याकुमारी में एक बड़ी सार्वजनिक रैली को संबोधित करने गए।'

यात्रा का समापन इस साल 30 जनवरी को हुआ, इस दौरान राहुल गांधी ने 12 पब्लिक मीटिंग, 100 नुक्कड़ मीटिंग और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस किए। इसके अलावा राहुल गांधी ने छात्रों, ट्रक ड्राइवरों, किसानों और फार्म कार्मचारियों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने मणिपुर की यात्रा भी की। कई विशेषज्ञों का मानना है कि इस यात्रा ने जनता के सामने राहुल गांधी की छवि को बदल दिया। अपनी 4000 किलोमीटर की यात्रा में राहुल गांधी अपने समर्थकों के साथ-साथ विरोधियों का भी ध्यान खींचने में कामयाब रहे। इस यात्रा में पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल एल रामदास, पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम भी शामिल हुए। विपक्षी नेता नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी, संजय राउत और राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने भी इस यात्रा में विभिन्न समय पर राहुल गांधी के साथ दिखे।

# 'जब तक एक-एक भक्त इस धरती पर जीवित है...' उदयनिधि के बयान पर स्मृति ईरानी का पलटवार

**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म के खिलाफ एक टिप्पणी की थी। उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की। उदयनिधि के इस बयान से देश में हंगामा खड़ा हो गया। भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले पर उदयनिधि स्टालिन के जरिए विपक्षी गुट आई.एन.डी.आई.ए. को घेरा।

इसी बीच बुधवार को दिल्ली के द्वारका में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्मृति ईरानी ने कहा कि जिन लोगों ने सनातन धर्म को चुनौती दी है उनकी कानों तक हमारे स्वर पहुंचे कि जब तक एक-एक भक्त इस पुण्य धरती पर जीवित है तब तक कोई ऐसी नहीं जो हमारे धर्म और आस्था को चुनौती नहीं दे सकता है। इसके बाद उन्होंने 'कृष्ण कन्हैया लाल का जय की' उद्घोषणा की।

बता दें कि आई.एन.डी.आई.ए. गुट में डीएमके एक बड़ा घटक दल है। वहीं, उदयनिधि के इस बयान पर कांग्रेस ने चुप्पी साध ली। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाए कि कांग्रेस और विपक्षी दल सनातन धर्म को खत्म करना चाहते हैं। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक ने कहा कि ये विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं।

इसी बीच बुधवार को जन्माष्टमी के अवसर पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी इस मामले पर अप्रत्यक्ष तौर पर विपक्ष पर निशाना साधा। बता दें कि इस मामले पर पीएम मोदी ने भी बुधवार को कैबिनेट बैठक के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कैबिनेट बैठक में कहा कि इस मामले में हमें सही से जवाब देना चाहिए। पीएम ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान करके विपक्ष फंस चुका है और विपक्ष में बेचैनी साफ दिख रही है।

## मेडिकल खर्च के दावों पर 100% कैशलेस निपटान, एनएचई में अधिक अस्पतालों को शामिल करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी है तो जल्द ही आप पूरी तरह कैशलेस इलाज करा सकते हैं। भारतीय बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण (इरडाई) इस संबंध में योजना बना रहा है। जल्द ही सारे चिकित्सा खर्च के दावों का 100 फीसदी कैशलेस निपटान शुरू हो सकता है। इसके लिए नियामक स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम कर रहा है। अभी कैशलेस दावा प्रक्रिया थकाऊ है। बीमा कंपनियां तमाम मदों के नाम पर कुल बिल से 10 फीसदी या अधिक कटौती करती हैं। अधिकांश अस्पताल कैशलेस की मंजूरी नहीं देते हैं। इरडाई चेयरमैन देबाशीष पांडा ने बुधवार को मुंबई में फिनटेक कार्यक्रम में कहा, नियामक इसके लिए नेशनल हेल्थ एक्सचेंज में अधिक अस्पतालों को शामिल करने को बीमा परिषद व राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण संग मिलकर काम कर रहा है।

# शिवसेना ने उदयनिधि स्टालिन के बयान से किया किनारा, संजय राउत बोले- देश में 90 करोड़ हिंदू हैं



**मुंबई।** डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए बयान पर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। विपक्षी गठबंधन के साथी ही इस मुद्दे पर उदयनिधि स्टालिन का समर्थन नहीं कर रहे हैं। बता दें कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने डीएमके नेता के बयान से किनारा कर लिया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा है कि किसी की भी धार्मिक मान्यताओं को आहत नहीं किया जाना चाहिए।

उदयनिधि के बयान पर संजय राउत ने कहा कि 'मैंने बयान सुना है... उदयनिधि स्टालिन एक मंत्री हैं और कोई भी उनके इस बयान का समर्थन नहीं करेगा और इस तरह के बयानों से बचना चाहिए। यह डीएमके का और उदयनिधि स्टालिन का निजी विचार हो सकता है लेकिन इस देश में 90 करोड़ हिंदू भी रहते हैं, साथ ही अन्य धर्मों को मानने वाले लोग भी रहते हैं। उनकी धार्मिक मान्यताओं को आहत नहीं किया जाना चाहिए।' हालांकि इस दौरान संजय राउत ने डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन पर तीखा हमला बोलने से परहेज किया।

### उदयनिधि स्टालिन के बयान पर मचा है हंगामा

बता दें कि बीते दिनों चेन्नई में सनातन उन्मूलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हम उसका विरोध नहीं कर सकते। हमें मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस आदि का विरोध नहीं करना चाहिए। इन्हें खत्म करना चाहिए। सनातन धर्म भी ऐसा ही है। हमें इसका विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इसे खत्म करना चाहिए। सनातन, समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है।

भाजपा ने उदयनिधि स्टालिन के बयान को लेकर पूरे विपक्षी गठबंधन को कोसना शुरू कर दिया। वहीं उदयनिधि स्टालिन के बयान को समर्थन भी मिल रहा है। कांग्रेस नेता और कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने भी स्टालिन के बयान का समर्थन किया। वहीं डीएमके सांसद ए राजा ने भी स्टालिन के बयान का समर्थन किया और कहा कि सनातन की तुलना एचआईवी और कुष्ठ रोग जैसे सामाजिक कलंक वाली बीमारियों से की जानी चाहिए।

# अनुराग ठाकुर बोले- राहुल की नफरत की दुकान में नेता नफरती सामान बेच रहे, भाजपा नेताओं ने विपक्ष को घेरा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं आज ईश्वर से कामना करता हूं कि इन घमंडिया गठबंधन (INDIA) के नेताओं का घमंड थोड़ा कम कर दे। इनकी सोच में थोड़ा सुधार कर दे और इन्हें सद्बुद्धि दे, क्योंकि इनका घमंड इन्हें नीचले स्तर के बयान देने पर मजबूर करता है कि वे हिंदुओं और सनातन का अपमान करते हैं। राहुल गांधी की नफरत की दुकान में उनके नेता नफरती सामान बेच रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि जिन लोगों ने 'सनातन धर्म' के बारे में भारत की संस्कृति और सभ्यता के बारे में ऐसी टिप्पणियां की हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए। देश और सभी भारतीय इस तरह के बयानों से निराश हैं और मुझे लगता है कि उन्हें लोगों के सामने जवाब देना होगा।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि INDIA गठबंधन जिस तरीके से सनातन धर्म पर टीका टिप्पणी कर रहा है, वो अनुचित है। इसकी जितनी निंदा की जाए वो कम है। देश को विनाश के पथ पर ले जाना, सनातन धर्म को नष्ट करना, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार व्यापक करना ही इस गुट (INDIA गठबंधन) का असली चेहरा है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया और कांग्रेस पार्टी ने PM मोदी को 'नीच' बोलने के प्रयास किया है। इससे पहले भी मणिशंकर अय्यर ने ऐसा कहा था। प्रधानमंत्री मोदी गरीब परिवार से आते हैं। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि जिस कुर्सी पर प्रधानमंत्री मोदी बैठे हैं, वो गांधी परिवार की है।

# तैराकों की मदद से पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाने वाला गिरफ्तार, नौ किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने पाकिस्तान से 50 किलो हेरोइन की खेप लाने के लिए तीन तैराकों की मदद लेने वाले मलकियत सिंह उर्फ काली को गिरफ़्तार करके बड़ी सफलता हासिल की है।पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने काली के पास से 50 किलो हेरोइन की खेप में से 9 किलो हेरोइन ज़ब्त की है। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस ने इस खेप में से 22.5 किलो हेरोइन पहले ही बरामद की जा चुकी है। पुलिस अब तक कुल 31.5 किलो हेरोइन बरामद की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि जालंधर ग्रामीण पुलिस ने हेरोइन की खेप हासिल करने के लिए तैर कर पाकिस्तान के अधिकार क्षेत्र में जाने वाले जोगा सिंह से 8 किलो हेरोइन बरामद हुई थी। इससे पहले एसएसओसी अमृतसर ने शिन्दर सिंह को नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ़्तार किया था। एसएसओसी ने उसके पास से 10 किलो हेरोइन और 1.5 लाख रुपये बरामद किए थे। इस माड्यूल से जुड़ी एक महिला अमनदीप कौर उर्फ दीप भाई को भी 1 किलो हेरोइन सहित काबू किया गया था, जबकि एक अन्य शिन्दरपाल उर्फ पप्पू को महितपुर से 500 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था।डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि हेरोइन की इस बड़ी खेप के मामले में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने फ़िरोज़पुर के गांव टेंडियां के रहने वाले मलकीयत काली को गोराया के नज़दीक बोपाराय नहर के पुल से गिरफ्तार किया है। उसके पास से नौ किलो हेरोइन बरामद की।एसएसपी जालंधर ग्रामीण



मुखविन्दर सिंह भुल्लर ने बताया कि काली ने खुलासा किया कि वह हैदर अली के तौर पर जाने जाते पाकिस्तान स्थित नशा तस्कर के संपर्क में था, जिसने हवाला के जरिए पैसे का लेन-देन करने बदले भारत में हेरोइन की खेप की तस्करी करने में उसकी मदद की थी। पुलिस के अनुसार काली ने यह भी कबूला कि उसने जोगा सिंह और दो अन्य व्यक्तियों को नदी के रास्ते 50 किलो हेरोइन की खेप लाने के लिए पाकिस्तान भेजा था। भुल्लर ने कहा कि जांच जारी है और पुलिस इस माड्यूल में शामिल अन्य तस्करों को गिरफ़्तार करने के लिए छापेमारी कर रही हैं।

# 'सीमा पर आधारभूत संरचना के मामले में दो-तीन वर्षों में हम चीन से आगे होंगे'

**नई दिल्ली।** सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी के अनुसार दो से तीन साल या शायद चार साल में हम सीमाओं पर सड़कों, पुलों, सुरंगों और हवाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के मामले में चीन से बहुत आगे होंगे।

सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक ने कहा, '12 सितंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू क्षेत्र जा रहे हैं और हमारी 90 परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे, जिनमें 22 सड़कें, 63 पुल, अरुणाचल में एक सुरंग और दो रणनीतिक हवाई क्षेत्र, बागडोगरा और बैरकपुर और दो हेलीपैड, एक राजस्थान में और एक लद्दाख में ससोमा-सेसर ला के बीच शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'दिसंबर तक हम 60 अन्य परियोजनाओं को पूरा करेंगे।' लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने कहा कि इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी और संख्या 150 से 160 होगी। उन्होंने कहा कि इसलिए यह राष्ट्र के लिए एक महान क्षण है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में इतनी सारी परियोजनाएं बनाई जा रही हैं और यह हमारी सेना के सुरक्षा मैट्रिक्स को मजबूत कर रही है ताकि वे यथासंभव आगे तैनात हो सकें और किसी भी महत्वपूर्ण स्थिति पर नजर बनाकर रख सकें। सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी कहते हैं, '... दो से तीन साल या शायद चार साल में हम सड़कों, पुलों, सुरंगों और हवाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सीमाओं पर चीन से बहुत आगे होंगे।' सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने कहा, '12 सितंबर को 90 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है। इनमें से 26 लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं। हमारा ध्यान पूरी तरह से इन दो राज्यों पर है और हम इन दो राज्यों में बहुत आगे हैं और बहुत तेजी से परियोजनाओं का काम आगे बढ़ा रहे हैं ताकि वास्तव में चीन से मुकाबला किया जा सके।

# फ्रांस के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री से करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत की अध्यक्षता में 9-10 सितंबर तक होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे।फ्रांसीसी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। बैठक संभवतः 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन के बाद दोपहर के भोजन के साथ होगी।इससे पहले दोनों नेता जुलाई में बैस्टिल डे परेड के लिए प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान मिले थे।भारत में फ्रांस के दूतावास ने कहा कि नई दिल्ली की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, फ्रांसीसी राष्ट्रपति अन्य विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

# भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को नहीं भूलेगी कांग्रेस -खेड़ा



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस ने कहा कि वह भारत जोड़ो यात्रा के आदर्श, प्रेरणा और उद्देश्य को हमेशा याद रखेगी। उस दिशा में हमेशा सतत रहेगी।कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि आज ऐतिहासिक %%भारत जोड़ो यात्रा%% की पहली वर्षगांठ है। इस मौके पर वह लाखों निडर भारतीयों को धन्यवाद देते हैं। यह यात्रा मीलों और किलोमीटरों में नहीं नापी जा सकती है। यह यात्रा सैकड़ों भाषाएं, लाखों आहें, करोड़ों उम्मीदों के रास्ते से होते हुई भारत के दिल में समा गई।खेड़ा ने कहा कि यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। यात्रा अभी चल रही है। उन्होंने कहा कि जब %%भारत जोड़ो यात्रा%% चल रही थी, तो इसे असफल करने के कई षड्यंत्र हुए लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। एक जुड़ा हुआ भारत किसे परेशान कर सकता है?खेड़ा ने कहा कि वे कौन सी ताकतें हैं जो अब %%भारत%% को %%इंडिया%% से भिड़वा रही हैं? आज यह सवाल बेहद जरूरी है, क्योंकि यह देश के वर्तमान और भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है।%%भारत जोड़ो यात्रा%% एक तीर्थ यात्रा थी और तीर्थ यात्रा कभी समाप्त नहीं होती। तीर्थ यात्रा, हर यात्रा का प्रारंभ होती है।

# पूर्व मंत्री ने दो दर्जन से अधिक लोगों को दिलाई समाजवादी पार्टी की सदस्यता

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर आज पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने मोनू मल्लाह समेत दो दर्जन समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्य दिलाई है । इस अवसर पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न पिछड़े और दलित का हो रहा है ।

श्री पांडेय ने कहा कि जिस निषाद समाज के लोगों ने प्रभु रामचंद्र जी की नैय्या को पर लगाई थी ।आज वही निषाद समाज अपने मकान और दुकान से बेदखल किया जा रहा है । श्री पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा विकास के पक्षधर रही है । लेकिन किसी की दुकान और मकान लेने से पहले उनकी समुचित व्यवस्था की जाए ताकि उसकी रोजी-रोटी और रहने पर संकट ना आवे । श्री पांडेय ने सभी का समाजवादी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि हम सब आपके मान सम्मान का हमेशा ख्याल रखूंगा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने मोनू मल्लाह के समर्थकों के साथ शामिल होने पर उनका माला पहनकर स्वागत किया और कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव आपके साथ है। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद सोहेल ने किया ।




सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि मुन्ना माल्लाह के नेतृत्व में दो दर्जन की संख्या में महिला पुरुषों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य रूप से मिर्जा सनी अहमद बेग अंसार अहमद बबन मोहम्मद सोहेल दान बहादुर सिंह चौधरी बलराम यादव राशिद सलीम शेखू खान इमरान खान मकसूद खान नागेश्वर नाथ कोरी आवेश खान राजेश यादव सादिक अली कपिल गुप्ता सूर्यभान यादव आदि लोग मौजूद रहे। पार्टी में सदस्यता लेने वाले मुख्य रूप से मोनू माल्लाह विमल कुमार आशीष कुमार गुड्डू यादव मोहन कुमार कल्लू निषाद गंगू निषाद संजय निषाद कन्हैया कुमार पिंटू निषाद नीलम निषाद प्रतिभा निषाद सीमा निषाद जानू निषाद मुन्नेलाल निषाद दीपक निषाद बेबी ममता निषाद सोनू निषाद मेनाब खान आदि लोगों ने सदस्यता ली।

पूर्व सांसद स्वर्गीय बाबू मित्रसेन यादव की पुण्यतिथि आज लोहिया भवन गुलाब बाड़ी में मनाई गई। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने स्वर्गीय बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके संघर्षों के बारे में पार्टी के कार्यकर्ताओं को बताए की उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चल के ही पार्टी और समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है । इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव दान बहादुर सिंह मोहम्मद सोहेल चौधरी बलराम यादव अंसार अहमद बब्बन सहित पार्टी के तमाम नेता व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# बकरी का दूध 100 रुपये प्रति लीटर के पार, 20 दिन में दोगुनी हुई कीमत

लोकमित्र ब्यूरो

**बदायूं।** बदायूं के उझानी में पिछले कई दिनों से बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा होने के बाद लोग देशी नुस्खे आजमाने लग गए हैं। ऐसे ही नुस्खों में खासकर डेंगू के दौरान बकरी के दूध के इस्तेमाल का शोर मचा तो उसकी डिमांड बढ़ गई। जिससे बकरी के दूध की कीमत दोगुनी हो गई। उझानी इलाके में बकरी का दूध 100 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

बकरी का दूध करीब 20 दिन पहले तक 50 रुपया प्रति लीटर के रेट से आसानी से उपलब्ध हो जाता था। उझानी में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी तो बकरी के दूध की मांग भी बढ़ने लगी। यहां रेलवे स्टेशन और बकरियों वाले नखासे, बहादुरगंज मोहल्ला समेत गंजशहीदा में बकरी का दूध करने के लिए मरीजों के परिजन पहुंच जाते हैं।

रेलवे स्टेशन पर दूध गहाई कराते मिले गांव अढौली निवासी चंद्रवीर ने बताया कि उसके पास 25 से अधिक बकरियां हैं। इनमें डेढ़ दर्जन दूध दे रही हैं, लेकिन पिछले दिनों डिमांड बढ़ी तो खरीदार बढ़ते गए। इन दिनों चाय और अन्य तरीके से घरेलू इस्तेमाल की बजाय लोग उसे दवा के रूप में प्रयोग करने का ले जा रहे हैं। हालांकि चिकित्सक इस तरह का कोई दावा नहीं करते हैं।

उझानी के आयुर्वेदाचार्य नवनीत शर्मा के अनुसार बकरी के दूध में वसा की मात्रा कम होती है, कैल्सियम और फास्फोरस अधिक मात्रा में पाया जाता है। फैट कम होने से यह डेंगू के मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। क्योंकि डेंगू का मरीज जितनी मात्रा में तरल पदार्थ लेगा, उतनी जल्द ही स्वस्थ होगा। ये सब चीजें बकरी के दूध में पाई जाती हैं।

इसमें विटामिन ए और बी की बहुतायत होती है। ये दोनों बाल झड़ने की समस्या से भी निजात दिलाने में उपयोगी बताए जाते हैं। बकरी दूध हड्डियों को मजबूती प्रदान करने के साथ स्वास्थ्य को भी दुरुस्त रखता है। इसमें औषधीय गुण भी होते हैं। इसमें लिनोलिक एसिड मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देता है।

### डिप्टी सीएमओ ने ये कहा

डिप्टी सीएमओ डॉ. निरंजन सिंह बताते हैं कि मेडिकल लाइन में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसके आधार पर कहा जा सके कि बकरी का दूध पीने से प्लेटलेट्स बढ़ने लगते हैं। दरअसल, डेंगू में सबसे ज्यादा दिक्कत प्लेटलेट्स की संख्या में गिरावट होते रहने से आती है।

# ओपी राजभर सबसे बड़े बहरूपिया, 'इंडिया' से घबरा गई है भाजपा : शिवपाल यादव




लोकमित्र ब्यूरो

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव पहुंचे। आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने घोसी उपचुनाव से लेकर आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। ओपी राजभर द्वारा उनके भाजपा में शामिल होने को बयान पर भी उन्होंने जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि ओपी राजभर सबसे बड़े बहरूपिया हैं। उनमें स्थायित्व नहीं है। उनके द्वारा दिए गए किसी बयान को लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं। कहा कि घोसी उपचुनाव में मतदाताओं ने भाजपा को पूरी तरह नगर दिया है। चुनाव परिणाम यह बात साबित कर देगा। उन्होंने कहा कि इंडिया से भाजपा घबरा गई है। इंडिया का नाम बदलकर भारत करना भाजपा की गंदी सोच है। भाजपा चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कुछ भी कर सकती है। भाजपा सरकार ने चुनाव के समय किया गया कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का जाना पूरी तरह से तय है।

# ठेका कर्मचारी को लगा करंट हालत गंभीर



**अयोध्या।** बिजली के पोल पर चढ़कर स्ट्रीट लाइट का कार्य कर रहे नगर निगम अयोध्या के ठेका कर्मचारी को स्ट्रीट लाइट के दौरान लगे करंट के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार मोहित कश्यप 35 वर्षीय निवासी कौशल पुरी कॉलोनी कोतवाली नगर गुरुवार दोपहर में बिजली के खंभे पर स्ट्रीट लाइट सुधारने के लिए चढ़ा हुआ था। तभी अचानक मोहित को जोरदार करंट लग गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।जैसे ही इसकी जानकारी परिचित और परिजनों को लगी तो जिला चिकित्सालय पहुंचे डॉक्टर द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है। वहीं नगर निगम अपर आयुक्त भी जिला चिकित्सालय पहुंचे और गंभीर हालत कर्मचारी मोहित कश्यप की जानकारी ली उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा जो भी मुआवजा बनेगा उसको दिलाया जाएगा।

# पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की मनाई गई आठवीं पुण्यतिथि

## पूर्वांचल के लोग हमेशा बाबूजी को याद करते रहेंगे: अरविंद सेन यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की आठवीं पुण्यतिथि किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि अयोध्या जनपद ही नहीं पूर्वांचल की राजनीति में कद्दावर नेता के रूप में पूर्व सांसद मित्रसेन यादव को जाना जाता है। उन्होंने हमेशा पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों और शोषित वंचितों की लड़ाई लड़ी है । पूर्व मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय बाबूजी तीन बार सांसद और सात बार विधायक रहकर जो जनता की सेवा की है जनता आज भी उनको याद कर रही है।

पूर्व डीआईजी अरविंद सेन यादव ने कहा कि बाबूजी हमेशा पूर्वांचल में दलित पिछड़ों गरीबों को सर उठा के जीने कि सामंती विचारधारा के लोगों का विरोध करने की अपनों के सम्मान के लिए लड़ने की प्रेरणा देते रहे हैं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा बाबूजी की कमी ना पूरी हुई है ना पूरी होगी ।पूर्वांचल के लोग हमेशा बाबूजी को याद करते रहेंगे ।



इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन यादव ने कहा कि स्वर्गीय बाबूजी अपने जीवन में हमेशा संघर्षों के लिए जाने जाते रहे हैं । उनका संघर्ष सड़क से लेकर संसद तक चलता रहा है । जिला पंचायत सदस्य हिंदू सेन यादव ने कहा कि स्वर्गीय बाबूजी पहले सेना में नौकरी करते थे और गांव वापस आने पर देखा कि सामंतवादियों के द्वारा महिलाओं पिछड़ा और दलितो पर जुल्म जातती की जा रही थी । तथा इन सामंतियों के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत कोई नहीं करता था । इस पीड़ा को देखकर स्वर्गीय बाबूजी सेना की नौकरी छोड़ समाज की सेवा में लग गए । इस अवसर पर पीतांबर सेन संतोष यादव ने कहा कि बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब उनके बताए हुए रास्ते पर चलेंगे।

सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि बाबूजी की आठवीं पुण्यतिथि पर आज किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में समाधि स्थल पर हवन पूजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई व गोष्टी का भी आयोजन किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण करके सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख राम अचल यादव अनिल यादव बबलू चौधरी बलराम यादव लड्डू लाल यादव रुखसार अहमद जगन्नाथ यादव रामकुमार अवस्थी चौधरी सिंह जेपी यादव शहीद सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी से पहले हनुमान मंदिर में लूट, पुजारी को बंधक बनाकर मुंह में ठूंसा कपड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** ब्रज के मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम मची हुई है तो वहीं आगरा के थाना अछनेरा क्षेत्र के फरह मार्ग स्थित प्राचीन बुर्जा वाले हनुमान मंदिर को बदमाशों ने अपना निशाना बनाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुजारी को बंधक बनाकर लूटपाट की। उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब पुलिस गस्त करती हुई मंदिर की और पहुंची। पुजारी को बंधन से मुक्त कराने के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी ली। इसके बाद बदमाशों की तलाश भी की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका।

बुधवार की रात अछनेरा-फरह मार्ग स्थित बुर्जा वाले हनुमान मंदिर पर कुछ बदमाशों ने मंदिर के पुजारी बंधक बना लिया। इसके बाद मंदिर के ताले तोड़कर दानपेटी की रकम व पीतल के घन्टों को लेकर फरार हो गए । गस्त के दौरान जब रात लगभग एक बजे डायल 112 पुलिस की गाड़ी मंदिर पर पहुंची तो मंदिर के पुजारी के हाथ पैर रस्सी से बंधे हुए मिले। पुलिस ने पुजारी के हाथ पैर खोले तब पुजारी ने पूरी घटना के बारे में पुलिस को बताया।

### आधा दर्जन बदमाशों ने बोला धावा

पुजारी ने बताया कि बुधवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे आधा दर्जन बदमाश हथियार लेकर मंदिर पर आए। उस समय पुजारी मंदिर की धर्मशाला में सो रहे थे। बदमाशों ने आते ही पहले पुजारी के साथ मारपीट की। फिर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुये बंधक बना लिया। इस दौरान कुछ बदमाशों ने धर्मशाला का ताला तोड़कर बक्शे से सामान व मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर की दानपेटी से रकम और पीतल के घंटों को अपने कब्जे में ले लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों मेंफांसी लगनेसे विवाहिता की मौत

**फिरोजाबाद।** थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव टूलामें संदिग्ध परिस्थितियों मेंफांसी लगनेसे एक विवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। नगला टूला निवासी 28 वर्षीय दुर्गेश पत्नी सुनील कुमार कि बुधवार की रात फांसी पर लगने से मौत हो गई। सूचना पर आए मृतका के मायके वालों ने हत्या की आसान का जताते हुए पुलिस को सूचना दी पुलिस शवको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। मृतका केचाचा नेम सिंह ने बताया दुर्गेश की शादी 19 महीने पहले हुई थी। वह गर्भवती थी। चाचा का कहना था उनकी भतीजी काफी सीधी थी। ससुराल के लोग उसे पागल समझते थे। अक्सर उसके साथ मारपीट करते थे। उन्होंने बताया दो माह पूर्व एक भैंस की दी थी परंतु वह संतुष्ट नहीं थे।

# घर-घर में सजा कान्हां का हिंडोला

लोकमित्र ब्यूरो

**शिकोहाबाद।** जन्माष्टमी का पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। नगर के सभी मंदिर आकर्षक रोशनी से सजाये गये। शाम छह बजे से मंदिरों को आम जनता के दर्शनों के लिए खोल दिया गया।

इसके साथ ही घर-घर में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया गया। लोगों ने वृत रख कर पूजा अर्चना की और रामायण का पाठ के साथ ही हरिनाम संकीर्तन किया। रात 12 बजते ही मंदिरों में घंटा-घडियाल बजने लगे और पूरा नगर कृष्णमय हो गया। युवकों ने कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर आतिशबाजी भी की। नगर में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के सभी मंदिर खूब सजाये गये। इनमें रीठरा बाला मंदिर, राधा-कृष्ण का मंदिर, दीक्षित का मंदिर, टुइयां वाला मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड स्थित मंदिर, काली देवी मंदिर के अलावा अन्य नगर के मंदिरों को भी सजाया संवारा गया। इसके साथ ही लोगों ने अपने घरों के आगे गली में भी भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाई गईं। घरों में भगवान श्रीकृष्ण का हिंडोला सजाया गया।

जहां पूरा परिवार एक साथ बैठ कर रामायण पाठ, हरिनाम संकीर्तन के अलावा अन्य पूजा पाठ करता रहा। जैसे ही घड़ी की सुई ने 12 बजाए, मंदिरों में पूजा अर्चना शुरू हो गई। घंटे, घड़ियाल और शंख की ध्वनि ने रात के सन्नाटे को चीर दिया। चारों तरफ जय श्रीकृष्ण, नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, जय श्रीराम आदि के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। शिकोहाबाद विधायक डॉ.मुकेश वर्मा ने कुष्ट आश्रम में पहुंच कर उन्हें मिष्ठान वितरित किए।

# आगामी लोकसभा चुनाव में बसपा सुप्रीमो बहन मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने का ले संकल्प : दिलीप कुमार विमल

**हैदरगंज- अयोध्या।** बसपा सुप्रीमो के आदेश पर पूरे प्रदेश में एकदिवसीय कैडर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत गोसाईगंज विधानसभा के जाना सेक्टर में एक दिवसीय कैडर कैंप का बड़े पैमाने पर आयोजन किया गया। कैडर कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे अयोध्या मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान को बसपा सुप्रीमो बहन मायावती का उद्देश्य है कि पूर्ण रूप से पालन कराते हुए शोषित लोगों को समाज में अपना अधिकार और सम्मान दिलाना सामिल है । आगामी लोकसभा चुनाव में बहन मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए दलित और शोषित समाज के छोटे से छोटे व्यक्ति का सहयोग बहुत ही जरूरी है।

# भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** भारत ही नहीं विश्व के कई देशों में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। विदेश में रह रहे देश के नागरिक अपने-अपने आवश्यकता अनुसार कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन कर अपनी आस्था को प्रकट कर रहे हैं। वही इसी कड़ी में दुबई अबूधाबी में ग्लोबल अवधि कनेक्ट संस्था द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस अवसर पर संस्था की सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा मंदिर को रोशनी से सजाकर विग्रह की आकर्षक झांकियां सजाई गई। वही जीवंत झांकियां का भी आयोजन किया गया। देर रात तक भजन कीर्तन का दौर चला । बच्चों की कृष्ण के स्वरूप में पूजा की गई । संस्था के संरक्षक रमेश पाठक ने भगवान के जन्मोत्सव पर बधाई गीत गाया । दुबई से सभी देशवासियों को शुभकामनाएं भी प्रदान किया। रात्रि 12:00 बजे के बाद जैसे ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ। जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के जयकारे के साथ लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी।

संस्था के संस्थापक अयोध्या जनपद के विकासखंड तारुन अंतर्गत टकटकवा गांव निवासी विवेक तिवारी ने दूरभाष के जरिए अबू धाबी से बताया कि 50 से ज्यादा आयोजन कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में आयोजित किए गए। जिसमें हरे रामा हरे कृष्णा की मधुर धुनि सुनाई दे रही थी। हो रहे कार्यक्रम के आयोजक अमरेश त्रिपाठी और अर्कजा त्रिपाठी सहित रेनू पाठक, कल्पेश, दिव्या, विक्रम, पटनायक, रत्नाकर, सुधांशु, दिवित, गार्गी, लक्ष्य, युग सहित लोगों ने अबू धाबी में हरे रामा हरे कृष्णा की धुनि प्रवाहित किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से हुआ सुधार, प्रसव काल में जच्चा बच्चा की मौतों में भी आई कमी

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी तेजी से सुधार हुआ है। योगी सरकार ने प्रदेश में मेडिकल कॉलेज व एम्स जैसे बड़े अस्पतालों को बनवाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहिया कराई है। इसके चलते उत्तर प्रदेश में अब बीमारियों से मरने वाले लोगों के आंकड़ों में काफी कमी आई है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद अयोध्या में भी स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार देखने को मिला है। यहां पर राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ गांव में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए गए हैं। जिससे लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं सुलभता से प्राप्त हो रही है। अयोध्या जनपद में भाजपा सरकार के गठन से पहले मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी गई थी। किंतु वर्षों तक निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अधूरा पड़ा था। जिसके चलते लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लखनऊ या अन्य बड़े अस्पतालों में जाना मजबूरी थी। प्रदेश में योगी की सरकार आने के बाद राजर्षी दशरथ महाविद्यालय का निर्माण तीव्र गति से पूरा किया गया। इसके बाद वहां पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाने लगी। आज प्रतिदिन लगभग ढाई से 3000 लोगों को मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। मेडिकल कॉलेज में अब हर प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। जिससे लोगों को अब लखनऊ या अन्य बड़े शहरों में जाने की मजबूरी समाप्त हो गई है। गांव-गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर स्थापित किए हैं। जिसके माध्यम से लोगों को गांव के निकट ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अयोध्या जनपद में लगभग 200 से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए गए हैं। जहां साधारण जांच वह दवा उपलब्ध कराई जाती है। किसी बड़ी बीमारी होने पर मरीज को चिह्नित कर बड़े अस्पतालों को रेफर किया जाता है। इसके अलावा मरीजों को जांच की सुविधा मुहैया कराने के लिए जनपद के छह स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगाए गए हैं। जिसमें लगभग 30 से 35 प्रकार की जांच एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाती है। इससे लोगों को बड़े अस्पतालों में जाकर जांच करने की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने बताया कि वर्तमान समय में बरसात होने के कारण मलेरिया एवं डेंगू का प्रकोप चल रहा है। ऐसे में अयोध्या जनपद में मरीजों को जांच एवं उपचार की पूरी सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया की लगभग 1800 मरीजों की जांच कराई गई है। जिसमें लगभग 61 डेंगू के मरीज मिले हैं। उन्होंने बताया कि वैसे जनपद में मलेरिया के काफी कम ही मरीज मिल रहे हैं। महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए गांव में एएनएम और आशा बहुएं घर-घर जाकर लोगों को दवाएं उपलब्ध कराती हैं। प्रसूता महिलाओं की देखभाल एवं उनके प्रसव तक आशा बहुएं उनकी निगरानी करती हैं। आंगनवाड़ी और आशा बहू व एएनएम मिलकर गर्भवती महिलाओं की देखभाल करती हैं। जिससे प्रसव काल में होने वाली जच्चा बच्चा की मृत्यु दर में काफी कमी आई हैं। आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पोषाहार देकर कुपोषण से बचाव किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में दावों की उपलब्धता है। इसके अलावा डेंगू मरीजों को भर्ती करने के लिए अतिरिक्त वार्ड की व्यवस्था कराई गई है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को पांच लाख रुपए तक का फ्री इलाज दिया जा रहा है। अब अयोध्या जनपद में बीमारियों से मरने वाले लोगों के आंकड़े में काफी कमी आई है। जिले में 14 सीएससी संचालित हो रही है जिसमें योगी सरकार के शासन काल में अयोध्या की जनता को तीन नई सीएचसी मिली हैं और जो सीएससी संचालित हो रही है उनमें कुछ सीएचसी का कायाकल्प भी किया गया।

# जन्माष्टमी पर गौशाला में संपन्न हुआ गौमाता पूजन और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**फिरोजाबाद।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर यमुना किनारे नवनिर्मित गौशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गौमाता पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में आर एस एस के क्षेत्र पदाधिकारी सदर विधायक महापौर ब्लाक प्रमुख सहित गणमान्य लोग शामिल रहे।

जन्माष्टमी महोत्सव पर आयोजित यमुना किनारे गौशाला में मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि जन्माष्टमी के दिन गौसेवा पूजन सौभाग्य की वात है। गौमाता की सेवा सनातन धर्म की प्रथम सीढ़ी है हम सभी का दायित्व और धर्म है कि गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पण सेवा भाव हमेशा रहना चाहिए।

महापौर श्रीमती कामिनी राठौर ने कहा कि गौमाता की सेवा से सभी देवताओं की सेवा होती हैं क्योंकि हमारे धर्म शास्त्रों में गौ माता में सभी देवी देवताओं का वास बताया गया है। सभी लोगों अपने जीवन को सफल बनाने के लिए गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए।

क्षेत्र कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि गौसेवा परम धर्म है। गौ सेवा पूजन से मानव जीवन में सुख शांति रहती है। क्षेत्र विभाग प्रचारक प्रमोद कुमार ने गौ माता हम सब की पूजनीय है गौ सेवा के नाम पर कोरे नारे लगाने से काम नहीं चलेगा। सच्चे मन और हृदय से हमें गौ माता की सेवा करनी चाहिए देश और समाज का कल्याण उसी में निहित है।

कार्यक्रम में वृक्षारोपण पर ब्लॉक प्रमुख सदर डॉक्टर लक्ष्मीनारायण यादव ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं हमें भी उनका संतान की तरह पोषण और संरक्षण देना चाहिए।गौ सेवा प्रांत प्रमुख रमाकांत उपाध्याय ने कहा हमारी संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। जो अपने दूध आदि से नया जीवन यौवन प्रदान करती है। हमारा भी कर्तव्य है माता के समान ही उसकी सेवा करें।

गौ पूजन और वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप पीके जिंदल, हनुमान प्रसाद गर्ग, डॉ मयंक भटनागर,, प्रमोद कुमार गर्ग, वेद प्रकाश अग्रवाल, विष्णु बंसल, द्विजेंद्र मोहन शर्मा, सुमन चंद जैन एडवोकेट, राकेश कुमार शर्मा उमाकांत पचौरी एडवोकेट, सत्यवीर गुप्ता, ऋषि असीजा, सुनील शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील वशिष्ठ, पुरुषोत्तम शर्मा, ओम प्रकाश वार्ष्णेय, राकेश तिवारी, विकास लहरी, प्रशांत वशिष्ठ किशोर अग्रवाल, कन्हैया तिवारी, बृजेश कुमार, अजय मिश्रा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 17 विभागों के स्टॉल लगेंगे, 21 से 25 सितंबर तक होगा आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब ग्रेटर नोएडा में पहला इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित करने जा रही योगी सरकार इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास करेगी। इसके तहत कुल 17 विभागों को आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है। ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए दुनिया भर के 400 से ज्यादा बायर्स ने हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

### ओडीओपी का स्टॉल होगा सबसे बड़ा

इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके ले-आउट प्लान के अनुसार कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इंस्टाल किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल (300 स्क्वायर मीटर) ओडीओपी और सूचना जनसम्पर्क का होगा। हॉल में दो एंट्रेंस होंगे, जिसमें एंट्री के बाद फ्रंट पर यही दोनों स्टॉल आमने-सामने नजर आएंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पादों की श्रंखला रहेगी, जो बायर्स को अपनी ओर आकर्षित करेगी। सूचना जनसम्पर्क के साथ ही 200 स्क्वायर मीटर में पर्यटन व संस्कृति विभाग का स्टॉल होगा, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन से संबंधी योजनाओं व नीतियों के विषय में लोग जान सकेंगे। इसी क्रम में आगे नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग और ऊर्जा विभाग व नेडा का स्टॉल होगा जिसे 100 स्क्वायर मीटर का स्थान मिला है। इसके आगे आवास एवं शहरी नियोजन (95 स्क्वायर मीटर) और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशु धन एवं दुग्ध विकास व मत्स्य विभाग (सभी 50 स्क्वायर मीटर) का स्टॉल होगा। इस रो में सबसे अंत में कृषि विभाग (60 स्क्वायर मीटर) और गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग (50 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे।

### पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए होगी खास व्यवस्था

दूसरी तरफ ओडीओपी के साथ ही 100 स्क्वायर मीटर में पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए स्थान दिया गया है। इसके ठीक बगल में नगर विकास विभाग को भी इतने ही बड़े क्षेत्र में स्टॉल लगाने की मंजूरी मिली है। इसके आगे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (100 स्क्वायर मीटर) और चिकित्सा शिक्षा विभाग (97 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे। इसके बाद आयुष विभाग (100 स्क्वायर मीटर) और खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग (96 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल रहेंगे। इसके बाद अंत में औद्योगिक विकास विभाग (100 स्क्वायर मीटर) और ग्राम विकास विभाग (90 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल नजर आएंगे। उत्पादों को हॉल तक लाने के लिए यहां 4 फ्रेट लिफ्ट के साथ ही स्टोर रूम, सर्विस रूम भी उपलब्ध होंगे।

## कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा, राहुल बोले– जब तक नफरत खत्म नहीं होती, तब तक होगी यात्रा

**लखनऊ।** भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर कांग्रेसियो ने यूपी की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में पदयात्रा निकाली। इस मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि यात्रा का मकसद अभी पूरा नहीं हुआ है। इस यात्रा का मकसद तभी पूरा होगा जब देश के हर वंचित को पूरा न्याय मिलेगा। लखनऊ में शहीद स्मारक से पदयात्रा शुरू होकर झंडेवाला पार्क अमीनाबाद तक जाएगी। जहां सभा होगी। इस सभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय संबोधित कर सकते हैं। इधर वर्षगांठ के मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश जारी किया। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष की महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर राहुल गांधी ने कहा, यात्रा तब तक जारी रहेगी जब तक देश में नफरत खत्म नहीं हो जाती और जब तक भारत एक नहीं हो जाता। पिछले साल 7 सितंबर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल ने 136 दिन में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 4000 किलोमीटर की यात्रा की थी। कांग्रेस नेता ने पहली वर्षगांठ पर यात्रा की कुछ झलकियां एक्स पर साझा की हैं। राहुल ने पोस्ट में लिखा, भारत जोड़ो यात्रा की एकता और प्रेम की ओर बढ़ते करोड़ों कदम देश के बेहतर कल की नींव बन गए हैं। मैं वचन देता हूं कि जब तक नफरत खत्म नहीं हो जाती और देश एक नहीं हो जाता यह यात्रा नहीं रुकेगी। तीन मिनट दस सेकेंड के इस वीडियो में राहुल गांधी की पूरी यात्रा, अलग-अलग राज्यों में उनका दौरा, पैदल मार्च और यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात को दिखाया गया है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल कशिोर के आवास से बंटी के निकलने के एक मिनट बाद वनिय को मारी गई थी गोली



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय राज्यमंत्री के दुबग्गा स्थित आवास से शुक्रवार तड़के चार बजकर सात मिनट पर अरुण प्रताप सिंह उर्फ बंटी के निकलते ही ठीक एक मिनट बाद विनय श्रीवास्तव की गोली मार कर हत्या कर दी जाती है। उधर, पुलिस की बनाई थ्योरी पर विनय के परिवारीजन ने सवाल उठा दिए। जिससे अबतक विनय की हत्या का राज खुल नहीं सका। हत्या का सारा राज एक मिनट में उलझकर रह गया है। इस कारण बंटी के हत्या में शामिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

सीसी कैमरे में दिख रहा है कि विनय तड़के 4:08 बजकर कुछ सेकेंड में ड्राइंग रूम में पहुंचता है। फिर किसी के आवाज देने पर वह वापस कमरे में जाता है, तभी उसे गोली मार दी जाती है। गोली की आवास जुनकर ड्राइंग रूम में रात डेढ़ बजे से सो रहा अजय रावत चौक कर उठता है और वह सीधे कमरे में अंदर भागता है। इसके बाद भी घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी?

### हत्यारोपित ने अंकित वर्मा ने दी थी घटना की जानकारी

केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर को हत्यारोपित ने अंकित वर्मा ने सूचना दी थी। वहीं, कौशल किशोर ने पुलिस को करीब साढ़े चार बजे दी। जिसके बाद दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची। फिर घटनास्थल ठाकुरगंज का होने के कारण ठाकुरगंज पुलिस पहुंची। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विकास राय ने बताया कि सीसी फुटेज समेत सभी बिंदुओं की पड़ताल की जा रही है। आर्म्स एक्ट में आरोपित विकास किशोर के बयान दर्ज हो चुके हैं। विवेचना अभी जारी है।

## भाजपा नेता अपर्णा ने जताई नाराजगी, बोलीं– राजनीति चमकाने के लिए धर्म का इस्तेमाल न करें



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा नेता अपर्णा यादव ने सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेताओं को अपनी राजनीति चमकाने के लिए इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अजर है। अमर है। यह धर्म सर्वे भवंतु सुखिना, सर्वे संतु निरामया... अर्थात सभी का कल्याण करने वाली सोच का प्रचार करता है। हमारे देश में बाहरी आक्रांता आए उन्होंने भी इस धर्म को स्वीकृति दी क्योंकि सनातन धर्म जीवन जीने की एक पद्घति है।

उन्होंने कहा कि सनातन पर टिप्पणी करने वाले लोग अपने ही पूर्वजों का अपमान कर रहे हैं। उन्हें ऐसे बयान नहीं देने चाहिए। अगर किसी और देश में ऐसा होता तो उन पर राजद्रोह का मामला दर्ज हो गया होता।

## मिशन अमृत सरोवर की समय–सीमा बढ़ायी : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** जल संरक्षण व संवर्धन की महत्ता को देखते हुए उत्तर प्रदेश में मिशन अमृत सरोवर की समय-सीमा 15 अगस्त 2024 तक के लिए बढ़ा दी गई है, यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो अमृत सरोवर बनाए जाने का निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया था, और इस हेतु ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों तथा जिलाधिकारी को व्यापक दिशा निर्देश जारी किए गए थे। निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने व अमृत सरोवरों के महत्व व महत्ता के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त मिशन अमृत सरोवर की समय-सीमा बढ़ाई गयी है।

मिशन अमृत सरोवर की समय-सीमा बढ़ाए जाने के साथ ही उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अमृत सरोवर पोर्टल तथा ऐप पर फीड की गई सूचनाओं का सुरक्षित स्थानांतरण करने हेतु पोर्टल एवं ऐप को जारी रखने के लिए ग्राम्य विकास विभाग एवं ठ९ै।ळ के मध्य नियमानुसार एम०ओ०यू०हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने की अपेक्षा ग्राम्य विकास विभाग से की गई है तथा समस्त जिला अधिकारियों/जिला कार्यक्रम समन्वयकों को अमृत सरोवरों के निर्माण मे और अधिक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी द्वारा अमृत सरोवरों के निर्माण मे और अधिक तेजी लाने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं और इसकी नियमित रूप समीक्षा की जा रही है, सम्बंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। अमृत सरोवरो के आसपास वृक्षारोपण भी कराया गया है।अमृत वाटिकाओं में लगाये गये पौधों की नियमित रूप से देखभाल व सुरक्षा करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने जन्माष्टमी के पवित्र त्योहार पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर सांसदों, विधायकों, मंत्रियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे अपने जनपदों में स्थित गौशालाओं में आयोजित होने वाले गोपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर स्थानीय लोगों को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आमजन से यह भी अपील की है कि वह गौ आश्रय स्थल जाकर वहां के गौवंशों को गुड़, केला एवं रोटी खिलाएं और गौमाता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

जन्माष्टमी के पर्व पर जारी एक संदेश में पशुधन मंत्री ने कहा है कि गो माता आदिकाल से सनातन संस्कृति में पूज्यनीय रही हैं। इसलिए, जन्माष्टमी के पर्व पर गोशालाओं में पूरी श्रद्धा के साथ उनका पूजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही गौमाता का विशिष्ट स्थान रहा है और वह हमारे लिए पूजनीय रहीं हैं। इसलिए हम सब को गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संवेदनशील होना चाहिए और हमें अपने बच्चों, परिवार व अन्य लोगो को भी गौमाता के प्रति सम्मान, प्रेम और आस्था बनाये रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## मिशन दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था : विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाएगी योगी सरकार, तैयारी शुरू



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के तहत विधानसभा सचिवालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री ने मानसून सत्र में ही दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की थी। इसका विपक्षी दलों ने समर्थन भी किया था। 36 से 48 घंटे तक चलने वाले आगामी सत्र में सत्ता व विपक्ष के सदस्य अर्थव्यवस्था को पांच वर्षों में दस खरब डॉलर ले जाने पर अपने सुझाव देंगे। सरकार के मंत्री अपने विभाग के स्तर से इस दिशा में चल रही कवायद की जानकारी देंगे। संसदीय कार्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद विशेष सत्र की तिथि घोषित कर दी जाएगी। इस सत्र में आर्थिक जगत से जुड़ी हस्तियों का संबोधन भी हो सकता है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा की एप बनाई जाएगी। इसपर विधानसभा से जुड़ी तमाम जानकारियों के साथ सत्र के संचालन के दौरान एप पर लाइव प्रसारण भी होगा।

### डेलॉयट तैयार कर रही रिपोर्ट

दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की कार्ययोजना तैयार करने के लिए विश्व की जानीमानी एजेंसी डेलॉयट को काम सौंपा गया है। फर्म के प्रतिनिधि प्रदेश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों, कृषि पैदावार, राष्ट्रीय व विदेशी निवेश, औद्योगिक विकास, निजी और सरकारी क्षेत्र में बढ़ रहे रोजगार के अवसर सहित तमाम पहलुओं को ध्यान में रखकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

## सीएम योगी की मंशा के अनुरूप गौ–ग्रास सेवा योजना के तहत अभियान शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों के अनुरूप गोवंशों के भरण पोषण के लिए अभिनव कदम उठाया गया है। शहर के हर नागरिकों को उनके भरण पोषण करने की जिम्मेदारी होगी। गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत शासन ने नई गाइड लाइन तय कर अभियान चलाया जाएगा। हर घर में बनने वाली पहली रोटी, पहला आटे का चोकर गाय के नाम से निकाला जाएगा। गोवंश को गोद लिया जाएगा। इसके लिए गो प्रेमियों को मासिक और सालाना शुल्क देना होगा। इस पैसे से गुड़, सेंधा, नमक, चोकर, हरा चारा खरीदा जाएगा। शहरी इलाकों से लेकर देहात क्षेत्र में अब गोवंशों के भरण पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और गौशाला की आय सृजन के लिए गोमय उत्पादों, बायो गैस कम्पोस्ट खाद, गोमूत्र आदि उत्पादन, बिक्री करने की कार्ययोजना बनी है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 17 विभागों के लगेंगे स्टॉल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब ग्रेटर नोएडा में पहला इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित करने जा रही योगी सरकार इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास करेगी। इसके तहत कुल 17 विभागों को आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है। ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए दुनिया भर के 400 से ज्यादा बायर्स ने हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके ले-आउट प्लान के अनुसार कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इंस्टाल किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल (300 स्क्वायर मीटर) ओडीओपी और सूचना जनसम्पर्क का होगा। हॉल में दो एंट्रेंस होंगे, जिसमें एंट्री के बाद फ्रंट पर यही दोनों स्टॉल आमने-सामने नजर आएंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पादों की श्रंखला रहेगी, जो बायर्स को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

## सावन महीने में कम पी शराब : आबकारी विभाग की आय पर पड़ा असर, अन्य विभागों ने राजस्व प्राप्ति में बनाया रिकॉर्ड

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** कर सुधारों और नीतियों का असर बेहतर राजस्व के रूप में सामने आ रहा है। पिछले अगस्त के मुकाबले इस अगस्त में प्रदेश सरकार के खजाने में 1219 करोड़ से अधिक आए हैं। हालांकि सावन और पुरुषोत्तम मास का असर आबकारी की आय पर पड़ा है। पिछले अगस्त के मुकाबले इस अगस्त में आबकारी राजस्व 19 करोड़ रुपये घट गया। शेष सभी कर व करेतर विभागों ने राजस्व का रिकॉर्ड बनाया। ये जानकारी वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने दी। वे अगस्त में मिले राजस्व का ब्योरा साझा कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 के अगस्त में 13024.44 करोड़ का राजस्व मिला था। वहीं, चालू वित्त वर्ष के अगस्त में 14243.82 करोड़ रुपये राजस्व मिला है। यह पिछले अगस्त की तुलना में 1219.38 करोड़ रुपये ज्यादा है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान जीएसटी और वैट का रहा। स्टांप व निबंधन, परिवहन और भूतत्व व खनिकर्म के अलावा आबकारी भी राजस्व के प्रमुख स्रोत रहे।

### बुनियादी विकास के लिए केंद्र ने दिए 17939 करोड़

खन्ना ने बताया कि यूपी के लिए केंद्र ने विशेष मदद के रूप में 17939 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसमें से 11960 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। इस राशि का उपयोग ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, इंफ्रा, औद्योगिक विकास और गृह विभाग में किया जा रहा है। ये ब्याज मुक्त लोन है, जिसे 50 वर्ष में वापस करना है।

### राजा भरत से बना भारत, इंडिया नहीं

इंडिया और भारत के बीच छिड़े विवाद पर वित्तमंत्री ने कहा कि राजा भरत के नाम से भारत नाम पड़ा है। इंडिया शब्द भारतीय संस्कृति की देन नहीं है। 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' को उन्होंने सही ठहराया। वर्ष 2004 में मुलायम सिंह यादव द्वारा इंडिया को भारत करने के प्रस्ताव से जुड़े सवाल पर कहा, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। घोसी चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा जीत रही है।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार सक्सेना वन एवं वन्यजीव विभाग मुख्यालय स्थित पारिजात कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। वृक्षारोपण जन अभियान-2023 के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य 35 करोड़ के सापेक्ष 36 करोड़ से अधिक पौध रोपित करने पर विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि रोपित पौधों का सिंचन, सुरक्षा व देखभाल कर शत प्रतिशत जीवितता सुनिश्चित करें। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने वन जमा में उपलब्ध धनराशि, विधायक निधि व सी.एस.आर. मद से प्राप्त धनराशि व क्रय किए गए ट्री गार्ड एवं रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु उपयोग किए जा रहे ट्री गार्डों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि मार्गों के किनारे रोपित शत-प्रतिशत पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि व्यापक संपर्क व संवाद स्थापित कर ट्री गार्ड हेतु विधायक निधि, सी.एस.आर. मद व अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त करने हेतु प्रयास किए जाएं।

## बिजली चोरी रोकने, राजस्व बढ़ाने की बनी रणनीति, पावर ऑफिसर एसोसिएशन के साथ प्रबंधन की वार्ता



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन एवं पावर ऑफिसर एसोसिएशन के बीच हुई बैठक में विद्युत निगमों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में बिजली चोरी रोकने, राजस्व बढ़ाने और उपभोक्ता सेवा में सुधार की रणनीति बनाई गई। एसोसिएशन ने प्रबंधन को हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। प्रबंधन ने भी एसोसिएशन की समस्याओं के जल्द निस्तारण का भरोसा दिया।

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल की अध्यक्षता में शक्ति भवन में हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगरौत सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एसोसिएशन ने अपना पक्ष रखा।

एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत निगमों एवं कॉरपोरेशन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राजस्व बढ़ाने, बिजली चोरी कम करने व ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने समेत कई उपाय सुझाए। बैठक में वर्ष 1992, 95 एवं 97 बैच के अभियंताओं की पदोन्नति के मुद्दे पर चर्चा हुई।

मांग की गई कि उनके बंद लिफाफे खोले जाएं। निलंबित अभियंताओं की तत्काल बहाली सहित अन्य मुद्दों के निस्तारण की भी मांग की। कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने एसोसिएशन की मांगों पर सकारात्मक निर्णय का आश्वासन दिया। बैठक में केबी राम, पीएम प्रभाकर, अनिल कुमार, आरपी केन, अजय कुमार, अनिल कुमार, विकासदीप समेत एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## संक्षेप

### विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से की अपील

एटा। शहर के सम्मानित उपभोक्तओ से अपील है। कि विधुत चोरी की शिकायत विधुत मित्र पोर्टल पर अपना नाम / पता / पहचान गुप्त रखते हुए विधुत चोरी की शिकायत दर्ज करवा सकते है। साथ ही साथ अपना विधुत बिल भुगतान तिथि कर सात दिन के भीतर अवश्य कर दे नहीं तो आपका विधुत संयोजन काट दिया जाएगा। विधुत विछेदन की आपिर्य् कार्यवाही से बचे एंव अपना विधुत बिल समय जमा करें।

### नेशनल हाई वे की रखवाली मे लापरवाही, राहगीर हो रहे घायल

जगदीशपुर। मार्ग पर जान लेवा गडढे अमेठी के गांव खेरौना के समीप उभर आए है। सड़क मार्ग के बीचोंबीच मे गडढे मे वाईक, साइकिल, चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। स्कूली छात्राओ को इस समस्या से जूझ रहे है। नौकरी पेशा वाले रात के अन्धेरे मे घायल हो रहे है। सड़क राज्य परिवहन मंत्रालय भारत सरकार की लखनऊ यूनिट के अधिकारी का कहना है कि समस्या अति शीघ्र दूर होगी। शिकायत मिली है।

### नगर आयुक्त ने अटल पार्क का किया निरीक्षण

फिरोजाबाद। आगरा मंडल की आयुक्त के दौरे को लेकर नगर निगम सतर्क हो गया है नगर आयुक्त ने गुरुवार को नगर निगम की सारी व्यवस्थाएं सुधारने के साथ अटल पार्क का निर्देशन किया और आवश्यक निर्देश दिए। गौर तलब है आगरा मंडल की आयुक्त रितु माहेश्वरी के आगमन की सूचना मिलते ही नगर निगम प्रशासन सतर्क हो गया है गुरुवार को नगर आयुक्त घनश्याम मीणा ने नगर निगम का निरीक्षण कर वहां उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारी को व्यवस्थाओं में सुधार करने के साथ सारे अभिलेख पूर्ण रखने के निर्देश दिए वहीं उन्होंने अटल पार्क का निरीक्षण कर सारी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिए उनके साथ अपरायुक्त तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी साथ थे।

### भारत जोड़ो यात्रा के 1 वर्ष पूर्ण होने कांग्रेसियों ने निकाली रैली

फिरोजाबाद। जिलाध्यक्ष कांग्रेस सन्दीप तिवारी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया राहुल गांधी नए 7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया था कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर यात्रा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर उनके द्वारा पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा निकालने के आवाहन के क्रम में आज 7 सितंबर को कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो यात्रा रैली निकाली इस रैली का शुभारंभ रसूलपुर स्थिति डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क से किया गया यह रैली नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई गांधी पार्क पहुंच कर संपन्न हुई इसमें धर्म सिंह यादव एडवोकेट पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस नारे राहुल गांधी जिंदाबाद सोनिया गांधी जिंदाबाद प्रियंका गांधी जिंदाबाद आदि के नारेलगाते हुए साथ चल रहे थे जिला प्रभारी आशुतोष दीक्षित, जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी,एन एस यू आई जिलाध्यक्ष यश दुवे आगे नालबंद पुलिस चौकी से महानगर अध्यक्ष साजिद वेग उनके साथी, चल रहे थे गांधी पार्क में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया।

### उपचार के दौरान वृद्ध ने तोड़ा दम

फिरोजाबाद जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती एक वृद्ध ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया स्वास्थ्य कर्मियों ने शवको बिछेदन ग्रह में रखवा दिया है थाना रसूलपुर के नींबू वाला बाग निवासी 60 वर्षीय सत्य प्रकाश पुत्र माधोराम को उपचार के लिए बुधवार की रातसरकारी ट्रांमा सेंटर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे एचडीयू वार्ड में रेफर कर दिया जहां उसका उपचार चल रहा था उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया परिवार का कोई सदस्य पास में न होने के कारण उसके सबको विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है।

### ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत

फिरोजाबाद। जनपद के दोअलग–अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो युवकों की ट्रेन से कट कर मौत हो गई पुलिस शवोको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

थाना दक्षिण के सुहाग नगर निवासी 38 वर्षीय बंटी पुत्र प्रेमपाल गिलास की पैंटी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था वह बुधवार की रात घर से यह कहकर चला गया कि मैं थोड़ी देर में लौट कर आ रहा हूं इसके बाद वह घर नहीं लौटा वह मोहल्ला मुरली नगर के समीप रेलवे लाइन पर पहुंच गया और ट्रेन से कटकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली परिजन इस घटना से अनभिज्ञ रहे काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की बाद में उन्हें पता चला एक युवक की मुरली नगर के समीप ट्रेन से कटकर मौत हुई है तब वह मौके पर पहुंचे देखा तो मृतक बंटी ही था सबको देख परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर इलाका पुलिस पहुंच गई वह देर रात सबको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है वही थाना मक्खनपुर के गांव रूपसपुर के समीप थाना शिकोहाबाद के आरोज निवासी 30 वर्षीय अश्विनी पुत्र मायाराम की की ट्रेन से कट कर मौत हो गई पुलिस उसके भी शवको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव उनके संबंध परिजनों के सपोर्ट कर दिये है।

### नगर में धूमधाम से निकला चेहल्लुम का जुलूस

शिकोहाबाद। नगर में चेहल्लुम का जूलूस धूमधाम के साथ निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में कटरा बाजार स्थित नवी चौक पर एकत्रित हुए। यहां से जुलूस एटा तिराहा, पक्का तालाब, तहसील तिराहा, स्टेट बैंक होते हुए रुकनपुर पहुंचा। यहां से मैनपुरी तिराहा होते हुए नवी चौक पर ही पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में सामिल लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे। चेहल्लुम जुलूस नौशे नवी के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस के प्रारंभ होने से पूर्व आयोजक सिमित के लोगों ने समाजसेवी और ताजिए व अलम दारों का स्वागत किया। बैंड बाजेवाले बैंड बजाते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू–मुस्लिम समाज के लोगों ने शबर्त और अन्य पेय पदार्थ वितरित किये। इस अवसर पर मोहम्मद आसिफ, नौशे नवी, फरीद अहमद, राजीव गुप्ता, शेखर अग्रवाल, अशोक कुमार, करण सिंह, पप्पू नेताजी, गोलू चड्ढा, अरुण गुप्ता, मोईन, उमरदीन ठेकेदार, सोनी गंभीर, इसरार अहमद, जॉनी गुप्ता, अतुल गुप्ता, मुस्लिम कुरैशी और मोहसीन के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम विवेक मिश्रा, सीओ देवेंद्र प्रताप, प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा, एसडीओ मनोज कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्ष गांठ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकली पद यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** जिला कांग्रेस कार्यालय एटा मे उत्तर प्रदेश के सचिव प्रभारी एटा मुनेद्र पाल सिंह राजपूत एवं आनंद बघेल युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव एटा प्रभारी आनंद बघेल मुख्य अतिथि के रूप मे यात्रा मे रहे। यात्रा जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे विचार गोष्ठी के बाद कांग्रेस कार्यालय से जी टी रोड,घंटा घर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा,शुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा हाथी गेट होते हुये वापस कांग्रेस कार्यालय पर पद यात्रा का समापन किया। विचार गोष्ठी का संचालन मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट ने किया।

मुनेद्र पाल सिंह राजपूत जिला प्रभारी ने कहा की आज जननायक श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में हुई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ है। 145 दिवसीय यात्रा कन्याकुमारी से शुरू हुई, 4081 किलोमीटर, 12 राज्यों और 2 UTs को कवर करते हुए कश्मीर में समाप्त हुई। युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी आनंद बघेल ने कहा की इस यात्रा को पूरे देश में जबरदस्त प्यार मिला! भारत को एकजुट करने के लिए किसान से लेकर युवा, महिलाएं, बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक श्री राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए।गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष ने कहा की राहुल जी ने विभिन्न वर्गों के लोगों से बातचीत की, उनके मुद्दों को समझा और उनकी आकांक्षाओं को आवाज दी। आज भी राहुल जी लगातार लोगों के बीच जा रहे हैं, उनके मुद्दों को उठा रहे हैं। यात्रा जारी है...। ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने कहा की आइए, हम देश की एकता और शांति के लिए काम जारी रखें, मोहब्बत की दुकानें खोलें, लोगों की आवाज़ को उठायें और भारत जोड़ो मुहिम को बुलंद करें! तरा राजपूत AICC, चौब सिंह धनगर प्रदेश महासचिव सेवा आरुनेश गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेसी सेवा दल,महेंद्र सिह राजपूत PCC, एकेश लोधी पूर्व जिला अध्यक्ष, रामकुमार् सक्सेना पीसीसी , प्रवेश राजपूत कार्यकारी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, आकाश तिवारी जिला अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघठन,संतोष गौतम एडवोकेट जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ,उमेश राजपूत जिला अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ,बसीम सलमानी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक, राजेंद्र यादव जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, मोहम्मद तसब्बूर जिला अध्यक्ष शोशल मीडिया ने भी समोधित किया। इस अवसर पर मुनेद्र पाल सिंह राजपूत, आनंद बघेल,गंगा सहाय लोधी, ठाकुर अनिल सोलंकी, तारा राजपूत, नैना शर्मा एडवोकेट पीसीसी, भगवान स्वरूप प्रजापति, संजीव गुप्ता सेवा दल, नीलमा राज, इंदु सम्राट, बेबी रानी गीरी,चौब सिंह धनगर, एकेश लोधी, प्रवेश राजपूत, आकाश तिवारी, सुभाष सागर पूर्व सभासद, उमेश राजपूत, जावेद अली, नौसाद अली, लल्ला भाई, जितेंद्र राना, देवेंद्र सिंह राजपूत, मधुरकान्त कश्यप, अशोक पालीवाल, गजेंद्र बघेल, सर्वेश पांडये, आदि।

# अजब गजब : लॉकर में रखे छह लाख के नोट खा गए दीमक

**गाजियाबाद।** एक महिला ने कोविड के दौरान छह लाख रुपये के नोट अपने बैंक लॉकर में सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जमा करवाए थे जिन्हें लॉकर में ही दीमक खा गए। यह शिकायत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में आई थी जिसपर आयोग के अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन ने फैसला सुनाया है और केनरा बैंक को 60 दिन के अंदर करेंसी के जो नोट दीमक लगने से खराब हुए, उनके मूल्य का आकलन करके परिवादिनी को देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आयोग ने मानसिक क्षतिपूर्ति और परिवाद व्यय के रूप में भी धनराशि अदा करने का निर्देश दिया है।राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी सोसायटी में रहने वाली महिला प्रीती कंसल ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में एक दिसंबर वर्ष 2022 में शिकायत पंजीकृत कराया था। उन्होंने शिकायत की थी कि शास्त्रीनगर स्थित केनरा बैंक और नवयुग मार्केट स्थित केनरा बैंक में उनका लॉकर है जिसमें कोरोना के दौरान उनको ससुर के छह लाख के नोट सुरक्षा की दृष्टि से लॉकर में रखे थे। 17 अक्तूबर 2022 को जब वह अपने पति के साथ लॉकर देखने गईं और जब उन्होंने बैंक का सेफ खोला तो उसमें दीमक लगे थे जिससे जो नोट सेफ में रखे थे उसको नुकसान पहुंचा था।इस मामले में तुरंत उनके पति ने ब्रांच मैनेजर को इसकी सूचना दी। ब्रांच मैनेजर ने निरीक्षण किया और पाया कि लॉकर के अंदर दीमक लगे थे। उन्होंने ब्रांच मैनेजर को पत्र लिखकर इस घटना की पूरी जानकारी देते हुए जिन नोटो पर नंबर थे उनको बदलने की मांग की गई लेकिन मैनेजर ने मना कर दिया। बाद में परेशान होकर यहां वाद दायर किया गया। प्रवीण कुमार जैन ने बताया कि परिवादिनी ने सभी साक्ष्य, शपथ पत्र के साथ उपलब्ध कराए थे जिसमें फोटो, विडियो, सीडी दाखिल किया गया था। परिवारिणी ने अपने दिए गए साक्ष के आधार पर पैसों की वापसी की गुहार लगाई थी।

# इंदिरापुरम में धड़ल्ले से चल रहा था देह व्यापार, छापे में संचालक और मैनेजर गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूर**

**इंदिरापुरम।** कोतवाली क्षेत्र के शक्तिखंड - 4 में आबादी के बीच किराए के मकान में चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने बुधवार शाम छापा मारकर भंडाफोड़ किया है। बागपत के धनौरा गांव में रहने वाले दंपती इस व्यापार को कर रहे थे। पुलिस की दो टीम ने मौके से संचालक और मैनेजर का गिरफ्तार किया है। मौके से टीम ने एक महिला और दो युवती को धर कर रजिस्टर व नकदी बरामद की है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि संचालक आदित्य पांचाल ने दो साल पहले कालोनी के ही रहने वाले युवक से 12 हजार रुपये महीने पर मकान किराए पर लिया था। उसकी पत्नी और एक बेटा भी है। शुरुआत में उसने पत्नी के नौनिहाल में मोबाइल की दुकान खोली थी। वहां से कुछ समय बाद काम बंद करके दंपती ने देह व्यापार का काम शुरू कर दिया। इसके लिए दोनों ने दिल्ली के गौरव आनंद को मैनेजर रखा था। दंपती गौरव को देह व्यापार के आधार पर पैसे देते थे। बुधवार शाम इंदिरापुरम पुलिस ने छापे की कार्रवाई की तो संचालक आदित्य की पत्नी और अन्य युवक भाग गए जबकि मैनेजर गौरव व आदित्य को दबोच लिया। अंदर कमरे में जाने पर दो युवतियां व एक महिला आपत्तिजनक हालत में मिलीं। एसीपी का कहना है कि देह व्यापार में संचालक की पत्नी भी पूरा सहयोग करती है। उसने अपने बेटे को टीलामोड़ थाना क्षेत्र में एक रिश्तेदार के घर छोड़ा हुआ था जिस समय घर में अनैतिक का काम नहीं होता था तो दंपती बेटे को रिश्तेदार के घर से ले आते थे। टीम ने मौके से 2500 रुयये, एक रजिस्टर और अन्य सामान कब्जे में लिया है।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे धूमधाम के साथ मनाई गई

**फिरोजाबाद।** ब्रह्माकुमारीसेंटर से जुड़े भाई बहनों ने धार्मिक समारोह में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया। इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्मकथा तथा नंदोत्सव पर संगीतात्मक झांकी निकाली गयी। इस झांकी का उदघाटन ओएनजीसी के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर डॉ प्रभास्कर राय, सरिता दीदी एवं डॉ उत्कर्ष अग्रवाल, डॉ विवेक अग्रवाल के जी ने किया साथ ही प्रमात्म प्रदर्शनी भी लगायी गयी। पूर्व विधायक राकेश बाबू, उनकी पत्नी किरण, डॉ शैली गुप्ता व अनेक गणमान्यों ने झांकी के दर्शन किये व स्वरूपों की आरती की। इस मौके पर सरिता दीदी ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वे परमपिता परमात्मा शिव से सहज राजयोग की शिक्षा प्राप्त की एवं ईश्वरीय शक्ति से सम्पन्न हुए। तभी से सभी लोग उनका पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ गुणगान करने लगे।

# विकास, निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कर विभागों को हैंडोवर करें, लेटलतीफी पर ठेकेदार पर करें कार्यवाही : डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के विकास कार्यक्रमों की माह अगस्त 2023 तक की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि जनपद में 50 लाख से अधिक की लागत के अन्तर्गत समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, जलेसर में रोडबेज डिपो, अतरंजीखेड़ा के जीर्णोद्धार कार्य सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूर्ण करें जिससे कि उनका लोकार्पण कराया जा सके। अतरंजीखेड़ा जो कि बौद्ध पर्यटन स्थल है, इसमें जो भी कार्य कराया जा रहा है उसे गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, इसे पर्यटन स्थल के रूप में बेहतर ढंग से बिकसित करना है। डीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओ में दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है, उन्हें विशेष अभियान के तहत समय से पूर्ण कर हैंडोवर की कार्यवाही की जाए। जल जीवन मिशन के तहत कार्य में तेजी लाएं, साथ ही जल निगम द्वारा शहर में सड़क खोदने के उपरान्त पूर्व से बेहतर सड़क का निर्माण कराया जाए, जिससे कि आवागमन सुचारू हो सके और क्षेत्रीय लोगों को कोई समस्या न आए। निराश्रित गौवंशों को नजदीकी गौआश्रय स्थलों में पहुंचाएं, पशुओं के एफएमडी टीकाकरण की कार्यवाही में तेजी लाएं। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत सभी बच्चों, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराया जाए, इस कार्य में लापरवाही बरतने पर आशा, एएनएम पर कार्यवाही करें। बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, आंगनवाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प डीपीआरओ द्वारा आपसी सामंजस्य स्थापित कर अतिशीघ्र सभी पैरामीटर पूर्ण किए जाएं। श्रमिकों का जिले में अभियान चलाकर शतप्रतिशत पंजीयन करने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रगति में तेजी लाएं। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आईजीआरएस के सम्बन्ध में एक रजिस्टर बनाये जिस पर शिकायतों व उनके निस्तारण का विवरण दर्ज करें, साथ ही विभागाध्यक्ष प्रत्येक निस्तारण का फीडबैक भी प्राप्त करें।

# जी–20 समिट : आज से 10 सितंबर तक सुबह 4 बजे से चलेगी मेट्रो



**गाजियाबाद।** 11 सितंबर से सभी मेट्रो लाइन से सामान्य समय के अनुसार मेट्रो का संचालन किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान तीन दिन सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर सभी मेट्रो स्टेशन आम जनता के लिए खुले रहेंगे। दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 8 से 10 सितंबर तक सभी लाइनों पर मेट्रो का संचालन सुबह 4 बजे से शुरू होगा। सुबह 6 बजे तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर मेट्रो का संचालन होगा। सुबह 6 बजे के बाद, सभी लाइनों पर मेट्रो पूरे दिन सामान्य समय सारिणी के अनुसार चलेंगी।सूत्रों के अनुसार जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सुरक्षा, कानून और व्यवस्था, यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जनता, पुलिसकर्मियों और अन्य सहायक एजेंसियों के कर्मचारियों की सुविधा के लिए मेट्रो संचालन में बदलाव किया गया है। 11 सितंबर से सभी मेट्रो लाइन से सामान्य समय के अनुसार मेट्रो का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान तीन दिन सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर सभी मेट्रो स्टेशन आम जनता के लिए खुले रहेंगे, जहां सुरक्षा बाधाओं के कारण 9 और 10 सितंबर को यात्रियों को चढ़ने और उतरने की अनुमति नहीं होगी।बसों का संचालन अन्य दिनों की तरह सामान्य रूप से ही किया जाएगा। गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधन केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कश्मीरी गेट, आनंद विहार, सराय कांले खां से रोडवेज बसों का संचालन सामान्य रहेगा। इस दौरान बस अड्डा बंद करने या बसों पर प्रतिबंध का कोई आदेश नहीं आया है। सभी बस अड्डा से बसों का संचालन सामान्य रहेगा।

### गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक, एक और बच्चे पर हमला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। घटना कल सुबह की है जब कुत्ते ने एक बच्चे को नोच डाला। सुबह छह बजे घर में घुसकर कुत्ते के हमले के दौरान बच्चा जोर-जोर से चिल्लाया तो परिजनों ने बाहर आकर उसे छुड़ाया। कुत्ते के काटने से 14 साल के किशोर की मौत के एक दिन बाद ही विजयनगर क्षेत्र के ही मिर्जापुर में लावारिस कुत्ते ने डेढ़ साल के बच्चे अदीब पर हमला कर उसे नोंच डाला। सुबह छह बजे घर में घुसकर कुत्ते के हमले के दौरान बच्चा जोर-जोर से चिल्लाया तो परिजनों ने बाहर आकर उसे छुड़ाया। किराए पर रहने वाले वसीम का डेढ़ साल का बेटा अदीब मंगलवार सुबह करीब छह बजे घर की गैलरी में खड़ा था। उसकी मां तरन्नुम ने बताया कि वह नहा रही थीं। इसी दौरान कुत्ता आया और गैलरी में खड़े अदीब पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उसके एक हाथ को बुरी तरह जख्मी कर दिया।

# तमंचा, और कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 07.09.2023 को उ0नि0 राजेश कुमार दीक्षित थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान ग्राम मुड़ियापुर मजरे किशुनदासपुर के पास अलीगंज की ओर से एक स्कूटी सवार दो व्यक्ति दिखाई दिये जो पुलिस वालों को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली से घेरकर पकड़ लिया गया । उक्त दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम सुरेश पासी पुत्र स्व0 हरीराम पासी निवासी ग्राम पूरे भवन मजरे रुदौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष व दूसरे ने अपना नाम पवन सिंह उर्फ गोपाले पुत्र स्व0 राम अभिलाष सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष बताया । जामा तलाशी से अभियुक्त सुरेश पासी के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस व अभियुक्त पवन सिंह के कब्जे से 01 अदद बोरी में 19 लोहे के एंगल के टुकड़े, 01 लोहा काटने की आरी व 02 अदद आरी के ब्लेड बरामद हुये। उक्त स्कूटी के कागज मांगने पर दिखा न सके। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों ने मिलकर कुछ दिन पूर्व जहाजपुरी गांव से खेत की सुरक्षा हेतु लगाये गये एंगलों को आरी की सहायता से काटकर चोरी कर लिये थे व बाद में कुछ दूर पर खेत में छिपा दिया था । आज चोरी के सामान को मौका पाकर हम लोग अपने घर ले जा रहे थे जहां इन्हें फेरी करने वाले कबाड़ी को बेचने वाले थे। अभियुक्त सुरेश पासी जनपद अमेठी से जिलाबदर अभियुक्त है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# जिला समन्वयक ने दिलाई विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिरसागंज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। हर वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कु अल्तिशा, रोली यादव, शिवानी यादव, संयुक्ता, सोनाली, स्नेहा बघेल, अवन्तिका, संध्या, शालिनी , उर्वशी, भूमि गुप्ता, तनवी जादौन, वर्षा, रितिक बघेल, रोहित राजपूत, अनुज कुशवाह, रितिक कुशवाह, आयुष, शिवम, मोहन, अयाज, आशीष कुमार, कृष्णा, ब्रजमोहन, महेन्द्र सिंह, शुभम जादौन, मोहन, अली हसन, अनुराग, रोहन, शोभित, विकल्प शर्मा, अमन, अनीश खान, राज खान, लोकेश यादव, प्रवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सांसद खेल प्रतियोगिता 17 सितंबर से : विजय गुप्ता

**» स्मृति ईरानी द्वारा आयोजित करायी जा रही है प्रतियोगिता**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** खेलेगा युवा- जीतेगी अमेठी के संकल्प के साथ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सांसद अमेठी स्मृति इरानी अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित कराएंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को होगा और यह प्रतियोगिता 08 अक्टूबर तक चलेगी।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि स्मृति अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए उत्थान सेवा संस्थान के माध्यम से सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही है। सभी खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का 08 सितंबर से 10 सितंबर तक सभी विधान सभा क्षेत्रों में निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा। ग्रामीण स्तर पर बोलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

विद्यालय स्तर पर रंगोली, शतरंज, भाषण, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार के साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।अपने संसदीय क्षेत्र में स्मृति लगातार ऐसे आयोजनों के जरिए युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं।

# 'भारत जोडो यात्रा' की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आह्वान पर उतर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने यूपी मे 'भारत जोडो यात्रा' पहली वर्षगांठ पर जश्न मनाया। प्रदेश के अमेठी जिले मे' जुडेगा भारत जीतेगी इण्डिया' के गगन भेदी नारे कांग्रेसी नेताओ ने लगाये।

कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल, कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल,किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता पाण्डेय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य राज कुमार यादव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह, कांग्रेस छात्र संगठन जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र,कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष राम बरन कश्यप, कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जुन पासी, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सैय्यद मोहम्मद हुसेन, कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव बैजनाथ तिवारी,कांग्रेस जिला सचिव पवन दूबे, कांग्रेस जिला महासचिव वीरेंद्र कुमार मिश्र, कांग्रेस महासचिव एव मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, ब्लाक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल, मनीषा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जायस, ब्लाक कांग्रेस मुसाफिरखाना अध्यक्ष राजू ओझा, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष डा देव मणि तिवारी,सूर्यभान सिंह, संजय यादव, बलराम वर्मा, ब्लाक प्रमुख शाहगढ सदाशिव यादव, पूर्व विधायक राधेश्याम कनौजिया, कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी, कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कलावती मौर्य,डा नरेंद्र मिश्र, धर्मेंद्र शुक्ल,नगर पंचायत अमेठी पूर्व अध्यक्ष जरीना बानो, कांग्रेस प्रवक्ता डा अरविन्द कुमार चतुर्वेदी, नगर पंचायत मुसाफिर खाना पूर्व अध्यक्ष कमला तिवारी, कांग्रेस नेता दिवाकर पाण्डेय, अशोक कुमार शुक्ल पूर्व प्रधान, संजय सिंह, कांग्रेस जिला सचिव दीपक आर्या, कांग्रेस जिला सचिव मोहम्मद आसिफ,कांग्रेस अल्पसंख्यक बिधान सभा अध्यक्ष मोहम्मद फारूक अहमद बाबर, पीसीसी किरन देवीआदि नेताओ ने 'भारत जोडो यात्रा' की प्रथम वर्षगांठ पर पदयात्रा गौरीगंज जिला मुख्यालय पर निकाली। कांग्रेस की पदयात्रा का नेतृत्व कांग्रेस प्रदेश सचिव फरहान वारसी ने किया।

कांग्रेस नेताओ और कार्यकर्ताओ ने जश्न मनाया। कांग्रेस जिन्दाबाद के नारे खूब लगे। जुडेगा भारत जीतेगा इण्डिया के नारे पर लोगो गगन भेदी नारे लगाए। ।शहर की मुख्य सडको पर जुडेगा भारत और जीतेगी इण्डिया के नारे सड़क पर खडे शहर वासी और राहगीरो ने लगाए। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी के अमेठी से चुनाव लडने की मांग कार्यकर्ताओ और नेताओ ने खूब उठाई। तथा अमेठी दौरे की मांग किया।

# 'विपक्ष को सनातन धर्म नष्ट करने पर नहीं, भारत नाम पर आपत्ति', मंत्रिपरिषद की बैठक में मोदी का तंज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत बनाम इंडिया और उदयनिधि के सनातन धर्म विरोधी बयान के मामले में विपक्ष पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा, संविधान देश को भारत कहने की आजादी देता है, मगर विपक्ष को इस पर आपत्ति है। इसी विपक्ष को अपने नेता की सनातन धर्म को नष्ट करने की धमकी में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगता।



पीएम मोदी ने बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में कहा कि देश को भारत कहने का अधिकार हमें संविधान देता है, मगर क्या यही संविधान किसी को सनातन धर्म को समूल नष्ट करने की धमकी देने का अधिकार देता है? विपक्ष के इस दोहरे मापदंड को देश देख रहा है। ऐसा बयान पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हमें इस मामले में कड़ा प्रतिरोध दर्ज कराते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा करना चाहिए।

पीएम मोदी ने भारत नाम पर विपक्ष के एतराज पर आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा, सदियों से देश का नाम भारत है। ऐसे में विपक्ष की आपत्ति समझ से परे है। समझ में नहीं आता कि विपक्ष को भारत पर आपत्ति क्यों है? हालांकि इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा, इंडिया बनाम भारत मामले में अधिकृत मंत्री ही सरकार का पक्ष रखें। प्रधानमंत्री ने सनातन विरोधी वक्तव्य के मामले में सभी मंत्रियों को खुलकर विरोध जताने की न सिर्फ इजाजत दी, बल्कि ऐसा करने का आह्वान भी किया।

### वीआईपी संस्कृति से परहेज...रात्रिभोज में शामिल होने बसों से जाएंगे मंत्री-मुख्यमंत्री

पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़े मेहमानों के लिए राष्ट्रपति की ओर से आयोजित रात्रिभोज में मंत्रियों-मुख्यमंत्रियों को बस से पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, मंत्री व मुख्यमंत्री पहले संसद भवन परिसर में एकत्र होंगे और वहां से बस से रात्रिभोज स्थल जाएंगे।

पीएम ने सम्मेलन के दौरान सभी मंत्रियों को दिल्ली में ही रहने और इस दौरान वीआईपी सुविधाओं से परहेज करने के लिए भी कहा।

### उत्तराखंड, हिमाचल को औद्योगिक विकास के लिए 1,164 करोड़

कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के लिए औद्योगिक विकास योजना (आईडीएस) के लिए 1,164.53 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इससे 774 पंजीकृत इकाइयां करीब 48,607 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजन कर सकेंगे।

# 'यात्रा जारी है, जब तक नफरत खत्म नहीं हो जाती', राहुल गांधी ने देश की जनता से किया ये वादा

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने की आज पहली वर्षगांठ है। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में नफरत खत्म होने तक यात्रा जारी रहेगी। राहुल गांधी ने भाजपा जोड़ो यात्रा शुरू होने का एक साल पूरा होने पर कहा कि 'एकता और प्रेम की ओर भारत जोड़ो यात्रा के करोड़ों कदम देश के बेहतर कल की नींव बन गए हैं।'



सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि 'यात्रा जारी है- जब तक नफरत खत्म नहीं हो जाती, जब तक भारत एकजुट नहीं हो जाता। यह मेरा वादा है।' राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 4000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। इस दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक बैठकें की, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाएं और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से राहुल गांधी की छवि एक परिपक्व नेता की बनी है। इससे पहले राहुल गांधी की राजनीतिक प्रतिबद्धताएं सवालों के घेरे में रहती थीं लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के बाद से राजनीतिक रूप से राहुल गांधी एक गंभीर नेता के तौर पर उभरे हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई हस्तियों और प्रमुख लोगों ने उनसे मुलाकात की। इनमें कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसी फिल्म और टीवी हस्तियां भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। इनके अलावा पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) दीपक कपूर, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास समेत कई लेखक और पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन आदि भी राहुल गांधी के साथ दिखाई दिए। राजनीति जगत से फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती, आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत जैसे नेता भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए।

# 'जितनी चाहें उतनी एफआईआर दर्ज करने दें, फर्क नहीं पड़ता,' प्रियांक खरगे का बीजेपी पर पलटवार



**बेंगलुरु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने भी पिछले दिनों सनातन धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के साथ में प्रियांक खरगे भी बीजेपी के निशाने पर आ गए।

गुरुवार (7 सितंबर) को मंत्री प्रियांक खरगे ने अपने ऊपर किए जा रहे हमलों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मेरा बयान किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं था। मैंने कहा था कि जो भी धर्म इंसानों के बीच भेदभाव करता है, वह धर्म नहीं है। मैं संविधान को मानता हूं, मेरा धर्म संविधान है। अगर वे चाहें तो मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सकते हैं या वे मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं, यह उनके ऊपर निर्भर है, मुझे वास्तव में परवाह नहीं है।'

### 'ये लोग कन्नड़, हिंदी या अंग्रेजी नहीं समझते हैं'

उन्होंने आगे कहा, 'ये लोग कन्नड़, हिंदी या अंग्रेजी नहीं समझते हैं। मैंने केवल इतना कहा है कि संविधान मेरा धर्म है। क्या बीजेपी को इससे कोई समस्या है? उन्हें जितनी चाहें उतनी एफआईआर दर्ज करने दें, वे ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं।'

### प्रियांक खरगे ने क्या कहा था?

बता दें कि प्रियांक खरगे ने कहा था कि कोई भी धर्म जो समान अधिकार नहीं देता है, वह धर्म नहीं है और बीमारी के समान है। वह सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए ये बातें कहीं थीं।

# कर्नाटक में 'चावल' को लेकर बीजेपी-कांग्रेस में रार! बात 'नीच' तक आई, क्या बोले केंद्रीय मंत्री?

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में गरीबों को चावल देने की बात पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच तकरार इतनी बढ़ गई है कि अब बात 'नीच' कहने तक आ गई है। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर कर्नाटक को चावल नहीं देने का आरोप लगाया। इसको लेकर सीएम सिद्धारमैया ने मोदी सरकार को गरीब विरोधी बताया।

सीएम सिद्धारमैया के बयान पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पलटवार किया है। दरअसल, सीएम सिद्धारमैया ने एक सभा में कहा, ₹चुनाव से पहले मैंने कहा था कि मैं राज्य के लोगों को जो चावल मिल रहा है उससे 5 किलो अतिरिक्त चावल दूंगा, क्योंकि पिछली सरकार ने मुफ्त चावल घटाकर सिर्फ 5 किलो कर दिया था।' उन्होंने कहा, 'हमने फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को लिखा है कि हम उनसे चावल खरीदेंगे।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ, जयराम रमेश बोले- जनता की चिंता सुनने का अवसर मिला

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने बताया कि यह राहुल गांधी के लिए 'मन की बात' जैसा भाषण अभ्यास नहीं बल्कि जनता की चिंता सुनने का अवसर था, जो अभी भी विभिन्न रूपों में जारी है। यह यात्रा भारतीय राजनीति में परिवर्तनकारी साबित हुआ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा इस यात्रा ने बढ़ती आर्थिक असमानताओं, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और गहराते राजनीतिक अधिनायकवाद पर ध्यान केंद्रित किया।



एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, 'आज कन्याकुमारी से कश्मीर तक आजियत किए जाने वाले भारत जोड़ा यात्रा की पहली वर्षगांठ है। यह मन की बात जैसा भाषण अभ्यास नहीं बल्कि जनता की चिंता सुनने का अवसर था।' उन्होंने आगे कहा, 'अपने पिता को श्रीपेरुमबुदुर में श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल, तिरुवल्लुवर प्रतिमा, कामराज मेमोरियल और गांधी मंडपम का दौरा किया। वह गांधी मंडपम से हिंद महासागर के किनारे कन्याकुमारी में एक बड़ी सार्वजनिक रैली को संबोधित करने गए।'

यात्रा का समापन इस साल 30 जनवरी को हुआ, इस दौरान राहुल गांधी ने 12 पब्लिक मीटिंग, 100 नुक्कड़ मीटिंग और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस किए। इसके अलावा राहुल गांधी ने छात्रों, ट्रक ड्राइवरों, किसानों और फार्म कार्मचारियों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने मणिपुर की यात्रा भी की। कई विशेषज्ञों का मानना है कि इस यात्रा ने जनता के सामने राहुल गांधी की छवि को बदल दिया। अपनी 4000 किलोमीटर की यात्रा में राहुल गांधी अपने समर्थकों के साथ-साथ विरोधियों का भी ध्यान खींचने में कामयाब रहे। इस यात्रा में पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल एल रामदास, पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम भी शामिल हुए। विपक्षी नेता नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी, संजय राउत और राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने भी इस यात्रा में विभिन्न समय पर राहुल गांधी के साथ दिखे।

# 'जब तक एक-एक भक्त इस धरती पर जीवित है ...' उदयनिधि के बयान पर स्मृति ईरानी का पलटवार

**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म के खिलाफ एक टिप्पणी की थी। उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की। उदयनिधि के इस बयान से देश में हंगामा खड़ा हो गया। भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले पर उदयनिधि स्टालिन के जरिए विपक्षी गुट आई.एन.डी.आई.ए. को घेरा।

इसी बीच बुधवार को दिल्ली के द्वारका में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्मृति ईरानी ने कहा कि जिन लोगों ने सनातन धर्म को चुनौती दी है उनकी कानों तक हमारे स्वर पहुंचे कि जब तक एक-एक भक्त इस पुण्य धरती पर जीवित है तब तक कोई ऐसी नहीं जो हमारे धर्म और आस्था को चुनौती नहीं दे सकता है। इसके बाद उन्होंने 'कृष्ण कन्हैया लाल का जय की' उद्घोषणा की।

बता दें कि आई.एन.डी.आई.ए. गुट में डीएमके एक बड़ा घटक दल है। वहीं, उदयनिधि के इस बयान पर कांग्रेस ने चुप्पी साध ली। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाए कि कांग्रेस और विपक्षी दल सनातन धर्म को खत्म करना चाहते हैं। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक ने कहा कि ये विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं।

इसी बीच बुधवार को जन्माष्टमी के अवसर पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी इस मामले पर अप्रत्यक्ष तौर पर विपक्ष पर निशाना साधा। बता दें कि इस मामले पर पीएम मोदी ने भी बुधवार को कैबिनेट बैठक के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कैबिनेट बैठक में कहा कि इस मामले में हमें सही से जवाब देना चाहिए। पीएम ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान करके विपक्ष फंस चुका है और विपक्ष में बेचैनी साफ दिख रही है।

# मेडिकल खर्च के दावों पर 100% कैशलेस निपटान, एनएचई में अधिक अस्पतालों को शामिल करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी है तो जल्द ही आप पूरी तरह कैशलेस इलाज करा सकते हैं। भारतीय बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण (इरडाई) इस संबंध में योजना बना रहा है। जल्द ही सारे चिकित्सा खर्च के दावों का 100 फीसदी कैशलेस निपटान शुरू हो सकता है। इसके लिए नियामक स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम कर रहा है। अभी कैशलेस दावा प्रक्रिया थकाऊ है। बीमा कंपनियां तमाम मदों के नाम पर कुल बिल से 10 फीसदी या अधिक कटौती करती हैं। अधिकांश अस्पताल कैशलेस की मंजूरी नहीं देते हैं। इरडाई चेयरमैन देबाशीष पांडा ने बुधवार को मुंबई में फिनटेक कार्यक्रम में कहा, नियामक इसके लिए नेशनल हेल्थ एक्सचेंज में अधिक अस्पतालों को शामिल करने को बीमा परिषद व राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण संग मिलकर काम कर रहा है।

# शिवसेना ने उदयनिधि स्टालिन के बयान से किया किनारा, संजय राउत बोले- देश में 90 करोड़ हिंदू हैं

**मुंबई।** डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए बयान पर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। विपक्षी गठबंधन के साथी ही इस मुद्दे पर उदयनिधि स्टालिन का समर्थन नहीं कर रहे हैं। बता दें कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने डीएमके नेता के बयान से किनारा कर लिया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा है कि किसी की भी धार्मिक मान्यताओं को आहत नहीं किया जाना चाहिए।



उदयनिधि के बयान पर संजय राउत ने कहा कि 'मैंने बयान सुना है... उदयनिधि स्टालिन एक मंत्री हैं और कोई भी उनके इस बयान का समर्थन नहीं करेगा और इस तरह के बयानों से बचना चाहिए। यह डीएमके का और उदयनिधि स्टालिन का निजी विचार हो सकता है लेकिन इस देश में 90 करोड़ हिंदू भी रहते हैं, साथ ही अन्य धर्मों को मानने वाले लोग भी रहते हैं। उनकी धार्मिक मान्यताओं को आहत नहीं किया जाना चाहिए।' हालांकि इस दौरान संजय राउत ने डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन पर तीखा हमला बोलने से परहेज किया।

### उदयनिधि स्टालिन के बयान पर मचा है हंगामा

बता दें कि बीते दिनों चेन्नई में सनातन उन्मूलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हम उसका विरोध नहीं कर सकते। हमें मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस आदि का विरोध नहीं करना चाहिए। इन्हें खत्म करना चाहिए। सनातन धर्म भी ऐसा ही है। हमें इसका विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इसे खत्म करना चाहिए। सनातन, समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है।

भाजपा ने उदयनिधि स्टालिन के बयान को लेकर पूरे विपक्षी गठबंधन को कोसना शुरू कर दिया। वहीं उदयनिधि स्टालिन के बयान को समर्थन भी मिल रहा है। कांग्रेस नेता और कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने भी स्टालिन के बयान का समर्थन किया। वहीं डीएमके सांसद ए राजा ने भी स्टालिन के बयान का समर्थन किया और कहा कि सनातन की तुलना एचआईवी और कुष्ठ रोग जैसे सामाजिक कलंक वाली बीमारियों से की जानी चाहिए।

# अनुराग ठाकुर बोले- राहुल की नफरत की दुकान में नेता नफरती सामान बेच रहे, भाजपा नेताओं ने विपक्ष को घेरा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं आज ईश्वर से कामना करता हूं कि इन घमंडिया गठबंधन (INDIA) के नेताओं का घमंड थोड़ा कम कर दे। इनकी सोच में थोड़ा सुधार कर दे और इन्हें सद्बुद्धि दे, क्योंकि इनका घमंड इन्हें नीचले स्तर के बयान देने पर मजबूर करता है कि वे हिंदुओं और सनातन का अपमान करते हैं। राहुल गांधी की नफरत की दुकान में उनके नेता नफरती सामान बेच रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि जिन लोगों ने 'सनातन धर्म' के बारे में भारत की संस्कृति और सभ्यता के बारे में ऐसी टिप्पणियां की हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए। देश और सभी भारतीय इस तरह के बयानों से निराश हैं और मुझे लगता है कि उन्हें लोगों के सामने जवाब देना होगा।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि INDIA गठबंधन जिस तरीके से सनातन धर्म पर टीका टिप्पणी कर रहा है, वो अनुचित है। इसकी जितनी निंदा की जाए वो कम है। देश को विनाश के पथ पर ले जाना, सनातन धर्म को नष्ट करना, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार व्यापक करना ही इस गुट (INDIA गठबंधन) का असली चेहरा है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया और कांग्रेस पार्टी ने PM मोदी को 'नीच' बोलने के प्रयास किया है। इससे पहले भी मणिशंकर अय्यर ने ऐसा कहा था। प्रधानमंत्री मोदी गरीब परिवार से आते हैं। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि जिस कुर्सी पर प्रधानमंत्री मोदी बैठे हैं, वो गांधी परिवार की है।

# भारत के सौर मिशन आदित्य एल1 ने ली सेल्फी, इसरो ने सोशल मीडिया पर साझा की अद्भुत तस्वीर




**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के सौर मिशन आदित्य एल1 ने एक सेल्फी ली है। इस सेल्फी में आदित्य एल1 के कई उपकरण दिखाई दे रहे हैं। इसरो ने सोशल मीडिया पर इसे साझा किया है। यह सेल्फी आदित्य एल1 में लगे कैमरे में कैद हुई है। आदित्य एल1 को दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। 128 दिन की अंतरिक्ष की यात्रा पूरी करने के बाद आदित्य एल1 पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर लैग्रेंजियन पॉइंट के हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। आदित्य एल1 पर लगे पेलोड सूरज की रोशनी, प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करेंगे।

लैग्रेंजियन पॉइंट पर हेलो ऑर्बिट में स्थापित सैटेलाइट को कई फायदे हैं। दरअसल यहां से बिना किसी रुकावट के लगातार सूरज पर नजर रखी जा सकती है। यहां से सूरज पर होने वाली गतिविधियों और इसके अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जाएगा। आदित्य एल1 पर लगे पेलोड सूरज की फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और सूरज की सबसे बाहरी परत कोरोना के बारे में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और चुंबकीय क्षेत्र की मदद से अध्ययन करेंगे। आदित्य एल1 के सात पेलोड में से चार लगातार सूरज पर नजर रखेंगे, वहीं बाकी तीन पेलोड लैग्रेंजियन पॉइंट पर मौजूद अणुओं और वहां के हालात का अध्ययन करेंगे।

# 'सीमा पर आधारभूत संरचना के मामले में दो-तीन वर्षों में हम चीन से आगे होंगे'

**नई दिल्ली।** सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी के अनुसार दो से तीन साल या शायद चार साल में हम सीमाओं पर सड़कों, पुलों, सुरंगों और हवाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के मामले में चीन से बहुत आगे होंगे।

सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक ने कहा, '12 सितंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू क्षेत्र जा रहे हैं और हमारी 90 परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे, जिनमें 22 सड़कें, 63 पुल, अरुणाचल में एक सुरंग और दो रणनीतिक हवाई क्षेत्र, बागडोगरा और बैरकपुर और दो हेलीपैड, एक राजस्थान में और एक लद्दाख में ससोमा-सेसर ला के बीच शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'दिसंबर तक हम 60 अन्य परियोजनाओं को पूरा करेंगे।' लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने कहा कि इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी और संख्या 150 से 160 होगी। उन्होंने कहा कि इसलिए यह राष्ट्र के लिए एक महान क्षण है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में इतनी सारी परियोजनाएं बनाई जा रही हैं और यह हमारी सेना के सुरक्षा मैट्रिक्स को मजबूत कर रही है ताकि वे यथासंभव आगे तैनात हो सकें और किसी भी महत्वपूर्ण स्थिति पर नजर बनाकर रख सकें। सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी कहते हैं, '... दो से तीन साल या शायद चार साल में हम सड़कों, पुलों, सुरंगों और हवाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सीमाओं पर चीन से बहुत आगे होंगे।' सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने कहा, '12 सितंबर को 90 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है। इनमें से 26 लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं। हमारा ध्यान पूरी तरह से इन दो राज्यों पर है और हम इन दो राज्यों में बहुत आगे हैं और बहुत तेजी से परियोजनाओं का काम आगे बढ़ा रहे हैं ताकि वास्तव में चीन से मुकाबला किया जा सके।

# 'मोदी ध्यान भटकाने...' : उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर दिए अपने बयान पर पेश की सफाई

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए गए कथित विवादित बयान पर लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है। भाजपा नेताओं समेत कई लोग विरोध दर्ज करा रहे हैं। इस बीच, उदयनिधि ने सफाई दी है। उन्होंने गुरुवार को भगवा पार्टी के नेताओं पर उनके बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया और इस संबंध में सभी मामलों का कानूनी रूप से सामना करने की कसम खाई है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा हमला बोला। कहा कि वह मणिपुर हिंसा पर सवालों का सामना करने से डरते हुए दुनिया भर में घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों से आपके (भाजपा) सभी वादे खोखले हैं। तमिलनाडु के मंत्री ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार के खिलाफ पूरे देश एकजुट होकर सवाल उठा रहा है कि उन्होंने हमारे कल्याण के लिए क्या किया है? उदयनिधि ने कहा कि मोदी एंड कंपनी ध्यान भटकाने के लिए सनातन चाल का इस्तेमाल कर रही है। भाजपा नेताओं ने टीएनपीडब्ल्यूएए सम्मेलन में मेरे भाषण को 'नरसंहार भड़काने' वाला बता दिया। वे इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक हथियार मानते हैं।

मंत्री ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री फर्जी समाचार के आधार पर मेरे खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पता है कि मेरे खिलाफ गलत अफवाहें फैलाने के लिए मुझे ही उनके खिलाफ आपराधिक मामले दायर करने चाहिए। लेकिन मैं यह भी जानता हूं कि यह उनके सत्ता में बचे रहने का तरीका है। वे नहीं जानते और किस तरीके से इसे बचाया जा सकता है। इसलिए मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। तमिलनाडु के दिग्गज दिवंगत नेता और द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम पार्टी के संस्थापक कांजीवरम नटराजन अन्नादुरै के राजनीतिक उत्तराधिकारियों में से एक उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हर कोई जानता है कि हम किसी भी धर्म के दुश्मन नहीं हैं।

उन्होंने कहा मैं धर्मों पर अन्नादुरै की टिप्पणी उद्धृत करना चाहूंगा जो आज भी प्रासंगिक है। यदि कोई धर्म लोगों को समानता की ओर ले जाता है और उन्हें भाईचारा सिखाता है, तब मैं भी एक अध्यात्मवादी हूं। उन्होंने कहा कि अगर कोई धर्म लोगों को जातियों के नाम पर बांटता है, अगर वह उन्हें छुआछूत और गुलामी सिखाता है तब मैं धर्म का विरोध करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा उन्होंने कहा कि डीएमके उन सभी धर्मों का सम्मान करती है जो सिखाते हैं कि सभी लोग समान हैं। उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि इनमें से किसी के बारे में जरा भी समझ के बिना, थिरु मोदी एंड कंपनी संसदीय चुनावों का सामना करने के लिए पूरी तरह से इस तरह की बदनामी पर निर्भर हैं।